नालयिरा दिव्य प्रबंधम्

तिरूवायमोळी (सहस्रगीति चतुर्थ)

नम्माळवार

संकलन

श्रीकृष्ण प्रपन्नाचारी

समर्पण

श्रीमद्भगवतो प्राकुंशाचार्यजी महाराज

श्रीमते रामानुजाय नमः

परिचय

शान्तानन्तमहाविभूति परमं यद्ब्रह्मरूपं हरेः
मूर्तं ब्रह्म ततोऽपि तत्प्रियतरं रूपं यदत्यद्भुतम् ।

श्री वैष्णव दिव्य देश की कुल संख्या **108** मानी गयी है। दिव्य देश के मन्दिरों में नारायण हरि के भिन्न भिन्न अर्चारूप हैं। इन अर्चा विग्रहों की प्रशस्ति **12** आळवार संतों द्वारा स्वतः स्फूर्त हृदयोद्गार से की गयी है और इन सबों के संकलन को दिव्य प्रबंधम् कहते हैं। इसमें कुल चार हजार पाशुर या छंद हैं इसलिये इसे नालयिरा दिव्य प्रबंधम् कहते हैं। मूल पाशुर तमिल में हैं। कालक्रम में इनका लोप हो गया था परंतु श्री नाथमुनि के अथक परिश्रम से नम्माळवार की कृपा हुई और ये पुनः प्राप्त हुए। बोलचाल की भाषा में सुविधा के लिये इस संकलन को चार भागों में बांटा गया है एवं हर भाग को सहस्रगीति कहते हैं।हालांकि नम्माळवार का तिरूवाय्मोळि को भी केवल सहस्रगीति से संबोधित किया जाता है क्योंकि सारे **24** प्रवंधों में यह सर्वोत्तम महत्व वाला प्रबंध है। दिव्य प्रबंधम् में संकलित सारे **24** प्रबंधों का एक विहंगम अवलोकन नीचे के वर्णिका से किया जा सकता है।

संकलन	आळवार	प्रबंध	पाशुरों की संख्या रीति 1	पाशुरों की संख्या रीति 2
प्रथम सहस्रगीति मुदल आयिरम	पेरियाळवार (विष्णुचित्त स्वामी)	1पेरियाळवार तिरूमोळी	1 से 473	1 से 473
	आंडाल	2 तिरूप्पावै	474 से 503	474 से 503
		3 नाच्चियार तिरूमोळी	504 से 646	504 से 646
	कुलशेखराळवार	4 पेरूमाल तिरूमोळी	647 से 751	647 से 751
	तिरूमळिशैयाळवार (भक्तिसार स्वामी)	5 तिरूच्चन्दविरूत्तम	752 से 871	752 से 871
	तोंडरादिप्पोडियाळवार (भक्ताङ्घ्रिरेणु स्वामी)	6 तिरूमालै	872 से 916	872 से 916
		7 तिरूप्पळ्ळियळुच्चि	917 से 926	917 से 926
	तिरूप्पाणाळवार	8 अमलनादिपिरान्	927 से 936	927 से 936
	मधुरकवियाऴवार	9कण्णिनुण् शिरूत्ताम्बु	937 से 947	937 से 947
द्वितीय	तिरूमङ्गैयाळवार	10 पेरिया तिरूमोळि	948 से 2031	948 से 2031

सहस्रगीति इरान्दाम आयिरम		11 तिरूक्कुरून्दाण्डगम्	2032 से 2051	2032 से 2051
		12 तिरूनेडुन्दाण्डगम्	2052 से 2081	2052 से 2081
तृतीय सहस्रगीति मून्राम आयिरम (इयर्पा)	पोय्गैयाळवार	13 मुदल् तिरूवन्दादि	2082 से 2181	2082 से 2181
	भूदत्ताळवार	14इराण्डाम् तिरूवन्दादि	2182 से 2281	2182 से 2281
	पेयाळवार	15 मून्राम तिरूवन्दादि	2282 से 2381	2282 से 2381
	तिरूमळिशैयाळवार (भक्तिसार स्वामी)	16नान्मूगन तिरूवन्दादि	2382 से 2477	2382 से 2477
	नम्माळवार	17 तिरूविरूत्तम	2478 से 2577	2478 से 2577
		18 तिरूवाशिरियम	2578 से 2584	2578 से 2584
		19 पेरिया तिरूवन्दादि	2585 से 2671	2585 से 2671
	तिरूमङ्गैयाळवार	20 तिरूवेळुकूट्रिरूक्कै	2672	2672
		21 शिरिय तिरूमडल	2673 से 2710	2673
		22 पेरिय तिरूमडल	2711 से 2790	2674
	तिरूवरङ्गत्तमुदनार	23 इरामानुश नुट्रन्दादि	2791 से 2898	-
चतुर्थ सहस्रगीति नान्गाम आयिरम	नम्माळवार	24 तिरूवाय्मोळि	2899 से 4000	2675 से 3776

ऊपर के वर्णिका में एक और ध्यान देने योग्य बात है कि प्रबंध संख्या **23** जो रामानुज नुट्रन्दादि है यह आळवारों की रचना नहीं है और यह रामानुज स्वामी के शिष्य मुदनार की कृति है जिसे सुनकर स्वामीजी ने अपने जीवनकाल में इसकी स्वीकृति दे दी थी। नित्यानुसंधानम में प्रायः इसका पाठ तिरूवाय्मोळि के बाद किया जाता है।

पाशुरों की गणना की संख्या की भी दो रीतियां प्रचलित हैं। रीति **2** में 'शिरिय तिरूमडल' तथा 'पेरिय तिरूमडल' जो कमशः प्रबंध **21** एवं **22** हैं के पाशुरों को समेकित रूप से एक एक ही माना गया है जबकि पाठ

के वस्तु सामग्री तथा उनके कम में कोई अंतर नहीं है। प्रबंध **23** यानी रामानुज नुट्रन्दादि को कोई पाशुर की गिनती में नहीं रखा जाता है।इस तरह से प्रबंध **24** तिरूवायमोळी की गिनती **2675** से शुरू कर कुल **1102** पाशुरों को लेने पर दिव्य प्रबंधम् के कुल समेकित पाशुर **3776** होते हैं।

पाशुरों को पहचानने की एक और रीति है जो शतक एवं दशक की संख्या से संबोधित होती है। जैसे कि तिरूवायमोळी में दस शतक हैं एवं प्रत्येक शतक में **10** दशक हैं तथा एक दशक में **11** पाशुर हैं। दूसरे शतक का सातवां दशक **13** पाशुरों का है क्योंकि यह भगवान के **12** नामों के लिये है और प्रत्येक नाम पर एक पाशुर है तथा अंतिम पाशुर फलश्रुति है। इसतरह से प्रत्येक दशक में अंतिम पाशुर जो ग्यारहवां पाशुर है फलश्रुति का है। शतक दशक पाशुर की रीति में अगर कोई कहता है **2**।**7**।**3** देखिये तो इसका अर्थ हुआ कि **2**रे शतक के **7**वें दशक का **3**रा पाशुर है। यह रीति ज्यादा प्रचलित है जो 'तिरूवायमोळी' के अतिरिक्त 'पेरयिा आळवार तिरूमोळी' तथा 'पेरिया तिरूमोळी' के पाशुरों को पहचानने में भी उपयोग में लाया जाता है। यह विदित है कि श्री विष्णुचित्तस्वामी वाले 'पेरयिा आळवार तिरूमोळी' में **5** शतक हैं तथा श्री परकाल स्वामी वाले 'पेरिया तिरूमोळी' में **11** शतक हैं जबकि नम्माळवार वाले 'तिरूवायमोळी' में **10** शतक हैं। यह देखा जा सकता है कि ऊपर के तीन प्रबंधों के पेज के कमांक में प्रत्येक पेज के पादप में पाठकों की सुविधा के लिये शतक एवं दशक की संख्या भी दिया हुआ है।

दिव्य प्रबंधम का हिन्दी में सरल भावार्थ श्रीमान् सुन्दर कीदम्बी द्वारा तैयार किया हुआ देवनागरी लिपि के पाशुरों को उपयोग में लाते हुए किया गया है। इसके लिये श्रीमान् के सदा आभारी हैं जिनकी अनुमति इस तरह के कैंकर्य के लिये दास को मिल चुकी है। देवनागरी में उपलब्ध पाशुरों को श्रीमान् के www.prapatti.com से लिया गया है। एक बार फिर अपना आभार श्रीमान् द्वारा किये गये महान कैंकर्य के लिये प्रकट करते हैं कि देवनागरी में पाशुरों को न उपलब्ध रहने पर इस तरह के कैंकर्य की कल्पना करने का साहस नहीं किया जा सकता था। इसके अतिरिक्त श्रीमान् से अन्य महत्वपूर्ण वेब साईट का लिंक भी प्राप्त हुआ जिससे दास का मनोबल बहुत ऊंचा हुआ। श्रीबरदराज स्वामी से श्रीमान् के ऊत्तरोत्तर प्रगति के लिये प्रार्थना है।

तिरूमला तिरूपति देवस्थान द्वारा अंग्रेजी में सात खंडों में प्रकाशित '**108** वैष्णव दिव्य देशम' जो डा॰ सुश्री एम एस रमेश आई ए एस की कृति है को दिव्य देशम के वर्णन के लिये उपयोग में लाया गया है । उपयुक्त जगहों पर इसके खंड एवं पेज का संदर्भ ब्रैकेट में दिया गया है। सुश्री रमेश एवं ति ति देवस्थानम को विनम्र आभार प्रकट करते हैं।

डा॰ एस जगतरक्षण का 'नालयिरा दिव्यप्रबंधम्' जिसकी अंग्रेजी टीका श्री राम भारती द्वारा की गयी है हिन्दी के इस कैंकर्य में बड़ा ही सहायक हुआ है। डा॰ एस जगतरक्षण का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

भगवान देवराज वरदराज स्वामी की कृपा से कांचीपुरम में परम विद्वान श्री कोईल अन्नन स्वामी से बड़ा मनोबल बढ़ा और दास आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। पेरूमाल कोईल कांचीपुरम के श्रीनम्माळवार

सन्निधि के स्वामी टी ए भास्यम् ने दिव्य देशम का सद्यः स्वानुभूत ज्ञान से लाभ करा कर इस कैंकर्य को बड़ा सुगम बना दिया। हृदय से आपका आभार प्रकट करते हैं।

दिव्य प्रबंधम् के चार सहस्रगीतियों का यह चौथा भाग तिरूवायमोळी का है जो सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय भाग स्वतंत्र रूप से पूर्व में समर्पित किये जा चुके हैं।

विनीत दास

श्रीकृष्ण प्रपन्नाचारी
कांचीपुरम
21 जुलाइ 2011

उच्चारण संकेत

www.praptti.com से लिये देवनागरी लिपि वाले मूल पाशुर के उच्चारण का अपना नियम है जो साभार नीचे दिया जा रहा है।

Attention: New letters have been introduced to facilitate reading Tamil texts in Devanaagarii. Distinction has been made between certain short and long consonants that do not exist in Devanaagarii. For e.g., नॆ and ने should be treated with the same distinction as that exists between नि and नी. The letters ऎ and ए, and ऒ and ओ, should be treated in the same way. The letter ऴ denotes the *za* in Tamil. For e.g., *aazvaar* would be written as आऴ्वार् in Devanaagarii. There is a subtle difference between ऱ and र, however, they can be pronounced in the same way. Also note that ट्ऱ sounds almost like ट्र, ट्ऱि like ट्रि, and so on. The consonant-cluster न्ऱ is pronounced somewhere between न्र and न्ड्र. It is, however, colloquially acceptable to pronounce the clusters ट्ऱ and न्ऱ as त्त and न्न, respectively.

श्रीमते रामानुजाय नमः

॥ तिरुवाय्मॊऴि त्तनियन्गळ् ॥

नाथमुनिगळ् अरुळिच्चॆय्ददु

भक्तामृतं विश्वजनानुमोदनम्
सर्वार्थदं श्रीशठकोपवाङ्मयम्।
सहस्रशाखोपनिषत्समागमम्
नमाम्यहं द्राविडवेदसागरम्॥

ईश्वरमुनिगळ् अरुळिच्चॆय्ददु

तिरुवऴुदि नाडॆन्ऱुम् तॆन् कुरुगूर् एन्ऱुम्⋆
मरुविनिय वण्पॊरुनल् एन्ऱुम्⋆ –अरुमऱैगळ्
अन्दादि शॆय्दान् अडियिणैये एप्पॊऴुदुम्⋆
शिन्दियाय् नॆञ्जे! तॆळिन्दु

शॊट्टै नम्बिगळ् अरुळिच्चॆय्ददु

मनत्तालुम् वायालुम् वण् कुरुगूर् पेणुम्⋆
इनत्तारैयल्ला दिऱैञ्जेन्⋆ –तनत्तालुम्
एदुम् कुऱैविलेन् एन्दै शडगोबन्⋆
पादङ्गळ् यामुडैय पट्रु

अनन्दाळ्वान् अरुळिच्चॆय्ददु

एय्न्दपॆरुङ्गीर्त्ति इरामानुसमुनि तन्⋆
वाय्न्दमलर् प्पादम् वणङ्गुगिन्ऱेन्⋆ –आय्न्द पॆरुम्
शीरार् शडगोबन् शॆन्दमिऴ् वेदम् तरिक्कुम्⋆
पेराद उळ्ळम् पॆऱ

भट्टर् अरुळिच्चेय्दवै

वान् तिगळुम् शोलै मदिळरङ्गर् वण् पुगळ्मेल्*
आन्र तमिळ्मरैगळ आयिरमुम्* -ईन्र
मुदळाय् शडगोबन् मॊय्म्बाल् वळर्त्त*
इदत्ताय् इरामुनुसन्

मिक्क इरैनिलैयुम् मॆय्याम् उयिर्निलैयुम्*
तक्क नॆरियुम् तडैयागित्तॊक्कियलुम्*
ऊळ्विनैयुम् वाळ्विनैयुम् ओदुम् कुरुगैयर् कोन्*
याळिनिशै वेद त्तियल्

॥ नम्माळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥

1 उयर्वर (2899 – 2909)

आत्म उपदेशम्

(सर्वेसर्वा प्रभु से शुद्ध ज्ञान की प्राप्ति)

‡उयर्वर् उयर् नलम्* उडैयवन् यवन् अवन्* मयर्वर मदि नलम्* अरुळिनन् यवन् अवन्* अयर्वरुम् अमरर्गळ्* अदिबदि यवन् अवन्* तुयररु शुडरडि* तॊळुदॆळॆन् मनने ! ॥१॥	उठो ! हे ह्रदय ! आपकी पूजा करो जो उच्चतम से भी उच्चतर हैं।सदा जाग्रत स्वर्गिकों के नाथ हैं। सभी शंका का निवारण कर शुद्ध ज्ञान देते हैं। **2899**
मनन् अग मलम् अर* मलर् मिशै एळुदरुम्* मनन् उणर्वळविलन्* पॊरियुणर्ववै इलन्* इनन् उणर् मुळु नलम्* एदिर् निगळ् कळिविनुम्* इनन् इलन् एनन् उयिर्* मिगुनरै इलने॥२॥	आप ह्रदय को शुद्ध कर इसे प्रस्फुटित करते हैं एवं वृद्धि कराते हैं। आप विचार अनुभव एवं इन्द्रियों से परे हैं। आप शुद्ध चैतन्य सर्वथा योग्य एवं शाश्वत हैं। कोई अन्य आपसे वरीय एवं योग्य नहीं है आप सब जीवों में हैं। **2900**
इलन् अदुवुडैयन् इदु* एन निनैवरियवन्* निलनिडै विशुम्बिडै* उरुविनन् अरुविनन्* पुलनॊडु पुलन् अलन्* ऒळिविलन् परन्द* अन्-नलन् उडै ऒरुवनै* नणुगिनम् नामे॥३॥	आप 'यह हैं' 'वह नहीं हैं' की तरह नहीं सोचे जा सकते।आप चैतन्य एवं जड़ हैं। आप ऊंचे में है तथा नीचे में हैं। आप इन्द्रियों में हैं लेकिन उनसे ही नहीं हैं तथा अंतहीन है। अच्छे वाले को खोजें जो सर्वत्र हैं। **2901**

<table>
<tr><td>नाम् अवन् इवन् उवन्⋆ अवळ् इवळ् उवळ् एवळ्⋆
ताम् अवर् इवर् उवर्⋆ अदुविदुवुदुवॆदु⋆
वीम् अवै इवै उवै⋆ अवै नलम् तीङ्गवै⋆
आम् अवै आयवै आय्⋆ निन्ऱ अवरे॥४॥</td><td>आप नर की तरह हैं ‘वहां’ ‘यहां’ ‘बीच में’ । आप मादा की तरह हैं ‘वहां’ ‘यहां’ ‘बीच में’ एवं ‘कहीं भी’। आप वस्तुएं हैं ‘वहां’ ‘यहां’ ‘बीच में’ एवं ‘कहीं भी’। आप ‘अच्छे’ ‘बुरे’ ‘उदासीन’ एवं सबके भूत काल तथा भविष्य काल हैं। 2902</td></tr>
<tr><td>अवरवर् तमदमदु⋆ अऱिवऱि वगैवगै⋆
अवरवर् इऱैयवर्⋆ एन अडि अडैवर्गळ्⋆
अवरवर् इऱैयवर्⋆ कुऱैविलर् इऱैयवर्⋆
अवरवर् विदिवऴि⋆ अडैय निन्ऱनरे॥५॥</td><td>जो जैसा उचित समझता है वैसी पूजा करे।प्रत्येक अपने देवता के चरण को पायेगा। हमारे प्रभु जो सर्वोपरि हैं अन्य देवों को अर्पित पूजा को स्वीकार कर उस देवता को वैसा ही फल देने का निदेश करते हैं। 2903</td></tr>
<tr><td>निन्ऱनर् इरुन्दनर्⋆ किडन्दनर् तिरिन्दनर्⋆
निन्ऱिलर् इरुन्दिलर्⋆ किडन्दिलर् तिरिन्दिलर्⋆
एन्ऱुमॊर् इयल्विनर्⋆ एन निनैवरियवर्⋆
एन्ऱुमॊर् इयल्वॊडु⋆ निन्ऱवॆन्दिडरे॥६॥</td><td>हमारे प्रभु शाश्वत रूप से अपरिवर्तनशील हैं। खड़े बैठे सोये एवं घूमते हुए। खड़े नहीं, बैठे नहीं, सोये नहीं, एवं नहीं घूमते हुए। सदा एक तरह एवं सदा वैसा नहीं। 2904</td></tr>
<tr><td>तिड विशुम्बॆरि वळि⋆ नीर् निलम् इवै मिशै⋆
पडर् पॊरुळ् मुऴुवदुमाय्⋆ अवै अवैदॊऱुम्⋆
उडल् मिशै उयिर् एन⋆ क्करन्दॆङ्गुम् परन्दुळन्⋆
शुडर् मिगु शुरुदियुळ्⋆ इवैयुण्ड शुरने॥७॥</td><td>वेदों के प्रभु जिन्होंने ब्रह्मांड को निगल लिया अग्नि पृथ्वी जल आकाश एवं वायु के रूप में प्रकट हुए। इन सबों से निर्मित आप सब वस्तुओं में हैं। जीवन की तरह छिपे हुए सब शरीर में आप हैं। 2905</td></tr>
<tr><td>शुरर् अऱिवरु निलै⋆ विण् मुदल् मुऴुवदुम्⋆
वरन् मुदलाय् अवै⋆ मुऴुदुण्ड पर परन्⋆
पुरम् ऒरु मून्ऱॆरित्तु⋆ अमरर्क्कुम् अऱिवियन्दु⋆
अरन् अयन् एन⋆ उलगऴित्तमैत्तुळने॥८॥</td><td>जबकि आप सर्वत्र हैं पर दिखते नहीं, यहां तक कि देवों को भी नहीं।आप प्रथम कारण हैं तथा सर्वशक्तिमान हैं एवं सबों को आपने निगल लिया।आपने तीन नगरों को जलाकर देवों को बुद्धि प्रदान की। आप ही ब्रह्मा स्रष्टा हैं एवं विनाशक शिव भी। 2906</td></tr>
<tr><td>उळन् एनिल् उळन् अवन्⋆ उरुवम् इव्वुरुवुगळ्⋆
उळन् अलन् एनिल् अवन्⋆ अरुवम् इव्वरुवुगळ्⋆
उळन् एन इलन् एन⋆ इवै कुणम् उडैमैयिल्⋆
उळन् इरु तगैमैयॊडु⋆ ऒऴिविलन् परन्दे॥९॥</td><td>क्या कहेंगे, आप हैं, तब आप हैं, एवं यह सब आप हैं। मानो कि आप नहीं हैं, फिर भी आप हैं सबों में रूपविहीन चैतन्य की तरह। इन दो गुणों ‘है’ एवं ‘नहीं हैं’ के साथ आप सब वस्तुओं में हैं, सर्वत्र हैं एवं सदा के लिये हैं। 2907</td></tr>
<tr><td>परन्द तण् परवैयुळ्⋆ नीर्दॊऱुम् परन्दुळन्⋆
परन्द अण्डम् इदॆन⋆ निल विशुम् ऒऴिवऱ⋆
करन्द शिल् इडन्दॊऱुम्⋆ इडन्दिगळ् पॊरुळ् तॊऱुम्⋆
करन्दॆङ्गुम् परन्दुळन्⋆ इवैयुण्ड करने॥१०॥</td><td>जिन्होंने सबों को निगल लिया आप शीतल सागर में शयन करते हैं।हर बूंद में हैं, ब्रह्मांड में हैं, संपूर्ण हैं, पृथ्वी पर हैं, आकाश में हैं, हर अणु एवं परमाणु में सदा के लिये सब जगह छिपे हैं। 2908</td></tr>
</table>

‡कर विशुम्बॅरि वळि⋆ नीऱ् निलम् इवै मिशै⋆ वरनविल् तिऱल् वलि⋆ अळि पॅऱैयाय् निन्ऱ⋆ परन् अडिमेल्⋆ कुरुगूर् च्चडगोबन् शॊल्⋆ निरनिऱै आयिरत्तु⋆ इवै पत्तुम् वीडे॥११॥ ॥ नम्माळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	कुरूगुर शडगोपन से विरचित हजार पद का यह दशक प्रभु के बारे में है जो अग्नि में ताप की तरह पृथ्वी में भार की तरह जल में शीतलता की तरह आकाश में शक्ति की तरह एवं वायु में शब्द की तरह हैं। जो इसका पाठ करते हैं वे मुक्त हो जाते हैं। **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

<table>
<tr><td colspan="2">

श्रीमते रामानुजाय नमः

2 विडुमीन् (2910 - 2920)

उलगिर्कु उपदेशम् (भक्ति से प्रभु को प्राप्त करने का परामर्श देते हैं)

</td></tr>
<tr><td>वीडुमिन् मुट्रवुम्⋆ वीडुशॆय्दु⋆ उम्मुयिर्
वीडुडै यानिडै⋆ वीडुशॆय्म्मिने॥१॥</td><td>सब चीज छोड़कर अपनी आत्मा नियंता के जिम्मे सुपुर्द कर दो एवं उनका संरक्षण स्वीकार करो। 2910</td></tr>
<tr><td>मिन्निन् निलैयिल⋆ मन्नुयिर् आक्कैगळ्⋆
एन्नुम् इडत्तु⋆ इरै उन्नुमिन् नीरे॥२॥</td><td>तड़ित से भी क्षणिक इस शरीर का जीवन काल है। इस पर तनिक देर स्वयं सोच लो। 2911</td></tr>
<tr><td>नीर् नुमदॆन्रिवै⋆ वेर् मुदल् मायत्तु⋆ इरै
शेर्मिन् उयिरक्कु⋆ अदन् नेर् निरै इल्ले॥३॥</td><td>तुम एवं तुम्हारा का मूलोच्छेदन करो। प्रभु के साथ मिल जाओ इससे बड़ी उपलब्धि नहीं होगी। 2912</td></tr>
<tr><td>इल्लदुम् उळ्ळदुम्⋆ अल्लदवन् उरु⋆
एल्लैयिल् अन्नलम्⋆ पुल्गु पट्ट्रे॥४॥</td><td>प्रभु 'हैं' एवं 'नहीं हैं' के परे हैं। सारे संबंध तोड़कर अनंत सुख प्राप्त करो। 2913</td></tr>
<tr><td>अट्रदु पट्रॆनिल्⋆ उट्रदु वीडुयिर्⋆
शॆट्रदु मन्नुरिल्⋆ अट्रिरै पट्रे॥५॥</td><td>जब सारे संबंध टूट जाते हैं तो जीव मुक्त हो जाता है। शाश्वत प्रभु को प्राप्त करो एवं सभी संबंध तोड़ दो। 2914</td></tr>
<tr><td>पट्रिलन् ईशनुम्⋆ मुट्रवुम् निन्रनन्⋆
पट्रिलैयाय्⋆ अवन् मुट्रिल् अडङ्गे॥६॥</td><td>प्रभु का कोई बंधन नहीं है आप सर्वत्र हैं। बंधन से मुक्त होकर प्रभु के साथ पूर्णतया मिल जाओ। 2915</td></tr>
<tr><td>अडङ्गॆळिल् शम्बत्तु⋆ अडङ्ग क्कण्डु⋆ ईशन्
अडङ्गॆळिल् अग्दॆन्रु⋆ अडङ्गुग उळ्ळे॥७॥</td><td>ज्योति के वृहत साम्राज्य को देखो। विदित हो कि सब प्रभु का है एवं उनमें मिल जाओ। 2916</td></tr>
<tr><td>उळ्ळम् उरै शॆयल्⋆ उळ्ळविम् मून्रैयुम्⋆
उळ्ळि क्कॆडुत्तु⋆ इरै उळ्ळिल् ऒडुङ्गे॥८॥</td><td>विचार के स्रोत शब्द एवं कृत्य के नजदीक जाओ। इनको प्रभु के प्रति उन्मुख करो एवं स्वयं को भी आत्मसात कर दो। 2917</td></tr>
<tr><td>ऒडुङ्ग अवन् कण्⋆ ऒडुङ्गलुम् एल्लाम्⋆
विडुम् पिन्नुम् आक्कै⋆ विडुम्बॊळुदॆण्णे॥९॥</td><td>इस तरह से उन्मुख होने पर सभी अवरोध समाप्त हो जायेंगे। तब शरीर त्याग के समय तक प्रतीक्षा करो। 2918</td></tr>
<tr><td>एण् पॆरुक्कन् नलत्तु⋆ ऒण् पॊरुळ् ईरिल⋆
वण् पुगळ् नारणन्⋆ तिण् कळल् शेरे॥१०॥</td><td>गौरवशाली नारायण के चरणारविंद के साथ आत्मसात हो जाओ जो अनगिनत सद्गुणों के प्रभु हैं तथा अप्रतिम हितैषी हैं। 2919</td></tr>
</table>

‡शेर्त्तड★ त्तॅन् कुरुगूर् च्चडगोबन् शॊल्★ शीर् त्तॊडै आयिरत्तु★ ओर्त्त इप्पत्ते॥११॥	हजार पदों वाली रचना का यह दशक सिंचित खेतों से घिरे कुरूगुर के शठगोपन के सुविचारित शब्द हैं। **2920** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

3 पत्तुडै (2921 - 2931)

अडियवरक्कु एळियवन्

( )

‡पत्तुडै अडियवर्क्केळियवन्⋆ पिऱर्गळुक्करिय वित्तगन्⋆ मलर् मगळ् विरुम्बुम्⋆ नम् अरुम्बॅरल् अडिगळ्⋆ मत्तुऱु कडै वॅण्णॅय्⋆ कळविनिल् उरविडैया प्पुण्डु⋆ ऍत्तिऱम् उरलिनोडु⋆ इणैन्दिरुन्देङ्गिय ऍळिवे ! ॥१॥	प्रभु प्रेम से भक्तों को मिलते हैं। आपके चरणारविंद का मिलना दूसरों के लिये कठिन है यहां तककि पद्मश्री लक्ष्मी को भी।ओह ! गोपनारी के घड़े से मक्खन चुराने के लिये अपने को निर्दोष बताते कितनी सुगमता से आप ऊखल में बंध गये ! **2921**
ऍळिवरुम् इयल्विनन्⋆ निलै वरम्बिल पल पिऱप्पाय्⋆ ऑळिवरु मुळु नलम्⋆ मुदल् इल केडिल वीडाम्⋆ तॅळिदरुम् निलैमैयदॊळिविलन्⋆ मुळुवदुम् इऱैयोन्⋆ अळिवरुम् अरुळिनोडु⋆ अगत्तनन् पुऱत्तनन् अमैन्दे॥२॥	स्थान एवं प्रसंग को भुलाकर आप अनेकों स्वरूपों में प्रकट होते हैं। आपसे निकलने वाली प्रभा का आदि अंत नहीं है। मुक्ति का अमृतमय अनुभव प्रदान करते हुए आप भीतर एवं बाहर आनंदप्रद करूणा के साथ वर्त मान रहते हैं। **2922**
अमैवुडै अऱनॅऱि⋆ मुळुवदुम् उयर्वऱ उयरन्द⋆ अमैवुडै मुदल् कॅडल्⋆ ऑडिविडै अऱ निलम् अदुवाम्⋆ अमैवुडै अमररुम्⋆ यावैयुम् यावरुम् तानाम्⋆ अमैवुडै नारणन्⋆ मायैयै अऱिपवर् यारे॥३॥	नारायण के अचंभों को कौन समझ सकता है ? आप वैदिक यज्ञ के उच्चतम फल हैं। सृष्टि से एवं संहार से तथा इन दोनों के मिश्रण से आप सर्वदा खेलते रहते हैं। आप में देवगन चेतन एवं जड़ स्थित हैं। **2923**
यारुम् ओर् निलैमैयन् ऍन⋆ अऱिवरिय ऍम् पॅरुमान्⋆ यारुम् ओर् निलैमैयन् ऍन⋆ अऱिवॅळिय ऍम् पॅरुमान्⋆ पेरुम् ओर् आयिरम्⋆ पिऱ पल उडैय ऍम् पॅरुमान्⋆ पेरुम् ओर् उरुवमुम्⋆ उळदिल्लै इलदिल्लै पिणक्के॥४॥	यह देखना कठिन है कि हमारे प्रभु अपरिवर्तनशील है। यह देखना सरल है कि हमारे प्रभु अपरिवर्तनशील है। हमारे प्रभु के हजारों नाम एवं स्वरूप हैं। हमारे प्रभु नाम स्वरूप दृश्य एवं अदृश्य का विरोध करते हैं। **2924**
पिणक्कऱ अऱुवगै च्चमयमुम्⋆ नॅऱियुळ्ळि उरैत्त⋆ कणक्कऱु नलत्तनन्⋆ अन्दमिल् आदियम् भगवन्⋆ वणक्कुडै त्तवनॅऱि⋆ वळिनिन्ऱु पुऱनॅऱि कळैगट्टु⋆ उणक्कुमिन् पशैयऱ !⋆ अवनुडै उणर्वु कॊण्डुणर्न्दे॥५॥	वेद की विधि का पालन करते हुए आत्मानुभव से प्रभु को प्राप्त करो। वेद में बताये गये की तरह आप अंतहीन हैं तथा सबके प्रारंभ हैं।भ्रम का त्याग करके अपने बंधनों को काट दो।प्रभु ही छः दर्शन सिद्धांतो के द्वंद को समाप्त करते हैं। **2925**

उणरन्दुणरन्दिळिन्दगन्ऱ⋆ उयरन्दुरुवियन्द इन्निलैमै⋆ उणरन्दुणरन्दुणरिलुम्⋆ इऱै निलै उणर्वरिदुयिर्गाळ् !⋆ उणरन्दुणर्न्दुरैत्तुरैत्तु⋆ अरिययन् अरन् एन्नुम् इवरै⋆ उणरन्दुणर्न्दुरैत्तुरैत्तु⋆ इरैञ्जुमिन् मनप्पट्टदोन्रे॥६॥	हे लोगों ! यद्यपि कि तुम शरीर, एवं रूपहीन बिना लंबाई चौड़ाई तथा ऊंचाई वाले स्वभाव स्वरूपी जीव के अंतर को अनुभव कर चुके हो इससे प्रभु का साक्षात्कार नहीं होगा। जो ब्रह्मा विष्णु एवं शिव की तरह बताये गये हैं उनकी प्रशस्ति गाओ। आप ही तुम्हारे हृदय में बसते हैं। **2926**
ऑन्रॆन प्पलवॆन⋆ अरिवरुम् वडिविनुळ् निन्ऱ⋆ नन्रॆळिल् नारणन्⋆ नान्मुगन् अरनॆन्नुम् इवरै⋆ ऑन्रनुम् मनत्तुवैत्तु⋆ उळ्ळिनुम् इरु पशै अरुत्तु⋆ नन्रॆन नलम् शॆय्वदु⋆ अवनिडै नम्मुडै नाळे॥७॥	आप सभी स्वरूपों में हैं जिसकी गिनती एक या अनेकों नहीं की जा सकती। आप तेजोमय नारायण चतुर्मुख ब्रह्मा एवं शिव हैं। दृढ़ भक्ति से आपको हृदय में स्थापित करो सब इच्छा को त्यागकर एकमात्र सेवा करो जो श्रेयस्कर है। **2927**
नाळुम् निन्ऱडु नम पळमै⋆ अङ्गॊडु विनैयुडने माळुम्⋆ ओर् कुरैविल्लै⋆ मननग मलम् अऱ क्कळुवि⋆ नाळुम् नम् तिरुवुडै अडिगळ् तम्⋆ नलम् कळल् वणङ्गि⋆ माळुम् ओरिडत्तिलुम्⋆ वणक्कॊडु माळ्वदु वलमे॥८॥	सभी इच्छाओं से हृदय को रिक्त कर लक्ष्मीपति के दिव्य चरणों की पूजा करो। हमारे पूर्व के कर्मो का नाश हा जायेगा एवं नयी इच्छा नहीं उत्पन्न होगी। मृत्यु के आगमन पर शांति से शरीर छूटेगा। **2928**
वलत्तनन् तिरिपुरम् एरित्तवन्⋆ इडम्पॆऱ तुन्दि तलत्तु⋆ एळु दिशैमुगन् पडैत्त⋆ नल्लुलगमुम् तानुम् पुलप्पड⋆ पिन्नुम् तन् उलगत्तिल्⋆ अगत्तनन् ताने शॊल्ल प्पुगिल्⋆ इवै पिन्नुम् वयिट्रुळ⋆ इवै यवन् तुयक्के॥९॥	तीन नगरों को जलाने वाले शिव प्रभु के दायें रहते हैं एवं ब्रह्मा जो सातों लोक को बनाये नाभि पर रहते हैं। तबभी प्रभु इस ब्रह्मांड में हमलोग सभी को देखने के लिये हैं। ये सब आपके चमत्कार हैं जो हमारे मन में छाये रहते हैं। **2929**
तुयक्करु मदियिल् नल् ज्ञानत्तुळ⋆ अमररै तुयक्कुम्⋆ मयक्कुडै मायैगळ्⋆ वानिलुम् पॆरियन वल्लन्⋆ पुयल् करु निरत्तनन्⋆ पॆरु निलङ्गडन्द नल् अडि प्पोदु⋆ अयरप्पिलन् अलट्रुवन्⋆ तळुवुवन् वणङ्गुवन् अमरन्दे॥१०॥	स्पष्ट चित्त वाले देव गनों के लिये भी आप रहस्य हैं। आपके आश्चर्य आकाश को भर देंगे। आपका वर्ण मेघ की तरह श्याम है, आपके चरणाविंद ने पृथ्वी को मापा। हम सर्वदा बैठ कर आपकी प्रशस्ति गायेंगे एवं सम्मान करेंगे तथा पूजा अर्पित करेंगे। **2930**

‡अमरर्गळ् तॊळुदॆळ⋆ अलै कडल् कडैन्दवन् तन्नै⋆ अमर् पॊळिल् वळङ्गुरुगूर्⋆ च्चडगोपन् कुट्रेवल्⋆ अमर् शुवै आयिरत्तु⋆ अवट्रिनुळ् इवै पत्तुम् वल्लार्⋆ अमररोडुयर्विल् शॆन्रु⋆ अरुवर् तम् पिरवियञ्जिरैये॥११॥	घने बागों वाले श्रीसंपन्न कुरूगुर के शडगोपन से विरचित मधुर हजार पद का यह दशक स्वर्गिकों के प्रभु के बारे में है जिन्होंने महान समुद्रमंथन किया। जो इसे याद कर लेंगे वे स्वर्ग में आनन्द मनायेंगे। **2931** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

4 अंजिरैय (2932 - 2942)

तलैमगल तूदुविडल्

(नायिका भाव में पक्षियों को दूत बनाते हुए)

अञ्जिरैय मड नाराय्!⋆ अळियत्ताय्!⋆ नीयुम् निन् अञ्जिरैय शेवलुमाय्⋆ आवा एन्रॆनक्करुळि⋆ वॆञ्जिरै प्पुळ्ळुयर्त्तार्क्कु⋆ एन् विडु तूदाय् च्चॆन्रक्काल्⋆ वन्जिरैयिल् अवन् वैक्किल्⋆ वैप्पुण्डाल् एन्शॆय्युमो॥१॥	हे सुन्दर पंखों वाले अपनी सौंदर्यशालिनी प्रेयसी के साथ विहरते करूण क्षीणकाय सारस ! क्या हम पर तरस खाते हुए तुम दोनों हमारा संवाद गरूड़ पक्षी पर सवारी करने वाले प्रभु के पास पहुंचा सकते हो ? क्यों, तुम दोनों को वे पिंजरा में बंद कर देंगे ? क्या इससे तुमलोग दुखी होगे ? **2932**
एन्शॆय्य तामरै क्कण्⋆ पॆरुमानार्क्कॆन् तूदाय्⋆ एन्शॆय्युम् उरैत्तक्काल्⋆ इन क्कुयिल्गाळ्! नीर् अलिरे मुन्शॆय्द मुळुविनैयाल्⋆ तिरुवडिक्कीळ् क्कुट्रेवल्⋆ मुन्शॆय्य मुयलादेन्⋆ अगल्वदुवो विदियिनमे॥२॥	हे एकत्रित कोयल! क्या राजीवनयन प्रभु के पास हमारा संवाद पहुंचाने में तुम्हें पीड़ा पहुंचेगी ? क्या तुम हमारे प्रिय पालतू नहीं हो ? ओह ! हमारे पूर्व के कुकर्म कि हमने उन्हें लंबी अवधि से स्मरण नहीं किया ! **2933**
विदियिनाल् पॆडै मणक्कुम्⋆ मॆन् नडैय अन्नङ्गाळ्!⋆ मदियिनाल् कुरळ् माणाय्⋆ उलगिरन्द कळ्वर्कु⋆ मदियिलेन् वल् विनैये⋆ माळादो एन्रॊरुत्ति⋆ मदियॆल्लाम् उळ् कलङ्गि⋆ मयङ्गुमाल् एन्नीरे॥३॥	हे गौरवमय हंस ! प्रिया के साथ रहना सौभाग्य है। चतुर बौना जिसने तिकड़म से पृथ्वी की भिक्षा मांग ली को जाकर कहो कि उनकी प्रेयसी अचेत हो गयी है। हाय ! असावधान मैं ! हमारे काले कर्म का अंत नहीं होगा। **2934**
एन् नीमै कण्डिरङ्गि⋆ इदु तगादॆन्नाद⋆ एन् नील मुगिल् वण्णर्कु⋆ एन् शॊलि यान् शॊल्लुगॆनो⋆ नन् नीमै इनियवर् कण्⋆ तङ्गादॆन्रॊरु वाय्च्चॊल्⋆ नन नील मगन्रिल्गाळ्!⋆ नल्गुदिरो नल्गीरो॥४॥	मेघ वर्ण के श्यामल प्रभु हमारी दशा को न तो देखते हैं और न कहते ही हैं 'यह उचित नहीं है'। ज्यादा मैं क्या कह सकती हूं ? हे सारस की जाति के नीले पक्षी गन ! जा कर प्रभु को कहो कि उनमें श्रेयस रह नहीं पायी है।क्या तुम मेरा कहना करोगे या नहीं करोगे ? **2935**

नल्गि त्तान् कात्तळिक्कुम्* पॉळिल् एळुम् विनैयेर्के* नल्गा त्तान् आगादो* नारणनै क्कण्डक्काल्* मल्गु नीर् प्पुनल् पडप्पै* इरै तेर् वण् शिरु कुरुगे !* मल्गु नीर् क्कण्णेर्कोर्* वाशगम् कॉण्डरुळाये॥५॥	सिंचित बागों में कीड़ा खोजते हे मछली खाने वाले पक्षी ! विनती है, अगर तुम नारायण प्रभु को देखोगे तो क्या यह संवाद दोगे ? आपने बाग के रूप में सात लाकों को बनाया एवं स्नेह से इसकी वृद्धि करायी।केवल यह अभागी किशोरी अश्रुपूर्ण आंखों से अछूत सी खड़ी है। **2936**
अरुळाद नीर् अरुळि* अवर् आवि तुवरामुन्* अरुळ् आळि प्पुट्कडवीर्* अवर् वीदि ऑरुनाळ् एन्रु* अरुळ् आळि अम्मानै* क्कण्डक्काल् इदु शॉल्लि* अरुळ् आळि वरि वण्डे !* यामुम् एन् पिळैत्तोमे॥६॥	हे चतुर मधुमक्खी ! अगर हमारे प्रभु को देखो तो उनसे यह बताओ 'आप अन्यायी हैं, इसके पहले कि उसका जीवन बर्बाद हो जाये आप गरूड़ को उसकी गली में जाने के लिये आदेश दें।' हाय ! हमने कौन से अपराध किये हैं ? **2937**
एन्बिळै कोप्पदु पोल* प्पनि वाडै ईर्गिन्र* एन्बिळैये निनैन्दरुळि* अरुळाद तिरुमालार्क्कु* एन्बिळैत्ताळ् तिरुवडियिन्* तगविनुक्केन्रॉरु वायच्चॉल्* एन्बिळैक्कुम् इळङ्गिळिये !* यान् वळर्त्त नीयलैये॥७॥	हे मेरी प्रिय सुग्गा ! तुम अपनी बातों से हमें पीड़ा पहुंचाती हो। क्या तू हमारी पालतू नहीं हो ? ओस वाली शीतल हवा हमारी हड्डियों में सूई की तरह चुभ रही है।जो अकेले हमारे दोष को देख लेते हैं उन एकमात्र अडिग प्रभु से जाकर पूछो 'कौन सी गलती उसने की है जो उसे आप अपनी करूणा नहीं प्रदान कर रहे हैं ?' **2938**
नीयलैये शिरु पूवाय् !* नॅडुमालार्क्कॅन् तूदाय्* नोय् एनदु नुवल् एन्न* नुवलादे इरुन्दॉळिन्दाय्* शायलॉडु मणि मामै* तळर्न्देन् नान्* इनि उनदु वाय् अलगिल् इन्नडिशिल्* वैप्पारै नाडाये॥८॥	हे मेरी छोटी मैना ! मैं अपनी आभा एवं आकर्षण खो चुकी हूं। हाय ! यद्यपि कि मैं तुम्हें आवश्यक कार्य से हमारे दूरस्थ प्रभु के पास जा कर 'मैं रोगपीड़ित हूं' कहने के लिये कहती हूं तो तुम ध्यान नहीं देती।अच्छा होगा कि किसी अन्य को खोज लो जो तुम्हें भोजन दे सकें। **2939**
नाडाद मलर् नाडि* नाडोरुम् नारणन् तन* वाडाद मलर् अडिक्कीळ्* वैक्कवे वगुक्किन्रु* वीडाडि वीट्रिरुत्तल्* विनैयट्रॅन् शॅय्वदो* ऊडाडु पनि वाडाय् !* उरैत्तीराय् एनदुडले॥९॥	हे ओसवाली शीतल वायु ! यह शरीर नारायण प्रभु के चरणों पर नित्य फूल चुनकर चढ़ाने के लिये ही बना है। इस तरह से उनसे हमें अलग करने का क्या लाभ ? जाओ और यह उनसे पूछो तब लौटकर मेरी हड्डियों को विदीर्ण करना। **2940**

उडल् आळि प्पिऱप्पु वीडु⋆ उयिर् मुदला मुट्रुमाय्⋆ कडल् आळि नीर् तोट्रि⋆ अदनुळ्ळे कण् वळरुम्⋆ अडल् आळि अम्मानै⋆ क्कण्डक्काल् इदु शॉल्लि⋆ विडल् आळि मड नॆञ्जे !⋆ विनैयो ऑन्ऱाम् अळवे॥१०॥	चक्रीय पुनर्जन्म, जीव एवं अन्य सभी के सृष्टि के कारण स्वरूप प्रभु तेजोमय चक्र धारण करते हुए सागर में शयन करते हैं। हम अभागिन जन जब उनसे मिलूंगी तो यह बताउंगी और तब उनमें समा जाऊंगी। तब तक के लिये, हे काले अकेले हृदय ! हमारे साथ रहो। **2941**
‡अळवियन्ऱ एळ् उलगत्तु⋆ अवर् पॆरुमान् कण्णनै⋆ वळ वयल् शूळ् वण् कुरुगूर्⋆ च्चडगोपन् वाय्न्दुरैत्त⋆ अळवियन्ऱ अन्दादि⋆ आयिरत्तुळ् इप्पत्तिन्⋆ वळवुरैयाल् पॆऱलागुम्⋆ वान् ओङ्गु पॆरु वळमे॥११॥	उपजाऊ खेतों से घिरे कुरूगुर के शडगोपन से विरचित अद्वितीय हजार पद का यह दशक सात लोकों को बनाने वाले अगम्य कृष्ण के बारे में है। जो इसे याद कर लेंगे वे स्वर्ग की संपन्नता का आनन्द उठायेंगे। **2942** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

5 वऴ्वेऴ् (2943 - 2953)

माऱनै माल् शीलगुणत्ताल् शेर्त्तल् (।नायकी भाव में)

वऴ्वेऴ् उलगिन् मुदलाय॰ वानोर् इरै़यै॰ अरुविनैयेन् कऴ्वेऴ् वॅण्णॅय् तॊडुवुण्ड॰ कळ्वा ! एन्बन् पिन्नैयुम्॰ तऴ्वेऴ् मुरुवल् पिन्नैक्काय्॰ वल्लान् आयर् तलैवनाय्॰ इळवेरेऴुम् तऴुविय॰ एन्दाय् ! एन्बन् निनैन्दुनैन्दे ॥१॥	अभागिनी मैं ! स्वर्गिकों के देव एवं सातों लोक के कारण प्रभु को देखकर धीमे स्वर में बोली 'नटखट ! जिसने चोरी का मक्खन खाया' तब कहा 'चमेली जैसी मादक मुस्कान वाली नप्पिनाय को जीतने के लिये सात वृषभों को नष्ट करने वाले शक्तिशाली गोपकिशोर, मेरे प्रभु !' **2943**
निनैन्दु नैन्दुऴ् करैन्दुरुगि॰ इमैयोर् पलरुम् मुनिवरुम्॰ पुनैन्द कण्णि नीर् शान्दम्॰ पुगैयोडेन्दि वणङ्गिनाल्॰ निनैन्द एल्ला प्पॊरुळ्गट्कुम्॰ वित्ताय् मुदलिल् शिदैयामे॰ मनञ्जॅय् ञानत्तुन् पॆरुमै॰ माशूणादो मायोने ॥२॥	हे हमारे आश्चर्यमय प्रभु ! संपूर्ण सृष्टि की आप ही नहीं घटने वाली इच्छाशक्ति एवं बीज हैं जो केवल हृदय से जाने जाते हैं। स्वर्गिक एवं संत जन आपके ध्यान में अचेत हो जाते हैं। जल चंदन अगरबत्ती एवं फूल से वे पूजा अर्पित कर द्रवित हृदय से आपकी गाथा गाते हैं परंतु कभी भी अंत नहीं पाते। **2944**
मा योनिगळाय् नडै कट्॰ वानोर् पलरुम् मुनिवरुम्॰ नी योनिगळै प्पडै एन्ऱु॰ निरै़ नान् मुगनै प्पडैत्तवन्॰ शेयोन् एल्ला अरि़वुक्कुम्॰ दिशैगळ् एल्लाम् तिरुवडियाल् तायोन्॰ एल्ला एव्वुयिर्क्कुम् तायोन्॰ तानोर् उरुवने ॥३॥	आपने ही संत एवं स्वर्गिकों की सृष्टि की तथा चतुर्मुख को बनाकर उन्हें सारे जगत का गर्भ रचने की शक्ति दे दी। सारी सृष्टि के ऊपर से पैदल पार होने वाले प्रभु आपने संपूर्ण विश्व को माप डाला। मां की तरह सबों के प्रति आप दयावान हैं। **2945**
तानोर् उरुवे तनि वित्ताय्॰ तन्निल् मूवर् मुदलाय॰ वानोर् पलरुम् मुनिवरुम्॰ मट्रुम् मट्रुम् मुट्रुमाय्॰ तानोर् पॆरुनीर् तन्नुळ्ळे तोट्रि॰ अदनुऴ् कण्वळरुम्॰ वानोर् पॆरुमान् मा मायन्॰ वैगुन्दन् एम् पॆरुमाने ॥४॥	स्वर्गिकों के प्रभु, वैकुंठ के प्रभु, मेरे अपने प्रभु, आप ही ब्रह्मा शिव एवं इन्द्र को बनाये तथा अपने में स्थापित कर लिया।आपने स्वर्गिकों संतों एवं समस्त चेतन तथा अन्य सभी को बनाया और शेष शय्या पर गहरे सागर में सोये अवस्था में प्रकट हुए। **2946**
मानेय् नोक्कि मडवाळै॰ मार्विल् कॊण्डाय् ! मादवा !॰ कूने शिदैय उण्डैविल्॰ निरै़त्तिल् तॆरि़त्ताय् ! गोविन्दा !॰ वानार् शोदि मणिवण्णा !॰ मदुशूदा ! नी अरुळाय्॰ उन् तेने मलरुम् तिरुप्पादम्॰ शेरु माऱु विनैयेने ॥५॥	पद्मश्री लक्ष्मी को धारण करने वाले प्रभु माधव ! धनुष के समान शरीर वाली त्रिविका को सीधा करने वाले गोविन्द प्रभु ! आभापूर्ण मणिवर्ण वाले मधुसूदन प्रभु ! हमें सुनिये। यह भाग्यहीना को अपना चरणारविंद प्रदान कीजिये। **2947**

विनैयेन् विनै तीर् मरुन्दानाय् !⋆ विण्णोर् तलैवा ! केशवा !⋆ मनै शेर् आयर् कुल मुदले !⋆ मा मायने ! मादवा !⋆ शिनैयेय् तळैय मरामरङ्गळ्⋆ एळुम् एय्दाय् ! शिरीदरा !⋆ इनैयाय् ! इनैय पेयरिनाय् !⋆ एन्ऱु नैवन् अडियेने ॥६॥	गोपकुल में प्रवेश कर उनके प्रमुख बनने वाले माधव ! स्वर्गिकों के प्रभु एवं हमारी उदासी की औषधि तथा निदान केशव ! सात घने वृक्षों को बाण से बेधने वाले श्रीधर ! अनेक महान कृत्य एवं बहुत से नाम वाले ! मैं तो आपके नामों को पुकारते पुकारते अचेत हो जाती हूं। **2948**
अडियेन् शिरिय ञानत्तन्⋆ अरिदल् आर्क्कुम् अरियानै⋆ कडि शेर् तण्णन् तुळाय्⋆ क्कण्णि पुनैन्दान् तन्नै क्कण्णनै⋆ शेडियार् आक्कै अडियारै⋆ श्शेर्दल् तीर्क्कुम् तिरुमालै⋆ अडियेन् काण्बान् अलट्टुवन्⋆ इदनिल् मिक्कोर् अयर्वुण्डे ॥७॥	तुलसीमाला पहने मेरे प्रभु तिरूमल ! कृष्ण ! आप भक्तों को मृत्यु के बंधन से घास की तरह निकाल लेते हैं। हाय ! जब महान बुद्धि वाले आपको समझने में सक्षम नहीं हैं तब यह निम्न बुद्धि वाली आपके दर्शन के लिये विलाप करती है। इससे बड़ी गलती हो सकती है क्या? **2949**
उण्डाय् उलगेळ् मुन्नमे⋆ उमिळ्न्दु मायैयाल् पुक्कु⋆ उण्डाय् वेण्णेय् शिरु मनिशर्⋆ उवलै आक्कै निलै एय्दि⋆ मण् तान् शोरन्ददुण्डेलुम्⋆ मनिशर्क्कागुम् पीर्⋆ शिरिदुम् अण्डा वण्णम् मण् करैय⋆ नेय्यूण् मरुन्दो मायोने ॥८॥	सात लोकों को निगलकर पुनः उगलदेने वाले प्रभु ! क्या आश्चर्य है कि कृष्ण शिशु के रूप में आपने मक्खन चुरा कर खाया एवं उसका कोई चिह्न नहीं छोड़ा। क्या जो मिट्टी आपके भीतर रह गयी थी उसको वाहर निकालने की यह औषध थी ? **2950**
मायोम् तीयवलवलै⋆ प्पेरुमा वञ्ज प्पेय् वीय⋆ तूय कुळवियाय् विड प्पाल् अमुदा⋆ अमुदु शेय्दिट्ट मायन्⋆ वानोर् तनि त्तलैवन्⋆ मलराळ् मैन्दन् एव्वुयिर्क्कुम् तायोन्⋆ तम्मान् एन्नम्मान्⋆ अम्मा मूर्त्तियै च्चारन्दे ॥९॥	स्वर्गिकों के अद्वितीय नाथ ! हमारे नाथ एवं संरक्षक श्री पति हैं। मां की तरह संपूर्ण सृष्टि के प्रति दयालु आपका सुन्दर स्वरूप है। एक शिशु की सरलता के साथ आपने घोर राक्षसी के विषैले स्तन का पान करते हुए उसका प्राण खींच लिया। **2951**
शारन्द इरुवल् विनैगळुम् शरित्तु⋆ माय प्पट्रुत्तु⋆ तीरन्दु तन्बाल् मनम् वैक्क⋆ त्तिरुत्ति वीडु तिरुत्तुवान्⋆ आरन्द ञान च्चुडर् आगि⋆ अगलम् कीळ् मेल् अळविरन्दु⋆ नेरन्द उरुवाय् अरुवागुम्⋆ इवट्रिन् उयिराम् नेडुमाले ॥१०॥	प्रदीप्त ज्ञान वाले वैकुंठ के प्रभु ! आप आकार प्रकार एवं स्थिति से परे सभी में उनके अन्तःचेतन की तरह विराजते हैं। हमारे युगल कर्मो को भगाते हुए आपने हमारे माया के बंधन को काट दिया और तव हमारे हृदय को विश्वासपूर्वक अपने ऊपर दृढ़ कर दिया। **2952**

‡माले ! माय प्पॆरुमाने !★ मा मायने ! ए॒न्रॆन्रु॒★ माले ए॒रि॒ माल् अरुळाल्★ मन्नु कुरुगूर् च्चडगोपन्★ पालेय् तमिळर् इशैगारर्★ पत्तर् परवुम् आयिरत्तिन् पाले★ पट्ट इवै पत्तुम्★ वल्लार्क्किल्लै परिवदे॥११॥	कुरूगुर के शडगोपन से विरचित हजार पद का यह दशक संगीतज्ञ गायक एवं भक्तों से बहुप्रशंसित है तथा करूणा से पूर्ण आश्चर्यमय प्रभु के बारे में है। जो इसे गायेंगे वे पृथ्वी पर कभी यातनाग्रस्त नहीं होंगे। **2953** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

6 परिविदिल् (2954 - 2964)

आरादनै क्केळियवन् (य)

परिविदिल् ईशनै प्पाडि⋆ विरिवदु मेवल् उऱुवीर् !⋆ पिरिवगैयिन्ऱि नन्नीर् तूय्⋆ पुरिवदुवुम् पुगै पूवे ॥१॥	अक्षुण्ण आनंद को चाहने वाले छोड़ते नहीं। निर्मल प्रभु की गाथा गाओं एवं पूजा में फूल जल अगरबत्ती अर्पित करो। **2954**
मदुवार् तण्णन् तुळायान्⋆ मुदुवेद मुदल्वनुक्कु⋆ एदुवेँदन् पणि एन्नाद्⋆ अदुवे आट्चॆय्यु मीडे ॥२॥	शीतल सुगंधित तुलसी वाले प्रभु वेद के प्रशंसित प्रभु हैं। पूरे मन से भक्ति ही आपकी सेवा के लिये योग्यता का काम करता है। **2955**
ईडुम् एडुप्पुम् इल् ईशन्⋆ माडु विडादॆन् मनने⋆ पाडुम् एन् नावलन् पाडल्⋆ आडुम् एन् अङ्गम् अणङ्गे ॥३॥	प्रभु चाह एवं तिरस्कार से परे हैं। मेरा हृदय कभी आप से अलग नहीं होता जीभ सर्वदा गाथा गान करती है एवं मेरा शरीर प्रेत की तरह नाचता है। **2956**
अणङ्गॆन आडुम् एन् अङ्गम्⋆ वणङ्गि वळिपडुम् ईशन्⋆ पिणङ्गि अमरर् पिदट्रुम्⋆ कुणङ्गॆळु कॊळ्कैयिनाने ॥४॥	प्रभु की सेवा एवं पूजा में मेरा शरीर प्रेत की तरह नाचता है जो सद्‌गुणों के कोषागार हैं एवं स्वर्गिक आपके लिये उतावले होकर व्याख्यान करते रहते हैं। **2957**
कॊळ्गै कॊळामै इलादान्⋆ एळ्गल् इरागम् इलादान्⋆ विळ्गै विळ्ळामै विरुम्बि⋆ उळ् कलन्दार्क्कोर् अमुदे ॥५॥	प्रभु न तो आकर्षित होते हैं और न छोड़ते ही हैं। न घृणा एवं न तो मैत्री का प्रदर्शन करते हैं। संयम एवं दृढ़ पूजा से प्रसन्न रहने वाले भक्तों के अमृत हैं। **2958**
अमुदम् अमरर्गट्कीन्द⋆ निमिर् शुडर् आळि नॆडुमाल्⋆ अमुदिलुम् आट्र इनियन्⋆ निमिर् तिरै नीळ् कडलाने ॥६॥	प्रभु अमृत से भी मधुर हैं। आपने देवों को अमृत दिया। आप गहरे सागर में हाथ में तेजोमय चक्र के साथ शयन करते हैं। **2959**
नीळ् कडल् शूळ् इलङ्गै क्कोन्⋆ तोळ्गळ् तलै तुणि शॆय्दान्⋆ ताळ्गळ् तलैयिल् वणङ्गि⋆ नाळ् कडलै क्कळिमिने ॥७॥	आपने लंका टापू के राजा के सिर एवं बाहों को काट गिराया। आपके आगे सिर नवा कर समय के अथाह सागर को तैर कर पार जाओ। **2960**
कळिमिन् तॊण्डीर्गळ् कळित्तु⋆ तॊळुमिन् अवनै तॊळुदाल्⋆ वळि निन्ऱ वल्विनै माळ्वित्तु⋆ अळिविन्ऱि आक्कम् तरुमे ॥८॥	हे भक्तों ! अपने को समर्पित कर दो। राह के जो रोड़े तुम्हारे कर्म हैं उनका क्षय हो जायेगा एवं तुम अक्षुण्ण श्रीसंपन्न बनोगे । **2961**
तरुमवरुम् पयनाय⋆ तिरुमगळार् तनि क्केळ्वर्⋆ पॆरुमै उडैय पिरानार्⋆ इरुमै विनै कडिवारे ॥९॥	युगल कर्मों को नष्ट कर आप ऊच्चतम फल देते हैं। महान सम्मानीय प्रभु लक्ष्मी के अलौकिक पति हैं। **2962**

कडिवार् तीय विनैगळ्* नॊडियारुम् अळवैक्कण्* कॊडिया अडु पुळ् उयर्त्त* वडिवार् मादवनारे॥१०॥	सुन्दर दूल्हा माधव पलक झपकते हमारे कर्मों को अलग कर देंगे। भयंकर गरूड आपके ध्वज के प्रतीक चिह्न हैं। **2963**
‡मादवन् पाल् शडगोपन्* तीदवम् इन्रियुरैत्त* एदमिल् आयिरत्तिप्पत्तु* ओद वल्लार् पिरवारे॥११॥	शुद्ध हृदय के शडगोपन से विरचित निर्मल हजार पद का यह दशक सार्वभौम माधव के बारे में है जो पुनर्जन्म से छुटकारा दिलाता है। **2964** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

7 पिऱ्वित्तियर् (2965 - 2975)

आरादिप्पारक्कु मिग इनियन्

()

पिऱ्वित्तुयर् अऱ्★ ज्ञानत्तुळ् निन्ऱु★ तुऱवि च्चुडर् विळक्कम्★ तलैप्पॅय्वार्★ अऱवनै★ आऴिप्पडै अन्दणनै★ मऱवियै इन्ऱि★ मनत्तु वैप्पारे॥१॥	जो सबकुछ त्याग कर चेतन में प्रवेश करते हैं एवं प्रबुद्ध बनकर पुर्नज्न्म की यातना से मुक्त रहना चाहते हैं वे अपने हृदयाकाश में सर्वदा चक्रधारी प्रभु के चरणारविंद पर ध्यान केन्द्रित रखते हैं। **2965**
वैप्पाम् मरुन्दाम्★ अडियरै वल्विनै★ तुप्पाम् पुलन् ऐन्दुम्★ तुञ्जक्कॊडान् अवन्★ एप्पाल् यवर्क्कुम्★ नलत्ताल् उयर्न्दुयर्न्दु★ अप्पालवन् एङ्गळ्★ आयर् कॊळुन्दे॥२॥	अनंत सद्गुण वाले प्रभु जो किसी व्यक्ति से एवं किसी स्थान पर नहीं पहुंचे जा सकते गोपकुल के लाड़ले कुमार हैं। आप भक्तों के औषध एवं संपन्नता हैं। भक्तों को सर्वनाश से बचाने के लिये आप इन्द्रियों की शक्ति को निरंकुश नहीं छोड़ते। **2966**
आयर् कॊळुन्दाय्★ अवराल् पुडैयुण्णुम्★ माय प्पिरानै★ एन् माणिक्क च्चोदियै★ तूय अमुदै★ प्परुगि प्परुगि★ एन् माय प्पिऱवि★ मयर्वऱुत्तेने॥३॥	अपने मृदुमय प्रभु का अमृत हमने जी भर के पिया है जो आश्चर्यमय प्रभु हैं, मणि के वर्ण वाले हैं, एवं गोपकुल के लाड़ले हैं परंतु मक्खन चुराने के लिये उनसे मार खा चुके हैं। पुनर्जन्म से जोड़ने वाला अज्ञान का धागा टूट चुका है। **2967**
मयर्वऱ् एन् मनत्ते★ मन्निनान् तन्नै★ उयर्विनैये तरुम्★ ऑण् शुडर् क्कट्टैयै★ अयर्विल् अमरर्गळ्★ आदि क्कॊळुन्दै★ एन् इशैविनै★ एन् शॊल्लि यान् विडुवेनो॥४॥	हम अपने पूज्य प्रभु को कैसे छोड़ सकते हैं ? अज्ञान को भगाकर आप हमारे हृदय में पूर्णतया प्रवेश कर गये हैं। सभी सर्वज्ञ स्वर्गिकों के आप मूल एवं कोष हैं। आपने हमें आत्म प्रकाश एवं गौरवशाली सद्गुण दिया है। **2968**
विडुवेनो एन् विळक्कै★ एन्नावियै★ नडुवे वन्दु★ उय्य क्कॊळ्गिन्ऱ नादनै★ तॊडुवे शॆय्दु★ इळ वायच्चियर् कण्णिनुळ्★ विडवे शॆय्दु★ विळिक्कुम् पिरानैये॥५॥	गोपकिशोरियों के समक्ष एक छोटे शिशु के रूप में प्रकट होकर उनके साथ छेड़खानी करने वाले प्रभु हमारी आत्मा एवं ज्योति हैं। कैसे हम आपको अब छोड़ सकते हैं ? **2969**

पिरान्⋆ पॆरु निलङ्कीण्डवन्⋆ पिन्नुम् विराय्⋆ मलर् त्तुळाय् वेय्न्द मुडियन्⋆ मरामरम् एय्द मायवन्⋆ एन्नुळ इरान् एनिल्⋆ पिन्नै यान् ऑट्टुवेनो॥६।	आपने प्रलय जल से धरा को ऊपर उठाया। क्या ही आश्चर्य कि आपने एक बाण से सात पेड़ों को बेध दिया। अपने मुकुट पर सुगंधित तुलसी धारण करने वाले प्रभु हमारे हृदय में बस गये हैं। क्या हम कभी भी आपको छोड़कर जाने देंगे ? **2970**
यान् ऑट्टि एन्नुळ्⋆ इरुत्तुवम् एन्निलन्⋆ तान् ऑट्टि वन्दु⋆ एन् तनि नॆञ्जै वञ्जित्तु⋆ ऊन् ऑट्टि निन्ऱु⋆ एन् उयिरिल् कलन्दु⋆ इयल् वान् ऑट्टुमो⋆ इनि एन्नै नॆगिळ्क्कवे॥७॥	अपने हृदय में हम आपको रोकना नहीं चाहते हैं। आप स्वयं आये और हममें पूरी तरह विराज गये। हमारे मांस एवं सांस में आप पूर्णतया विलीन हो गये हैं। क्या हमें अब छोड़ने के लिये आप निर्णय लेंगे ? **2971**
एन्नै नॆगिळ्क्किलुम्⋆ एन्नुडै नन्नॆञ्जम् तन्नै⋆ अगल्विक्क त्तानुम्⋆ किल्लान् इनि⋆ पिन्नै नॆडुम् पणै त्तोळ्⋆ मगिळ् पीडुडै⋆ मुन्नै अमरर्⋆ मुळुमुदलाने॥८॥	प्राचीन स्वर्गिकों के आप प्रथम कारण हैं। नप्पिनाय के बांस समान बाहों के साथ आलिंगन विहार में आप आनंद लेते हैं। अगर आप हमारा परित्याग करना चाहते हैं तो हमारा हृदय इतना अच्छा है कि हमें छोड़ कर जाने में आप असक्त हैं। **2972**
अमरर् मुळुमुदल्⋆ आगिय आदियै⋆ अमररक्कमुदीन्द⋆ आयर् कॊळुन्दै⋆ अमरवळुम्प⋆ त्तुळावि एन्नावि⋆ अमर त्तळुविट्टु⋆ इनि अगलुमो॥९॥	देवों को अमृत देने वाले प्रभु गोपकुल के लाड़ले हैं। हमारी आत्मा ने हमारे प्राण को आप में विलीन कर दिया है। फिर अलग होने का विचार कैसे उठा ? **2973**
अगलिल् अगलुम्⋆ अणुगिल् अणुगुम्⋆ पुगलुम् अरियन्⋆ पॊरुवल्लन् एम्मान्⋆ निगरिल् अवन् पुगळ्⋆ पाडि इळैप्पिलम्⋆ पगलुम् इरवुम्⋆ पडिन्दु कुडैन्दे॥१०॥	छोड़देने पर हमारे प्रभु चले जाते हैं एवं रोकने पर ठहरते हैं। हमारे प्रभु को पाना कठिन है। हमारे प्रभु को पाना सरल है। हमलोग प्रभु की प्रशंसा करें एवं अनंत गाथा का गान करें। रात दिन आपके मिलन का आनंद उठायें। **2974**
कुडैन्दु वण्डुण्णुम्⋆ तुळाय् मुडियानै⋆ अडैन्द तॆन् कुरुकूर्⋆ च्चडगोपन्⋆ मिडैन्द शॊल् तॊडै⋆ आयिरत्तिप्पत्तु⋆ उडैन्दु नोय्गाळै⋆ ओडुविक्कुमे॥११॥	कुरूगुर के शडगोपन से विरचित मधुर हजार पद का यह दशक मधुमक्खी लिपटे अमृतमयी तुलसी माला वाले प्रभु के बारे में है जो रोग एवं यातना का निदान प्रदान करते हैं। **2975** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः **8 ओडुम्बुळ (2976 - 2986)** ईश्वरन् आर्जव गुणमुडैयवन् ()	
‡ओडुम् पुळ्ळेरि⋆ शूडुम् तण् तुळाय्⋆ नीडु निन्ऱवै⋆ आडुम् अम्माने॥१॥	हमारे प्रभु शीतल तुलसी धारण करते हैं, गरूड़ की सवारी करते हैं, एवं शाश्वतों के साथ रहते हैं। **2976**
अम्मानाय् प्पिन्नुम्⋆ एम्माण्बुम् आनान्⋆ वॆम् मा वाय् कीण्ड⋆ शॆम् मा कण्णने॥२॥	यद्यपि सबों के नाथ हैं परंतु राजीवनयन कृष्ण के रूप में अवतार लेकर केशिन घोड़े का जवड़ा फाड़ा। **2977**
कण्णावान् एन्ऱुम्⋆ मण्णोर् विण्णोर्क्कु⋆ तण्णार् वेङ्गड⋆ विण्णोर् वॆर्पने॥३॥	स्वर्गिकों एवं मरणशीलों के आंखों के तारे होकर आप वेंकटम पर राज्य करते हैं जहां देव भी पूजा के लिये तरसते हैं। **2978**
वॆर्पै ऑन्ऱॆडुत्तु⋆ ऑर्कम् इन्ऱिये⋆ निर्कुम् अम्मान् शीर्⋆ कर्पन् वैगले॥४॥	ऊंचे पर्वत को धारण कर खड़े रहने वाले प्रभु की हम सर्वदा प्रशस्ति गायेंगे जो आपके बड़प्पन का प्रमाण है। **2979**
वैगलुम् वॆण्णॆय्⋆ कै कलन्दुण्डान्⋆ पॊय् कलवादु⋆ एन् मॆय् कलन्दाने॥५॥	मक्खन चुराकर दोनों हाथ से खाने वाले प्रभु बिना संदेह हममें विलीन हो गये हैं। **2980**
कलन्दॆन्नावि⋆ नलङ्गॊळ् नादन्⋆ पुलङ्गॊळ् माणाय्⋆ निलम् कॊण्डाने॥६॥	हमारी आत्मा में मिलकर आप हमारे लिये श्रेयस्कर हैं। मनमोहक किशोर के रूप में आपने धरा को मापा। **2981**
कॊण्डान् एळ् विडै⋆ उण्डान् एळ् वैयम्⋆ तण् तामम् शॆय्दु⋆ एन् एण् तान् आनाने॥७॥	आपने सात लोकों को निगला एवं सात वृषभों का शमन किया। आपका सुखद आवास हमारा चैतन्य है। **2982**
आनान् आन् आयन्⋆ मीनोडेनमुम्⋆ तान् आनान् एन्निल्⋆ तान् आय शङ्गे॥८॥	हमारे स्नेह में गोपकुमार बनकर आये तथा मत्स्य एवं वराह भी। **2983**
शङ्गु चक्करम्⋆ अङ्गैयिल् कॊण्डान्⋆ एङ्गुम् तानाय्⋆ नङ्गळ् नादने॥९॥	सभी स्वरूपों में आनेवाले हमारे प्रभु सुन्दर हाथों में चक्र एवं शंख धारण करते हैं। **2984**
नादन् ञालम् कॊळ्⋆ पादन् एन्नम्मान्⋆ ओदम् पोल् किळर्⋆ वेद नीरने॥१०॥	धरा को मापने वाले हमारे प्रभु सागर की लहरों की तरह वेदों से प्रशंसित हैं। **2985**
‡नीर्पुरै वण्णन्⋆ शीर् शडगोपन्⋆ नेर्दल् आयिरत्तु⋆ ओर्दल् इवैये॥११॥	शडगोपन के हजार गीतों का यह दशक सागर सा सलोने प्रभु की गाथा गाता है। **2986** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

9 इवैयुम् अवैयुम् (2987 - 2997)

आळवारोडु एम्पेरूमान् कलन्दवगै

(॥)

इवैयुम् अवैयुम् उवैयुम्⋆ इवरुम् अवरुम् उवरुम्⋆ अवैयुम् यवरुम् तन्नुळ्ळे⋆ आगियुम् आक्कियुम् काक्कुम्⋆ अवैयुळ् तनिमुदल् एम्मान्⋆ कण्ण पिरान् एन्नमुदम्⋆ शुवैयन् तिरुविन् मणाळन्⋆ एन्नुडै च्चूळल् उळाने॥१॥	सर्वत्र के सभी बस्तुओं एवं प्राणियों के आप प्रथम कारण हैं।आप उन्हें अपने में रख लेते हैं एवं पुनः बनाते हैं तथा उनकी रक्षा करते हैं। हमारे प्रभु! हमारे अमृत! मधुर स्वाद! श्रीपति ! हमारे पास आचुके हैं। **2987**
शूळल् पल पल वल्लान्⋆ तॉल्लैयङ्गालत्तुलगै⋆ केळल् ऑन्रागि इडन्द⋆ केशवन् एन्नुडै अम्मान्⋆ वेळ मरुप्पै ऑशित्तान्⋆ विण्णवर्क्कॅण्णल् अरियान्⋆ आळ नॅडुङ्गडल् शेर्न्दान्⋆ अवन् एन्नरुगलिल्लाने॥२॥	हमारे केशव प्रभु अनेकों आश्चर्य के प्रभु हैं। आपने मदमत्त हाथी का वध किया, सूकर के रूप में धरा को उठाया। आप गहरे सागर में शयन करते हैं जो स्वर्गिकों के लिये भी रहस्य है। आप अब हमारे पास हैं। **2988**
अरुगल् इलाय पॅरुम् शीर्⋆ अमरर्गळ् आदि मुदल्वन्⋆ करुगिय नील नन् मेनि वण्णन्⋆ शॅन्दामरै क्कण्णन्⋆ पॉरु शिरै प्पुळ्ळुवन्देरुम्⋆ पू मगळार् तनि क्केळ्वन्⋆ ऑरुगदियिन्जुवै तन्दिट्टु⋆ ऑळिविलन् एन्नोडुडने॥३॥	अनंत गौरव के निर्मल प्रभु ! स्वर्गिकों के प्रथम कारण ! श्यामल मणिवर्ण के अरूणाभ कमलनयन प्रभु ! लक्ष्मी के अलौकिक पतिदेव ! भयानक पंखों वाले गरूड़ की सवारी में आप आनंद लेते हैं।मिलन का आनंद देते हुए आप हममें प्रवेश कर गये हैं। **2989**
उडन् अमर् कादल् मगळिर्⋆ तिरुमगळ् मण्मगळ् आयर् मड मगळ्⋆ एन्रिवर् मूवर् आळुम्⋆ उलगमुम् मून्रे⋆ उडन् अवै ऑक्क विळुङ्गि⋆ आल् इलै च्चेर्न्दवन् एम्मान्⋆ कडल् मलि माय प्पॅरुमान्⋆ कण्णन् एन् ऑक्कलै याने॥४॥	तीनों रानियां भू देवी श्री देवी एवं नीला देवी आपके साथ बैठने में आनंद लेती हैं। जगत जिस पर आपका राज्य है वे भी तीन हैं। सागर से भी ज्यादा आश्चर्यजनक प्रभु सबों को निगल कर एक शिशु के रूप में तैरते बटपत्र पर सो गये। जागकर अब आप हमारे गोद में आ गये हैं। **2990**
ऑक्कलै वैत्तु मुलै प्पाल् उण् एन्रु⋆ तन्दिड वाङ्गि⋆ शॅक्कम् शॅग अन्रवळ् पाल्⋆ उयिर् शॅगवुण्ड पॅरुमान्⋆ नक्क पिरानोडयनुम्⋆ इन्दिरनुम् मुदलाग⋆ ऑक्कवुम् तोट्रिय ईशन्⋆ मायन् एन् नॅञ्जिन् उळाने॥५॥	अपनी ईच्छा से आश्चर्यमय प्रभु ने शिव इन्द्र ब्रह्मा तथा सभी देवों एवं समस्त जगत को बनाया। पूतना के विषैले स्तन पीने वाले आप हमारे लाड़ले शिशु कृष्ण हैं। जागकर अब आप हमारे वक्ष पर आ गये हैं। **2991**

मायन् एन् नॅञ्जिन् उळ्ळान्⋆ मट्रुम् यवरक्कुम् अदुवे⋆ कायमुम् शीवनुम् ताने⋆ कालुम् एरियुम् अवने⋆ शेयन् अणियन् यवरक्कुम्⋆ शिन्दैक्कुम् कोशरम् अल्लन्⋆ तूयन् तुयक्कन् मयक्कन्⋆ एन्नुडै त्तोळ् इणैयाने॥६॥	सभी के शरीर एवं प्राण, हमारे वक्ष के प्रभु, शुद्ध आकर्षक एवं छली हैं। वायु एवं अग्नि भी आप ही हैं। आप दूर भी एवं पास भी हैं तथा बुद्धि से आपको कोई नहीं समझ सकता। आप हमारे कंधों पर चढ़ गये हैं। इस आश्चर्य को कौन समझ सकता है ? **2992**
तोळ् इणै मेलुम् नन् मार्बिन् मेलुम्⋆ शुडर् मुडि मेलुम्⋆ ताळ् इणै मेलुम् पुनैन्द⋆ तण्णम् तुळाय् उडै अम्मान्⋆ केळ् इणै ऑन्रुम् इलादान्⋆ किळरुम् शुडर् ऑळि मूर्त्ति⋆ नाळ् अणैन्दॉन्रुम् अगलान्⋆ एन्नुडै नाविन् उळाने॥७॥	आप आभापूर्ण ज्योति के प्रतीक हैं एवं आपकी प्रभा तुलना के परे है। कंधे वक्षस्थल मुकुट तथा दिव्य चरणों पर आप तुलसी की गुंथी हुई माला पहनते हैं। दिनानुदिन प्रिय से प्रियतर होते हुए आप हमारी जीभ पर हैं। **2993**
नाविनुळ् निन्रु मलरुम्⋆ ञान क्कलैगळुक्कॅल्लाम्⋆ आवियुम् आक्कैयुम् ताने⋆ अळिप्पोडळिप्पवन् ताने⋆ पूवियल् नाल् तडम् तोळन्⋆ पॉरु पडै आळि शङ्गन्दुम्⋆ कावि नन् मेनि क्कमल क्कण्णन्⋆ एन् कण्णिन् उळाने॥८॥	सबके ज्ञान में, एवं जीभ से प्रस्फुटित होने वाले कला में, आप शब्द एवं चेतन हैं। सुमन सा सुकोमल चतुर्भुज प्रभु, युद्ध विनाशक चक्र एवं शंख धारण करने वाले कमलनयन प्रभु, अब हमारी आंखों में हैं। **2994**
कमल क्कण्णन् एन् कण्णिन् उळ्ळान्⋆ काण्बन् अवन् कण्गळाले⋆ अमलङ्गळ् आग विळिक्कुम्⋆ ऐम्बुलनुम् अवन् मूर्त्ति⋆ कमलत्तयन् नम्बि तन्नै⋆ क्कण्णुदलानॊडुम् तोट्रि⋆ अमल त्तॆय्वत्तोडुलगम् आक्कि⋆ एन् नॅट्रि उळाने॥९॥	आपने कमल से उत्पन्न ब्रह्मा तथा ललाट पर आंख वाले शिव को बनाया। आपने शुद्ध देवतागन तथा उनके समस्त लोक को बनाया। मैं कमलनयन प्रभु को अपनी आंखों में देखता हूं और आप भी हमें स्पष्ट रूप से देखते हैं। आप हमारे ललाट में हैं। **2995**
नॅट्रियुळ् निन्रॆन्नै आळुम्⋆ निरै मलर् प्पादङ्गळ् शूडि⋆ क्कट्रै तुळाय् मुडि क्कोल⋆ क्कण्ण पिरानै त्तॊळुवार्⋆ ऑट्रै प्पिरै अणिन्दानुम्⋆ नान्मुगनुम् इन्दिरनुम्⋆ मट्रैय अमररुम् एल्लाम् वन्दु⋆ एनदुच्चि उळाने॥१०॥	शशिभूषण शिव, चतुर्मुख ब्रह्मा, इन्द्र, एवं अन्य देवगन अपने अपने सिर प्रभु के चरणारविंद पर रखकर पूजा करते हैं। तुलसी की माला धारण किये कृष्ण मेरे ललाट से मेरी रक्षा करते हुए प्रभु अब मेरे सिर पर पधार गये हैं। **2996**
‡उच्चियुळ्ळे निर्कुम् देव देवर्कु⋆ क्कण्ण पिरार्कु⋆ इच्चैयुळ् शॆल्ल उणर्त्ति⋆ वण् कुरुगूर् च्चडगोपन्⋆ इच्चॊन्न आयिरत्तुळ्⋆ इवैयुम् ओर् पत्तॆम्बिरार्कु⋆ निच्चलुम् विण्णप्पम् शॆय्य⋆ नीळ् कळल् शॆन्नि पॊरुमे॥११॥	कुरूगुर के शडगोपन से विरचित हजार पद का यह दशक देवों के प्रभु कृष्ण को प्रेम से संबोधित करता है जो अपने चरणकमल सदा के लिये उन्हें प्रदान कर देंगे जो इसे आत्मीयता के साथ प्रभु के सामने गायेगें। **2997** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

10 पोरूमानीळ् पडै (2998 - 3008)

ईश्वरन् कारणम् इन्रि च्चेय्युम् उपकारम् (।।)

<table>
<tr><td>‡पॊरु मा नीळ् पडै⋆ आऴि शङ्गत्तॊडु⋆
तिरु मा नीळ् कऴल्⋆ एऴ् उलगुम् तॊऴ⋆
ऒरु माणि क्कुरळ् आगि⋆ निमिरन्द⋆ अ–
क्करु माणिक्कम्⋆ एन् कण्णुळदागुमे॥१॥</td><td>अपनी आंखों में मणि वर्ण के श्यामल प्रभु को युद्ध के लिये उद्धत तेजोमय चक्र एवं शंख को धारण किये देखा। उस समय आप वामन के रूप में आये और अपने महान चरणों से धरा को मापा। अहा कैसे आप विस्तृत होकर सातों लोकों से पूजे गये! **2998**</td></tr>
<tr><td>कण्णुळ्ळे निर्कुम्⋆ कादन्मैयाल् तॊऴिल्⋆
एण्णिलुम् वरुम्⋆ एन् इनि वेण्डुवम्⋆
मण्णुम् नीरुम्⋆ एरियुम् नल् वायुवुम्⋆
विण्णुमाय् विरियुम्⋆ एम् पिरानैये॥२॥</td><td>हमारे प्रभु अपने को पृथ्वी आकाश वायु जल एवं अग्नि के रूप में प्रकट किये। जब भी मैं प्रेम से पूजा करता हूं आप मेरी आंखों में प्रवेश कर जाते हैं एवं हमारे हृदय को भर देते हैं। इससे अधिक हमें क्या चाहिये ? **2999**</td></tr>
<tr><td>एम् पिरानै⋆ एन्दै तन्दै तन्दैक्कुम्
तम् पिरानै⋆ तण् तामरै क्कण्णनै⋆
कॊम्बरावु⋆ नुण् नेर् इडै मार्वनै⋆
एम् पिरानै तॊऴाय्⋆ मड नॆञ्जमे॥३॥</td><td>हे हृदय ! शांत राजीवनयन प्रभु की पूजा करो। अपने वक्षस्थल पर आप पद्मश्री लक्ष्मी को धारण करते हैं जिनका अधोभाग नागिन या पेड़ की डाली की तरह पतला है। आप हमारे पिता के नाथ हैं, उनके पिता के नाथ हैं, तथा उनके पहले के पूर्वजों के नाथ हैं। **3000**</td></tr>
<tr><td>नॆञ्जमे नल्लै नल्लै⋆ उन्नै प्पॆट्राल्
एन् शॆय्योम्⋆ इनि एन्न कुरैविनम्⋆
मैन्दनै मलराळ्⋆ मणवाळनै⋆
त्तुञ्जुम्बोदुम्⋆ विडादु तॊडर् कण्डाय्॥४॥</td><td>हमारे प्रभु राजकुमार हैं जिन्होंने पद्मश्री लक्ष्मी से व्याह किया। हे हृदय ! बहुत अच्छा, बहुत अच्छा। तुम्हारी सहायता से हम क्या नहीं कर सकते ? अब हमारी कमी क्या है ? इस संक्रमण काल में प्रभु को द्दढता से पकड़ लो। **3001**</td></tr>
<tr><td>कण्डाये नॆञ्जे⋆ करुमङ्गळ् वाय्क्किन्रु⋆ ओर्
एण् तानुम् इन्रिये⋆ वन्दियलुमारु⋆
उण्डानै⋆ उलगेळुम् ओर् मूवडि
कॊण्डानै⋆ क्कण्डु कॊण्डनै नीयुमे॥५॥</td><td>हे हृदय ! तुमने भी प्रभु को देखा है। आपने सात लोकों को निगल लिया तथा उन्हें तीन कदमों में माप दिया। बिना पंचायती के हमारे कृत्य अब फल देने लगे हैं। **3002**</td></tr>
<tr><td>नीयुम् नानुम्⋆ इन्नेर् निर्गिल्⋆ मेल् मट्रोर्
नोयुम् शार्कॊडान्⋆ नॆञ्जमे शॊन्नेन्⋆
तायुम् तन्दैयुमाय्⋆ इव्वुलगिनिल्⋆
वायुम् ईशन्⋆ मणिवण्णन् एन्दैये॥६॥</td><td>हे हृदय ! मणिवर्ण वाले प्रभु सबकी माता पिता की तरह रक्षा करते हैं। देखो, जब तू एवं हम उनके सामने इस तरह से खड़े होंगे तो वे रोग को कभी भी प्रवेश नहीं करने देंगे। **3003**</td></tr>
</table>

एन्दैये एन्रुम्★ एम् पॆरुमान् एन्रुम्★ शिन्दैयुळ् वैप्पन्★ शॊल्लुवन् पावियेन्★ एन्दै एम् पॆरुमान् एन्रु★ वानवर्★ शिन्दैयुळ् वैत्तु★ च्चॊल्लुम् शॆल्वनैये॥७॥	हे कितना पापी हूं मैं ! मैंने प्रभु से प्रेम करने का दुस्सहस किया एवं आपको पिता से संबोधित किया जिन्हें स्वर्गिक गन ध्यान करते हुए सौभाग्य से पिता एवं नाथ कहते हैं। **3004**
शॆल्व नारणन् एन्र★ शॊल् केट्टलुम्★ मल्गुम् कण् पनि★ नाडुवन् मायमे★ अल्लुम् नन् पगलुम्★ इडै वीडिन्रि★ नल्गि एन्नै विडान्★ नम्बि नम्बिये॥८॥	जब मैं 'श्री नारायण' शब्द सुनता हूं हमारी आंखों से अश्रुधार झरते हैं और पूछता हूं 'कहां ?' कितना आश्चर्य! रात दिन लगातार आप मेरे साथ मित्रवत रहते हैं। **3005**
नम्बियै★ तॆन् कुरुङ्गुडि निन्र★ अ- च्चॆम्पॊने तिगळुम्★ तिरु मूर्त्तियै★ उम्बर् वानवर्★ आदियञ्जोदियै★ एम् पिरानै★ एन् शॊल्लि मरप्पनो॥९॥	तेजोमय प्रभु ऊपर के स्वर्गिकों के कारण हैं। स्वर्ण की तरह प्रदीप्त हो आप दक्षिण कुरूंगुडी में अपनी विशेष पहचान की तरह रहते हैं। ओह किन शब्दों से मैं आपको भूल सकता हू ? **3006**
मरप्पुम् ञानमुम्★ नान् ऒन्रुणर्न्दिलन्★ मरक्कुम् एन्रु★ शॆन्दामरै क्कण्णॊडु★ मरप्पर एन्नुळ्ळे★ मन्निनान् तन्नै★ मरप्पनो इनि★ यान् एन् मणियैये॥१०॥	क्या स्मरण रखना चाहिये तथा क्या विस्मृत हो जाना चाहिए हमें नहीं पता है। और ऐसा न कि मैं भूल जाउं, आप हमारे हृदय में प्रवेश कर गये हैं। **3007**
मणियै वानवर् कण्णनै★ त्तन्नदोर् अणियै★ तॆन् कुरुगूर् च्चडगोपन्★ शॊल् पणि शॆय् आयिरत्तुळ्★ इवै पत्तुडन्★ तणिविलर् कर्परेल्★ कल्वि वायुमे॥११॥	हजार पद का यह दशक कुरूगुर के शडगोपन द्वारा मणिवर्ण के अद्वितीय प्रभु की सेवा में समर्पित किये गये हैं। जो इसे याद करलेंगे वे शुद्ध ज्ञान प्राप्त कर लेंगे। **3008** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

11 वायुम् तिरै (3009 – 3019)

पिरिवाट्रामैक्कु वरून्दल्

कारण स्वरूप प्रभु से ही मोक्ष मिलता है

नायिकी भाव में

वायुम् तिरैयुगळुम्⋆ कानल् मड नाराय्⋆ आयुम् अमर् उलगुम्⋆ तुञ्जिलुम् नी तुञ्जायाल्⋆ नोयुम् पयलैमैयुम्⋆ मीदूर एम्मेपोल्⋆ नीयुम् तिरुमालाल्⋆ नैञ्जम् कोळ् पट्टाये॥१॥	लवण घुले जल पर फुदकने वाली मछली खाने वाली हे श्वेत पक्षी ! यद्यपि कि हमारी मां एवं ईश्वरीय जगत सो रहे हैं तुम सोने नहीं गयी हो।क्या तुम भी मेरी तरह लक्ष्मी के दूल्हा प्रभु से तिरस्कृत होकर वेदनाग्रस्त एवं मुर्झाने के लिये छोड़ दी गयी हो ? **3009**
कोळ् पट्ट शिन्दैयाय्⋆ क्कूर्वाय अन्रिले⋆ शेळ् पट्ट यामङ्गळ्⋆ शेरादिरङ्गुदियाल्⋆ आळ् पट्ट एम्मेपोल्⋆ नीयुम् अरवणैयान्⋆ ताळ् पट्ट तण् तुळाय्⋆ त्तामम् कामुट्राये॥२॥	हे दुखी पक्षी ! क्या तुम भी मेरी तरह प्रभु के जाल में पड़ गयी हो? देर रात जागकर एवं कर्कश चीख से पुकारती हुई क्या तू भी शेषशायी प्रभु के चरणों की शीतल तुलसी माला चाह रही है ? **3010**
कामुट्र कैयरवोडु⋆ एल्ले इराप्पगल्⋆ नी मुट्र क्कण् तुयिलाय्⋆ नैञ्जुरुगि एङ्गुदियाल्⋆ ती मुट्र त्तेन् इलङ्गै⋆ ऊट्टिनान् ताळ् नयन्द⋆ याम् उट्रदुट्रायो⋆ वाऴि कनै कडले॥३॥	गर्जनभरी बहन सागर ! क्या तुम्हें नींद नहीं आती ? तुम रात दिन हृदय विदारक लहरों से पुकारती रहती हो।दक्षिण लंका को जलाकर भस्म कर देने वाले प्रभु का मैं चरण चाहती थी। क्या तुम्हारी भी मेरी तरह वेदना है ? **3011**
कडलुम् मलैयुम्⋆ विशुम्बुम् तुळाय् एम्पोल्⋆ शुडर् कोळ् इराप्पगल्⋆ तुञ्जायाल् तण् वाडाय्⋆ अडल् कोळ् पडैयाऴि⋆ अम्मानै क्काण्बान् नी⋆ उडलम् नोय् उट्रायो⋆ ऊऴि तोरुऴिये॥४॥	सागर पर्वत एवं आकाश से बहने वाली शीतल वायु! मेरी तरह उज्जवल दिन या रात में तुम्हें चैन नहीं है। क्या युग युगान्तर से चक्रधारी प्रभु के दर्शन की प्रतीक्षा करती हुई वेदनाग्रस्त हो गयी हो ? **3012**
ऊऴि तोरुऴि⋆ उलगुक्कु नीर् कोण्डु⋆ तोऴियरुम् यामुम् पोल्⋆ नीराय् नैगिऴिान्र⋆ वाऴिय वानमे⋆ नीयुम् मदुशूदन्⋆ पाऴिमैयिल् पट्टवन् कण्⋆ पाशत्ताल् नैवाये॥५॥	जगत को जल देने वाले भाग्यशाली मेघ ! युग युगान्तर से मेरी एवं मेरी बहन की तरह तू भी पिघल रही है। क्या मधुसूदन के चक्रव्यूह में पड़कर तू प्रेमरोग से ग्रस्त हो गयी हो ? **3013**
नैवाय एम्मे पोल्⋆ नाण्मदिये नी इन्नाळ्⋆ मै वान् इरुळ् अगट्राय्⋆ माळान्दु तेम्बुदियाल्⋆ ऐ वाय् अरवणै मेल्⋆ आऴि प्पेरुमानार्⋆ मैय् वाशगम् केट्टु⋆ उन् मैय्न् नीर्मै तोट्राये॥६॥	हे अर्द्धचंद्र ! आज तू अंधकार नहीं भगा रही हो। मेरी जैसी अभागिनी की तरह तू भी दिन दिन क्षीण होती जा रही है। शेषशायी चक्रधारी प्रभु की प्रतिज्ञा को क्या तू सच मान ली थी ? **3014**

तोट्टोम् मड नॆञ्जम्⋆ एम् पॆरुमान् नारणर्कु⋆ एम् आट्टामै शॊल्लि⋆ अळुवोमै नी नडुवे⋆ वेट्टोर् वगैयिल्⋆ कॊडिदाय् एनै ऊळि⋆ माट्टाण्मै निट्रियो⋆ वाळि कनै इरुळे॥७॥	हे बढ़ती हुई अंधकार ! अपने क्षीण हृदय को प्रभु के पास गंवाकर मैं अपने असह्य दुर्भाग्य पर रोती हूं एवं शोकग्रस्त हूं। हाय ! तू मेरे प्रवलतम शत्रु से भी अधिक कठोर हो। हो सकता है तू जीत जाओगी, कितनी देर तू मुझे प्रताड़ित करोगी ? **3015**
पिन् निन्ऱ कादल् नोय्⋆ नॆञ्जम् पॆरिदडुमाल्⋆ मुन् निन्ऱिरा ऊळि⋆ कण् पुदैय मूडिट्टाल्⋆ मन् निन्ऱ शक्करत्तु⋆ एम् मायवनुम् वारानाल्⋆ इन्निन्ऱ नीळ् आवि⋆ काप्पार् आर् इव्विडत्ते॥६॥	असाध्य प्रेम रोग मेरे हृदय को व्यथित करता है। मेरी धंसी हुई आंखों पर युग कालीन अंधेरा छाया है। शाश्वत चक्रधारी प्रभु भी नहीं आते। इस प्राणी को पृथ्वी पर कौन रक्षा कर सकता है ? **3379**
काप्पार् आर् इव्विडत्तु⋆ कङ्गिरुळिन् नुण् तुळियाय्⋆ शेण् पाल्दूळियाय्⋆ च्चॆल्गिन्ऱ कङ्गुल्वाय्⋆ तू प्पाल वॆण् शङ्गु⋆ शक्करत्तन् तोन्ऱानाल्⋆ ती प्पाल वल्विनैयेन्⋆ दॆय्वङ्गाळ्! एन् शॆय्गोनो॥७॥	आकाश काली चूर्ण से घने रूप से भरा है।लंबी रात युग की तरह बड़ी हो गयी है। धवल शंख एवं चक्र के प्रभु प्रकट नहीं होते। हे देवगन ! हम क्या करें ? हमारे कृत्य अग्नि की तरह दुष्ट हैं। **3380**
दॆय्वङ्गाळ्! एन् शॆय्गोन्⋆ ओर् इरवेळ् ऊळियाय्⋆ मॆय् वन्दु निन्ऱु⋆ एनदावि मॆल्लिविक्कुम्⋆ कै वन्द शक्करत्तु⋆ एन् कण्णनुम् वारानाल्⋆ तै वन्द तण् तॆन्ऱल्⋆ वॆञ्जुडरिल् तान् अडुमे॥८॥	हे देवगन ! अकेली रात सात युग की तरह बड़ी हो गयी है तथा हम पर छा गयी है और मेरे हृदय को क्षीण कर रही है।हाय ! चक्रधारी कृष्ण नहीं आते। बसंत की शीतल हवा आग की तरह झुलस रही है। हम क्या करें ? **3381**
वॆञ्जुडरिल् तान् अडुमाल्⋆ वीङ्गिरुळिन् नुण् तुळियाय्⋆ अञ्जुडर वॆय्योन्⋆ अणि नॆडुम् तेर् तोन्ऱादाल्⋆ शॆञ्जुडर् त्तामरैक्कण्⋆ शॆल्वनुम् वारानाल्⋆ नॆञ्जिडर् तीर्प्पार् इनियार्⋆ निन्ऱुरुगुगिन्ऱेने ! ॥९॥	अंधकार सूक्ष्म कालिमा से घनीभूत हो आग की तरह जलाती है। सूर्य का सुन्दर रथ प्रकट नहीं होता। हाय ! कमल समान आंख वाले संपन्न प्रभु भी नहीं आते। कौन हमारे हृदय की व्याधि को ठीक कर सकता है ? हाय ! मैं खड़ी होकर पिघल रही हूं। **3382**
निन्ऱुरुगुगिन्ऱेने पोल⋆ नॆडु वानम्⋆ शॆन्ऱुरुगि नुण् तुळियाय्⋆ च्चॆल्गिन्ऱ कङ्गुल्वाय्⋆ अन्ऱॊरुगाल् वैयम्⋆ अळन्द पिरान् वारान् एन्ऱु⋆ ऑन्ऱॊरुगाल् शॊल्लादु⋆ उलगो उऱङ्गुमे॥१०॥	हमारी तरह रात में आकाश भी पिघलकर काली बूंदें बिखेर रहा है। संसार बेखबर सोया है, और हाय ! एक बार भी नहीं कहता कि तब धरा को मापने वाले प्रभु नहीं आयेंगे। **3383**
‡उऱङ्गुवान् पोल्⋆ योगु शॆय्द पॆरुमानै⋆ शिऱन्द पॊळिल् शूळ्⋆ कुरुगूर् च्चडगोपन् शॊल्⋆ निऱम् गिळरन्द अन्दादि⋆ आयिरत्तिप्पत्ताल्⋆ इऱन्दु पोय् वैगुन्दम्⋆ शेरावाऱ्ङ्नेयो॥११॥	शयनावस्था में योग निद्रा वाले प्रभु की प्रशस्ति में कहे गये चमकीले रंगीन अंतादि के हजार पदों वाली रचना का यह दशक उत्तम बागों से घिरे कुरूगुर के शठगोपन के हैं।इसे गाने से मृत्यु के पश्चात स्वर्ग मिलेगा। **3384** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

45 एङ्ङ्नेयो (3385 - 3395)

उरूवेळिप्पाडु कण्ड तलैवि तायै मरूत्तुरैत्तल्

नायकी भाव में तिरूक्कुरूंगुडी के प्रभु के भाव से

एङ्ङ्नेयो अन्नैमीर्गाळ् !★ एन्नै मुनिवदु नीर्★ नङ्गळ् कोल त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै★ नान् कण्डपिन्★ शङ्गिनोडुम् नेमियोडुम्★ तामरै क्कण्गळोडुम्★ शॆङ्गनि वाय् ऑन्ऱिनोडुम्★ शॆल्गिन्ऱदॆन् नॆञ्जमे॥१॥	तिरूकुरूंगुडी के आकर्षक प्रभु को देखने के बाद हमारा मन आपके शंख चक्र कमल जैसी आंखें तथा अद्वितीय मूंगा जैसे होंठ के लिये तरस रहा है। सजनी ! अब हमें कैसे दोष लगाओगी ? **3385**
एन् नॆञ्जिनाल् नोक्कि क्काणीर्★ एन्नै मुनियादे★ तॆन् नन् शोलै त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै★ नान् कण्डपिन्★ मिन्नुम् नूलुम् कुण्डलमुम्★ मार्विल् तिरुमरुवुम्★ मन्नु पूणुम् नान्गु तोळुम्★ वन्दॆङ्गुम् निन्ऱिडुमे॥२॥	हमें दोष न लगाओ, हमारे हृदय की आंखों से देखो।जबसे हमने नारियल बगान वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है आपका जनेऊ, कान का हीरा, श्रीवत्स, सुन्दर गहने, एवं चारो हाथ सर्व त्र हमारे सामने दिखते रहते हैं। **3386**
निन्ऱिडुम् तिशैक्कुम् नैयुम् एन्ऱु★ अन्नैयरुम् मुनिदिर्★ कुन्ऱ माड त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै★ नान् कण्डपिन्★ वॆन्ऱि विल्लुम् तण्डुम् वाळुम्★ शक्करमुम् शङ्गमुम्★ निन्ऱु तोन्ऱि क्कण्णुळ् नीङ्गा★ नॆञ्जुळ्ळुम् नीङ्गावे॥३॥	मां ! तुम हमें यह कह कर दोष लगाती हो 'यह खड़ी होती है, लड़खड़ाती है, एवं अचेत हो जाती है'। जबसे हमने ऊंचे महलो वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है आपका विजयी धनुष, गदा, खड्ग, चक्र एवं शंख हमारी आंखों एवं मन से विना विस्मृत हुए सर्वत्र दिखते रहते हैं। **3387**
नीङ्ग निल्ला क्कण्ण नीर्गळ् एन्ऱु★ अन्नैयरुम् मुनिदिर्★ तेन् कॊळ् शोलै त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै★ नान् कण्डपिन्★ पून् तण् मालै त्तण् तुळायुम्★ पॊन् मुडियुम् वडिवुम्★ पाङ्गु तोन्ऱुम् पट्टुम् नाणुम्★ पावियेन् पक्कत्तवे॥४॥	मां ! तुम हमारी आंखों से सर्वदा प्रवाहित आंसू देखकर हम पर दोष लगाती हो। जबसे हमने अमृतमय बाग वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है, आपकी तुलसी फूल की सुन्दर माला, आपका सुनहला मुकुट, आपका मुखारविंद, रेशमी जनेऊ एवं कमरधनी हमारे क्षुद्र मन में कौंधते रहते हैं। **3388**
पक्कम् नोक्कि निर्कुम् नैयुम् एन्ऱु★ अन्नैयरुम् मुनिदिर्★ तक्क कीर्त्तिक् तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै★ नान् कण्डपिन्★ तॊक्कशोदि त्तॊण्डै वायुम्★ नीण्ड पुरुवङ्गळुम्★ तक्क तामरै क्कण्णुम्★ पावियेन् आवियिन् मेलनवे॥५॥	मां ! तुम हमें यह कह कर दोष लगाती हो 'यह खड़ी होती है, एकटक देखती है, एवं अचेत हो जाती है'। जबसे हमने महान यश वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है, आपका दिव्य मूंगा जैसा होंठ लंबी भौंहें एवं सुन्दर कमल सी आंखें ने हमारे क्षुद्र मन को भावग्रस्त कर लिया है। **3389**

मेल्लुम् वन् पळि नङ्गुडिक्किवळ् एन्रु॰ अन्नै काण क्कॉडाळ्॰ शोलै शूळ् तण् तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै॰ नान् कण्डपिन्॰ कोल नीळ् कॉडि मूक्कुम्॰ तामरै क्कण्णुम् कनि वायुम्॰ नील मेनियुम् नान्गु तोळुम्॰ एन् नॅञ्जम् निरैन्दनवे॥६॥	जबसे हमने शांत बाग वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है, आपकी पतली नाक, कमल सी आंखें, मूंगा जैसा होंठ, श्याम वदन एवं चार कंधों ने हमारे हृदय को पूरी तरह भर दिया है। मेरी मां यह कहते हुए दूसरों को हमसे मिलने नहीं देती 'हमलोगों के निर्मल यश को यह लड़की बदनाम करेगी'। **3390**
निरैन्द वन् पळि नम् कुडिक्किवळ् एन्रु॰ अन्नै काणक्कॉडाळ् शिरन्द कीरत्ति त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै॰ नान् कण्डपिन्॰ निरैन्द शोदि वॅळ्ळम् शूळ्न्द॰ नीण्ड पॉन् मेनियॉडुम्॰ निरैन्दॅन् उळ्ळेनिन्रॊळिन्दान्॰ नेमि अङ्गै उळदे॥७॥	जबसे हमने महान यश वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है, आपका अतिसुन्दर एवं पूर्णतया तेजोमय दिव्य स्वरूप हमारे हृदय में घर कर गया है। आप सर्वत्र हाथ में चक्र लिये दिखते हैं। मेरी मां कहती है 'हमलोगों के निर्मल कुल की यह कलंक है'। **3391**
कैयुळ् नन् मुगम् वैक्कुम् नैयुम् एन्रु॰ अन्नैयरुम् मुनिदिर्॰ मै कॉळ् माड त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै॰ नान् कण्डपिन्॰ शॅय्य तामरै क्कण्णुम् अल्गुलुम्॰ शिट्टिडैयुम् वडिवुम्॰ मॉय्य नीळ् कुळल् ताळ्न्द तोळ्गळुम्॰ पावियेन् मुन्निर्कुमे॥८॥	सजनी ! हमें यह कर आपलोग दोष लगाती हैं 'यह अपने मुखड़ा को हाथ में छिपाकर अचेत हो जाती है'। जबसे हमने ऊचे महलों वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है, आपकी अरूणाभ कमलनयन, अधोभाग, पतली कमर, मुखड़ा, लंबी काली लटें एवं विस्तृत कंधे हम पापिनी के समक्ष दिखते रहते हैं। **3392**
मुन् निन्राय् एन्रु तोळि मार्गळुम्॰ अन्नैयरुम् मुनिदिर्॰ मन्नु माड त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै॰ नान् कण्डपिन्॰ शॅन्नि नीळ् मुडि आदियाय॰ उलप्पिल्लणि कलत्तन्॰ कन्नल् पाल् अमुदागि वन्दु॰ एन् नॅञ्जम् कळियाने॥९॥	सजनी बहनें ! हमें यह कर आपलोग दोष लगाती हैं 'तुम कलंक हो'। जबसे हमने मजबूत महलों से घिरे तिरूकुरूंगुडी के दूध एवं शक्कर सा मृदु प्रभु को देखा है, आपकी ऊंचा मुकुट एवं अनगिनत गहनें कभी भी हमारे हृदय को नहीं छोड़ते। **3393**
कळिय मिक्कदोर् कादलळ् इवळ् एन्रु॰ अन्नै काणक्कॉडाळ्॰ वळुविल् कीरत्ति त्तिरुक्कुरुङ्गुडि नम्बियै॰ नान् कण्डपिन्॰ कुळुमि त्तेवर् कुळाङ्गळ्॰ कै तॉळ च्चोदि वॅळ्ळत्तिनुळ्ळे॰ एळुवदोर् उरुवॅन्नॅञ्जुळ् एळुम्॰ आरक्कुम् अरिवरिदे॥१०॥	हमारी मां किसी को हमसे यह कहते हुए नहीं मिलने देती 'यह दिनानुदिन कामी होती जा रही है'। जबसे हमने शाश्वत यश वाले तिरूकुरूंगुडी के प्रभु को देखा है, आपका तेजोमय आभा से उत्प्लावित वदन स्वर्गिकों के समूह से पूजित हमारे हृदय में प्रकट दिखता है जो कि दूसरों के समझ से परे है। **3394**

‡अऱिवरिय पिरानै⋆ आऴि अङ्गियनैये अलट्ऱि⋆ नऱिय नल् मलर् नाडि⋆ नन् कुरुगूर् च्चडगोपन् शॊन्न⋆ कुऱि कॊळ् आयिरत्तुळ् इवै पत्तुम्⋆ तिरुक्कुरुङ्कुडि अदन् मेल्⋆ अऱिय क्कट्ऱु वल्लार् वैट्टणवर्⋆ आळ् कडल् ञालत्तुळ्ळे॥११॥	कुरूगुर के गोरे वदन शडगोपन के चिरपरिचित हजार पद का यह दशक अगम्य चक्रधारी तिरूकुरूंगुडी के प्रभु की सेवा में फूल के साथ गाया जाता है। जो इसे समझकर गायेंगे वे इस धरा पर स्थित रहते हुए विष्णु से एकाकार हो जायेंगे। **3395** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

46 कडल् ञालम् (3396 - 3406)

तलैवन् तन्मैगळै त्तन्दाग क्कोण्डु पेशुम् तलैवियिन् निलैकण्डु ताय् आवेशमो एन्रू नोन्दु कूरल्

नायकी की मां की भूमिका में - 4

कडल् ञालम् शॅय्देनुम् याने एन्नुम्⋆ कडल् ञालम् आवेनुम् याने एन्नुम्⋆ कडल् ञालम् कॉण्डेनुम् याने एन्नुम्⋆ कडल् ञालम् कीण्डेनुम् याने एन्नुम्⋆ कडल् ञालम् उण्डेनुम् याने एन्नुम्⋆ कडल् ञालत्तीशन् वन्देर क्कॉलो⋆ कडल् ञालत्तीरक्किवै एन् शॉल्लुगेन्⋆ कडल् ञालत्तॅन् मगळ् कर्किन्रवे॥१॥	मेरी बेटी धरा पर यह गाते हुए घूमती है 'हमने धरा बनाया, हम ही धरा एवं सागर हैं, हमने ही धरा को अधिकार में लिया, हमने ही धरा को ऊपर उठाया, हमने ही धरा को निगल लिया।' क्या धरा एवं सागर के प्रभु ने इसे भावग्रस्त कर लिया है ? धरावासियों ! कैसे मैं आपको यह समझाऊं ? **3396**
कर्कुम् कल्विक्कॅल्लै इलने एन्नुम्⋆ कर्कुम् कल्वि आवेनुम् याने एन्नुम्⋆ कर्कुम् कल्वि शॅय्वेनुम् याने एन्नुम्⋆ कर्कुम् कल्वि तीरप्पेनुम् याने एन्नुम्⋆ कर्कुम् कल्वि च्चारमुम् याने एन्नुम्⋆ कर्कुम् कल्वि नादन् वन्देर क्कॉलो⋆ कर्कुम् कल्वियीरक्किवै एन् शॉल्लुगेन्⋆ कर्कुम् कल्वि एन् मगळ् काण्गिन्रनवे॥२॥	मेरी बेटी गाती है 'मैं ज्ञान की परिधि से बाहर हूं, मैं ही वह ज्ञान हूं, मैंने ही उस ज्ञान को उत्पन्न किया है'। क्या ज्ञान के प्रभु इस पर विराजमान हो गये हैं ? ज्ञानीजनों ! मैं क्या बताऊं ? **3397**
काण्गिन्र निलम् एल्लाम् याने एन्नुम्⋆ काण्गिन्र विशुम्बॅल्लाम् याने एन्नुम्⋆ काण्गिन्र वॅन्ती एल्लाम् याने एन्नुम्⋆ काण्गिन्र इक्कार्टॅल्लाम् याने एन्नुम्⋆ काण्गिन्र कडल् एल्लाम् याने एन्नुम्⋆ काण्गिन्र कडल् वण्णन् एरक्कॉलो⋆ काण्गिन्र उलगत्तीरक्कॅन् शॉल्लुगेन्⋆ काण्गिन्र एन् कारिगै शॅय्गिन्रनवे॥३॥	भावग्रस्त बेटी जो करती है ! यह कहती है 'धरा मैं हूं। आकाश मैं हूं। अग्नि मैं हूं। वायु मैं हूं। सागर मैं हूं।' क्या सर्वद्दष्टा प्रभु इसमें प्रवेश कर गये हैं ? संसार के साक्षीगन ! मैं क्या बताऊं ? **3398**
शॅय्गिन्र किदि एल्लाम् याने एन्नुम्⋆ शॅय्वान् निन्रनगळुम् याने एन्नुम्⋆ शॅय्दु मुन् इरन्दवुम् याने एन्नुम्⋆ शॅय्गै प्पयन् उण्बेनुम् याने एन्नुम्⋆ शॅय्वार्गळै च्चॅय्वेनुम् याने एन्नुम्⋆ शॅय्य कमल क्कण्णन् एरक्कॉलो⋆ शॅय्य उलगत्तीरक्किवै एन् शॉल्लुगेन्⋆ शॅय्य कनिवाय् इळ मान् तिरत्ते॥४॥	लाल होंठवाली बेटी जो कहती है ! 'जो हो रहा है मैं हूं।जो बचा हुआ है वह मैं हूं। जो हो चुका है मैं ही हूं। मैं सभी कृत्यों के फल को चखता हूं।प्रेरणा मैं ही हूं।' क्या राजीवनयन प्रभु ने इसे भावग्रस्त कर लिया है ? संसार के श्रेयजनों ! मैं क्या बताऊं ? **3399**

तिरम्बामल् मण् काक्किन्रेन् याने एन्नुम्⋆ तिरम्बामल् मलै एडुत्तेने एन्नुम्⋆ तिरम्बामल् अशुररै क्कॊन्रेने एन्नुम्⋆ तिरम् काट्टि अन्रैवरै क्कात्तेने एन्नुम्⋆ तिरम्बामल् कडल् कडैन्देने एन्नुम्⋆ तिरम्बाद कडल्वण्णन् एरक्कॊलो⋆ तिरम्बाद उलगत्तीर्क्कॆन् शॊल्लुगेन्⋆ तिरम्बादॆन् तिरुमगळ् एय्दिनवे॥५॥	मेरी बेटी कहती है 'बिना निष्फल हुए मैं संसार पर शासन करता हूं। अपनी शक्ति दिखाते हुए हमने पर्वत उठा लिया। असुरों का नाश किया एवं पांचजनों की रक्षा की। सागर हमने ही मथा। क्या सागर सा सलोने प्रभु ने इसे अधिकार में ले लिया है ? संसार के महानजनों ! मैं क्या बताऊं ? **3400**
इन वेय् मलै एन्दिनेन् याने एन्नुम्⋆ इनवेरुगळ् शॆट्रेनुम् याने एन्नुम्⋆ इनवन् कन्रु मेयत्तेनुम् याने एन्नुम्⋆ इनवा निरै कात्तेनुम् याने एन्नुम्⋆ इनवायर् तलैवनुम् याने एन्नुम्⋆ इनत्तेवर् तलैवन् वन्देरक्कॊलो⋆ इनवेर्कण् नल्लीरक्किवै एन् शॊल्लुगेन्⋆ इनवेर्कण्णि एन्मगळ् उट्रनवे॥६॥	मेरी मत्स्य नयना बेटी बड़बड़ाती है 'गोप कुल का मैं प्रधान हूं। मैंने ही गायों को चराया। मैंने ही पर्वत उठा लिया। मैंने ही गायों की रक्षा की। मैंने ही सात वृषभों का नाश किया।' स्वर्गिकों के देव ने क्या इसे भावग्रस्त कर लिया है ? संसार के महानजनों ! मैं क्या बताऊं ? **3401**
उट्रार्गळ् एनक्किल्लै यारुम् एन्नुम्⋆ उट्रार्गळ् एनक्किङ्गॆल्लारुम् एन्नुम्⋆ उट्रार्गळै च्चॆय्वेनुम् याने एन्नुम्⋆ उट्रार्गळै अळिप्पेनुम् याने एन्नुम्⋆ उट्रार्गळुक्कुट्रेनुम् याने एन्नुम्⋆ उट्रार् इलि मायन् वन्देर क्कॊलो⋆ उट्रीर्गट्कॆन् शॊल्लि च्चॊल्लुगेन् यान्⋆ उट्रॆन्नुडै प्पेदै उरैक्किन्रनवे॥७॥	मेरी प्यारी बेटी बड़बड़ाती है 'मेरे कोई मित्र नहीं हैं'।तब कहती है 'यहां सभी हमारे मित्र हैं। मैं ही संबंध जोड़ता हूं। मैं ही संबंध विच्छेद करता हूं। मित्रों के बीच का बंधन मैं ही हूं।' अद्वितीय प्रभु ने क्या इसे भावग्रस्त कर लिया है ? संसार के मित्रभाव वाले लोगों ! मैं क्या बताऊं ? **3402**
उरैक्किन्र मुक्कण् पिरान् याने एन्नुम्⋆ उरैक्किन्र तिशैमुगन् याने एन्नुम्⋆ उरैक्किन्र अमररुम् याने एन्नुम्⋆ उरैक्किन्र अमरर् कोन् याने एन्नुम् उरैक्किन्र मुनिवरुम् याने एन्नुम् उरैक्किन्र मुगिल् वण्णन् एरक्कॊलो उरैक्किन्र उलगत्तीर्क्कॆन् शॊल्लुगेन् उरैक्किन्र एन् कोमळ ऒण् कॊडिक्के॥८॥	मेरी सुकुमारी लाड़ली कहती है 'तीन आंख वाले देव की बात करते हो? वह मैं ही हूं।चतुरानन मै हूं। स्वर्गिक जन मैं हूं। स्वर्गिकों का नाथ मैं हूं। संतजन भी मैं ही हूं।' क्या मेघ रंग वाले प्रभु ने इसे अधिकार में कर लिया है ? संसार के बातकरने में दक्ष लोगों ! मैं क्या बताऊं ? **3403**

कॊडिय विनै यादुम् इलने एन्नुम्⋆ कॊडिय विनै आवेनुम् याने एन्नुम्⋆ कॊडिय विनै शॆय्वेनुम् याने एन्नुम्⋆ कॊडिय विनै तीरप्पेनुम् याने एन्नुम्⋆ कॊडियान् इलङ्गै शॆट्रेने एन्नुम्⋆ कॊडिय पुळ्ळुडैयवन् एरक्कॊलो⋆ कॊडिय उलगत्तीरक्किवै एन् शॊल्लुगेन्⋆ कॊडियेन् कॊडि एन् मगळ् कोलङ्गळे॥९॥	मेरी सुकुमारी लाड़ली धूर्त जैसी कहती है 'मैं किसी तरह का धूर्त नहीं हूं। तब कहती है 'कृत्यों की धूर्तता मैं ही हूं। मैं धूर्त का उद्धारक हूं। मैं धूर्त कृत्यों का कर्ता हूं। मैं धूर्त लंका का विनाशकर्ता हूं'। क्या गरूड़ की सवारी करने वाले प्रभु ने इसे अधिकार में कर लिया है ? संसार के धूर्त लोगों ! मैं क्या बताऊं ? **3404**
कोलम् कॊळ् शुवरग्गमुम् याने एन्नुम्⋆ कोलम् इल् नरगमुम् याने एन्नुम्⋆ कोलम् तिगळ् मोक्कमुम् याने एन्नुम् कोलम् कॊळ् उयिर्गळुम् याने एन्नुम् कोलम् कॊळ् तनिमुदल् याने एन्नुम् कोलम् कॊळ् मुगिल्वण्णन् एरक्कॊलो कोलम् कॊळ् उलगत्तीरक्कॆन् शॊल्लुगेन् कोलम् तिगळ् कोदै एन् कून्तलुक्के॥१०॥	मेरी सुन्दर बेटी चिल्लाती है 'सुन्दर स्वर्ग मैं हूं। गंदा नरक मैं हूं। तेजोमय मुक्ति मैं हूं। सुन्दर आत्मा सब मैं ही हूं। सुन्दर प्रथम कारण मैं ही हूं। क्या मेघ रंग के प्रभु ने इसे अधिकार में कर लिया है ? संसार के धूर्त सन्दर लोगों ! मैं क्या बताऊं ? **3405**
कून्दल् मलर् मङ्गैक्कुम् मण् मडन्तैक्कुम्⋆ कुलवायर् कॊळुन्दुक्कुम् केळवन् तन्नै⋆ वायन्द वळुदि वळ नाडन्⋆ मन्नु कुरुगूर् च्चडगोपन् कुट्रेवल् शॆय्दु⋆ आयन्द तमिळ् मालै⋆ आयिरत्तुळ् इवैयुम् ओर् पत्तुम् वल्लार्⋆ उलगिल् एन्दु पॆरुम् शॆल्वत्तराय्⋆ त्तिरुमाल् अडियार्कळै प्पूशिक्क नोट्रार्गळे॥११॥	उपजाऊ वलुदी पांडया राज्य का नगर कुरूगुर के शडगोपन के चयन किये हुए तमिल के हजार पद की माला का यह दशक श्री देवी भूदेवी एवं नीला देवी के पतिदेव की प्रशस्ति है। जो इसे गा सकेंगे वे प्रभु के भक्तों की सेवा अपार संपति से करेंगे। **3406** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

47 नोट्र नोन्बु (3407 - 3417)

वानमामलै प्पेरूमानदु अरूळै वेण्डल्

शिरीवरमंगल नगर ः यह स्थान नांगुनेरी या वानमामलै या तोताद्री के नाम से प्रसिद्ध है। तिरूनेलवेली से करीब 40 कि मी पर सड़क मार्ग से आसानी से जुड़ा हुआ है। यहां मूलावर बैठे मुद्रा में पूर्वाभिमुख हैं तथा पार्श्व में दोनों लक्ष्मी विराजमान हैं। मूलावर को तोताद्री नाथ एवं उत्सव मूर्ति को देवनायक कहते हैं। यहां की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी शिरीवरमंगै के नाम से जानी जाती हैं। यह स्थान आठ स्वयं व्यक्त स्थानों में से एक है ः बदरी , शालग्राम, नैमिषारण्य, पुष्कर, तिरूमला, श्रीरंगम, श्रीमूषम तथा तोताद्री। यहां भगवान को तिल के तेल से स्नान कराया जाता है जो महान औषधि के रूप में लिया जाता है। मानवला मा मुनि यानी वरवर मुनि स्वामी द्वारा स्थापित आठ गद्दियों में से एक है जो वानमामलै जीयर के नाम से जाने जाते हैं। यहां मानवला मा मुनि की अंगूठी है जो इप्पसी माह में मूल नक्षत्र में उत्सव में दर्शनार्थ बाहर लायी जाती है। (Refer Ramesh vol. 4, pp 188)

नोट्र् नोन्पिल्लेन् नुण्णऱिविल्लेन्⋆ आगिलुम् इनि उन्नै विट्टु⋆ ऑन्ऱुम् आट्र् किन्ऱिल्लेन्⋆ अरविन् अणै अम्माने⋆ शेट्रु त्तामरै शॅन्नॆल् ऊडु मलर्⋆ शिरीवर मङ्गलनगर्⋆ वीट्रिरुन्द एन्दाय् !⋆ उनक्कु मिगै अल्लेन् अङ्गे⋆ ॥१॥	शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) में रहने वाले प्रभु जहां लाल कमल एवं धान की बहुतायत है। मैंने तपस्या नहीं की है और न हमें सूक्ष्म मेधा प्राप्त है। तबभी हम एक क्षण के लिये भी आपसे अलग नहीं रहना चाहते हैं।क्या बहुतों में से मैं वहां एक हूं ? **3407**
अङ्गुट्रेन् अल्लेन् इङ्गुट्रेन् अल्लेन्⋆ उन्नै क्काणुम् अवाविल् वीऴ्न्दु⋆ नान् एङ्गुट्रेनुम् अल्लेन्⋆ इलङ्गै शॅट्र् अम्माने⋆ तिङ्गळ् शेर्मणि माड नीडु⋆ शिरीवर मङ्गलनगर् उरै⋆ शङ्गु शक्करत्ताय् !⋆ तमियेनुक्करुळाये॥२॥	लंका के नाशकरने वाले प्रभु ! मैं न तो यहां हूं और न वहां हूं। आपके दर्शन की इच्छा से ग्रस्त मैं कहीं नहीं हूं। चांद से रक्षित ऊंची महलों वाला शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) में रहने वाले शंख चक्रधारी प्रभु ! विनती है, इस भूले प्राणी पर कृपा कीजिये। **3408**
करुळ पुट्कॊडि शक्कर प्पडै⋆ वान नाड ! एन् कार्मुगिल् वण्णा⋆ पॉरुळ् अल्लाद एन्नै प्पॉरुळाक्कि⋆ अडिमै कॊण्डाय्⋆ तॆरुळ् कॊळ् नान्मरै वल्लवर् पलर् वाऴ्⋆ शिरीवर मङ्गलनगर्क्कु⋆ अरुळ् शॆय्दङ्गिरुन्दाय् !⋆ अऱियेन् ऑरु कैम्मारे॥३॥	चक्र एवं गरूड़ ध्वज वाले वैकुंठ के श्यामल प्रभु ! इस तुच्छ प्राणी को बनाकर आपने अपनी सेवा में स्वीकार कर लिया। अनेकों वैदिक ऋषियों वाला शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) में रहने वाले प्रभु ! आपने वहीं से कृपा दिखायी है। मैं नहीं जानता कैसे इस उपकार का बदला चुकाऊं ? **3409**

मारु शेर् पडै नूट्टवर् मङ्ग⋆ ओर् ऐवर्– क्कायन्रु मायप्पोर् पण्णि⋆ नीरु शेय्द एन्दाय् !⋆ निलम् कीण्ड अम्माने⋆ तेरु ज्ञानत्तर् वेद वेळ्वियरा⋆ श्शिरीवर मङ्गलनगर्⋆ एरि वीट्रिरुन्दाय् !⋆ उन्नै एङ्ङेय्द क्कूवुवने॥ ४ ॥	पृथ्वी को उठाने वाले प्रभु ! पांच पांडवों के लिये आपने कौरवों से लड़ाई लड़कर उन्हें धूल में मिला दिया। आप वैदिक ऋषिगन से घिरे शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) में रहने आये हैं जहां अनवरत वैदिक यज्ञ होता है। मैं आपसे वहीं मिलने के लिये पुकार रहा हूं। **3410**
एय्द क्कूवुदल् आवदे एनक्कु⋆ एव्व दैव्वत्तुळ् आयुमाय् निन्रु⋆ कै तवङ्गळ् शेय्युम्⋆ करुमेनि अम्माने⋆ शेय्द वेळ्वियर् वैय त्तेवररा⋆ श्शिरीवर मङ्गलनगर्⋆ कै तोळ इरुन्दाय्⋆ अदु नानुम् कण्डेने॥ ५ ॥	कण कण में व्याप्त रह कर विस्मयकारी कृत्यों को करने वाले श्यामल प्रभु ! क्या यह संभव है कि मैं आपको बुलाऊं ? शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) के प्रभु जहां ईश्वरीय जन वैदिक यज्ञ करते हैं। यह मैंने देखा है कि आप पूजा के लिये उपलब्ध हैं। **3411**
एनमाय् निलम् कीण्ड एन्नप्पने ! कण्णा !⋆ एन्रुम् एन्नै आळुडै⋆ वान नायगने !⋆ मणि माणिक्क च्चुडरे⋆ तेनमाम् पोळिल् तण् शिरीवर मङ्गलत्तवर्⋆ कै तोळवुरै⋆ वान मामलैये !⋆ अडियेन् तोळ वन्दरुळे॥ ६ ॥	वराह स्वरूप में आने वाले वैकुंठ के तेजोमय श्यामल प्रभु ! मेरे पिता, मेरे कृष्ण, महान स्वर्गीय पर्वत वानमामलै के हमारे सर्वदा के लिये नाथ, आप मधुर आम के बाग वाले शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) के लोगों से पूजित हैं। विनती है, मेरे पास आईये जिससे कि मैं आपकी पूजा कर सकूं। **3412**
वन्दरुळि एन् नेञ्जिडम् कोण्ड⋆ वानवर् कोळुन्दे !⋆ उलगुक्कोर् मुन्दै त्ताय् तन्दैये !⋆ मुळु एळुलगुम् उण्डाय् !⋆ शेन्दोळिलवर् वेद वेळ्वि अरा⋆ श्शिरीवर मङ्गलनगर्⋆ अन्दमिल् पुगळाय् !⋆ अडियेनै अगट्रेले॥ ७ ॥	अतृप्त अमृत ! प्रथम प्रभु ! मेरा शरीर आपके प्रेम में पिघलता है। आपने हमें रूलाकर अश्रांत जल की तरह तड़पन की स्थिति में रखा है।हमने आपके तेजोमय स्वरूप को तिरूकुडन्दै में देखा है जहां आप उपजाऊ जल में शयन करते हैं और धान के पौधे चवर की तरह हवा करते हैं। **3418**
अगट्र नी वैत्त माय वल्लै ऐम्बुलन्ग– ळाम् अवै⋆ नन्गारिन्दनन्⋆ अगट्रि एन्नैयुम् नी⋆ अरुम् शेट्रिल् वीळ्त्ति कण्डाय्⋆ पगल् कदिर् मणि माडम् नीडु⋆ शिरीवर मङ्ग वाणने⋆ एन्रुम् पुगर्करिय एन्दाय् !⋆ पुळ्ळिन् वाय् पिळन्दाने ! ॥ ८ ॥	भ्रम उत्पन्न करने वाले ये दुष्ट इन्द्रियां जो आपकी दी हुई हैं एक दिन मुझे छोड़ देंगे। यह मैं अच्छी तरह जानता हूं। जरा देखिये, आपने भी मेरा त्याग कर मुझे कचरे के ढ़ेर में डाल दिया है। शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) के निवासी प्रभु जहां ऊंचे महल चमकते हैं। आपने पक्षी का चोंच चीर डाला एवं आपके पास पहुंचना कठिन है। **3414**

पुळ्ळिन् वाय् पिळन्दाय्! मरुदिडै पोयिनाय्!⋆ ए॒रुदेळ् अडर्त्त⋆ ए॒न् कळ्ळ मायवने!⋆ करु माणिक्क च्चुडरे⋆ तॆळ्ळियार् तिरु नान्मऱैगळ् वल्लार्⋆ मल्गि तण् शिरीवर मङ्गै⋆ उळ् इरुन्द ए॒न्दाय्!⋆ अरुळाय् उय्युमाऱॆनक्के॥९॥	पक्षी के चोंच चीरने वाले प्रभु मरूदु वृक्षों में घुस गये। आपने सात वृषभों का नाश किया। मणि वर्ण के तेजोमय धूर्त प्रभु! अनेको स्पष्ट मत वाले वेद के पूर्ण ज्ञाता शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) में रहते हैं। मेरे प्रभु इनके मध्य में स्थित हैं। विनती है, मुक्ति का मार्ग बताईये। **3415**
आऱॆनक्कु निन् पादमे⋆ शरणाग त्तन्दॊळिन्दाय्⋆ उनक्कोर् कैम्माऱु नान् ऑन्ऱिलेन्⋆ ए॒नदावियुम् उनदे⋆ शेऱु कॊळ् करुम्बुम् पॆरुम् शॆन्नॆल्लुम्⋆ मल्गि तण् शिरीवर मङ्गै⋆ नाऱु पून् तण् तुळाय् मुडियाय्!⋆ दॆय्वनायगने! ॥१०॥	शीतल तुलसी की माला पहने स्वर्गिकों के नाथ! धान एवं गन्ना के ऊंचे पौधे वाले शिरीवरमंगल नगर (तोताद्री या नांगुनेरी या वानमामलै) में रहते हैं। आपने अपने चरण मुझे एकमात्र आश्रय के रूप में तथा मार्ग के रूप में दिया है। हमारे पास कृतज्ञता वश देने के लिये कुछ है भी नहीं। यहां तक कि मेरा हृदय भी आपका ही है। **3416**
दॆय्वनायगन् नारणन्⋆ तिरिविक्किरमन् अडियिणैमिशै⋆ कॊय् कॊळ् पूम् पॊळिल् शूळ्⋆ कुरुगूर् च्चडगोपन्⋆ शॆय्द आयिरत्तुळ् इवै⋆ तण् शिरीवर मङ्गै मेय पत्तुडन्⋆ वैगल् पाड वल्लार्⋆ वानोर्क्कारावमुदे॥११॥	सुन्दर फूल के बागों से घिरे कुरूगुर के शडगोपन से विरचित हजार तमिल पद का यह दशक देवनायक, नारायण, एवं त्रिविक्रम प्रभु के चरण की प्रशस्ति में है। जो इसे गा सकेंगे वे स्वर्गिकों के सदा अमृत समान प्रिय बने रहेंगे। **3417** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

48 आरावमुदे (3418 - 3428)

अरावमुदावळार पेरूगळै त्तारामैयाल् आळवार तीराद आशैयुडन् आट्रामै पेशि अलमरूदल्

(नायकी भाव में)

आरावमुदे ! अडियेन् उडलम्⋆ निन्बाल् अन्बाये⋆ नीराय् अलैन्दु करैय⋆ उरुक्कुगिन्र नेंडुमाले⋆ शीरार् शेंन्नेल् कवरि वीशुम्⋆ शेंळु नीर् त्तिरुक्कुडन्दै⋆ एरार् कोलम् तिगळ क्किडन्दाय् !⋆ कण्डेन् एम्माने ! ॥१॥	अतृप्त अमृत ! प्रथम प्रभु ! मेरा शरीर आपके प्रेम में पिघलता है। आपने हमें रूलाकर अश्रांत जल की तरह तड़पन की स्थिति में रखा है।हमने आपके तेजोमय स्वरूप को तिरूकुडन्दै में देखा है जहां आप उपजाऊ जल में शयन करते हैं और धान के पौधे चवर की तरह हवा करते हैं। **3418**
एम्माने ! एन् वेंळ्ळै मूर्त्ति !⋆ एन्नै आळ्वाने⋆ एम्मा उरुवुम् वेण्डुम् आट्राल्⋆ आवाय् एळिल् एरे⋆ शेंम्मा कमलम् शेंळु नीर् मिशैक्कण् मलरुम्⋆ तिरुक्कुडन्दै⋆ अम्मा मलर्क्कण् वळर्गिन्राने !⋆ एन्नान् शेंय्गेने ! ॥२॥	मेरे प्रभु, मेरे शासक, मेरे शुद्ध प्रतीक चिह्न, मेरे सुन्दर काले वृषभ ! आप स्वेच्छा से कोई भी स्वरूप धारण करते हैं। आप तिरूकुडन्दै में कमल फूल से भरे जल में शयन करते हैं। आपकी स्वप्निल आंखें फूल के समान दिखती है। अहा ! मैं क्या कर सकती हूं ? **3419**
एन् नान् शेंय्गेन् ! यारे कळैगण्⋆ एन्नै एन् शेंय्गिन्राय्⋆ उन्नाल् अल्लाल् यावरालुम्⋆ ऑन्रुम् कुरै वेण्डेन्⋆ कन्नार् मदिळ् शूळ् कुडन्दै क्किडन्दाय् !⋆ अडियेन् अरुवाणाळ्⋆ शेंन्नाळ् एन्नाळ् अन्नाळ्⋆ उनदाळ् पिडित्ते शेंलक्काणे ॥३॥	मैं क्या कर सकती हूं ? आपने मेरे लिये क्या किया है ? कौन हमारी रक्षा कर सकता है ? पत्थर की दीवार से घिरे तिरूकुडन्दै में आप शयन करते हैं। आपके अतिरिक्त किसी अन्य से मैं रक्षा की पुकार नहीं करती। विनती है, हमारा बचा हुआ जीवन आपके चरणारविंद के आश्रय में बीते। **3420**
शेंल क्काण्गिर्पार् काणुम् अळवुम्⋆ शेंल्लुम् कीर्त्तियाय्⋆ उलप्पिलाने ! एल्ला उलगुम् उडैय⋆ ऑरु मूर्त्ति⋆ नलत्ताल् मिक्कार् कुडन्दै क्किडन्दाय् !⋆ उन्नै क्काण्बान्नान् अलप्पाय्⋆ आगाशत्तै नोक्कि⋆ अळुवन् तोंळुवने ॥४॥	सदा ज्ञान सीखने में रत ऋषियों से अगम्य प्रभु ! अनंत प्रभु ! आपके स्वरूप में सारा विश्व है। अत्यंत श्रेय जनों से घिरे तिरूकुडन्दै में आप शयन करते हैं। आपके दर्शन का आकांक्षी मैं अव्यवस्थित आकाश को देखकर रोती हूं तथा विनती करती हूं। **3421**
अळुवन् तोंळुवन् आडि क्काण्बन्⋆ पाडि अलट्रुवन्⋆ तळुवल् विनैयाल् पक्कम् नोक्कि⋆ नाणि क्कविळ्न्दिरुप्पन्⋆ शेंळुवोंण् पळन क्कुडन्दै क्किडन्दाय् !⋆ शेंन्दामरै क्कण्णा !⋆ तोंळुवनेनै उनदाळ् शेरुम्⋆ वगैये शूळ् कण्डाय् ॥५॥	मैं रोती हूं तथा विनती करती हूं। नाच गाकर आपकी सर्वदा प्रशस्ति गाती हूं। दूर देखकर अपने कृत्यों के लिये अपना सिर लज्जा से झुका लेती हूं। तिरूकुडन्दै के उपजाऊ खेतों में शयन करने वाले राजीव नयन प्रभु ! विनती है कि इस पश्चाताप करती आत्मा को अपने चरणारविंद का मार्ग दिखाइये। **3422**

शूळ् कण्डाय् एन् तॊल्लै विनैयै अरुत्तु⋆ उन् अडिशेरुम् ऊळ् कण्डिरुन्दे⋆ तूराक्कुळि तूर्त्तु⋆ एनै नाळ् अगन्रिरुप्पन्⋆ वाळ् तॊल् पुगळार् कुडन्दै क्किडन्दाय्!⋆ वानोर् कोमाने⋆ याळिन् इशैये! अमुदे!⋆ अरिविन् पयने! अरियेरे! ॥६॥	स्वर्गिकों के प्रभु ! चिरंतन गौरव वाले लोगों से घिरे तिरूकुडन्दै में शयन करने वाले पभु ! हे वीणा की ध्वनि, अमृत, प्रसन्नता, ज्ञान के फल, सिंहों के राजा, हमें कर्मो से मुक्त कर दीजिये। अवश्य मार्ग बताईये, हमें आप तक पहुंचानें की चाह है। कब तक मैं यहां बिना पेंदी के गडढ़े को भरती रहूंगी ? **3423**
अरियेरे! एन्नम् पॊन् शुडरे!⋆ शॆङ्कण् करु मुगिले!⋆ एरिये! पवळ क्कुन्रे!⋆ नाल् तोळ् एन्दाय्! उनदरुळे⋆ पिरिया अडिमै एन्नै क्कॊण्डाय्⋆ कुडन्दै त्तिरुमाले⋆ तरियेन् इनि उन् शरणम् तन्दु⋆ एन् शन्मम् कळैयाये॥७॥	सिंहों के राजा, सुनहला तेज, अरूणाभ नयन मेघ वदन प्रभु ! मूंगा के चमकते पर्वत, चार भुजाओं के प्रभु ! तिरूकुडन्दै के प्रभु ! अपनी करूणा से आपने हमें बंधुआ प्राणी बना लिया। अव अपना संरक्षण देकर हमें जन्म से मुक्त कीजिये। अव इससे ज्यादा हम नहीं सहन कर सकते। **3424**
कळैवाय् तुन्बम् कळैया तॊळिवाय्⋆ कळैगण् मट्रिलेन्⋆ वळै वाय् नेमि प्पडैयाय्!⋆ कुडन्दै क्किडन्द मा माया⋆ तळरा उडलम् एन्नदावि⋆ शरिन्दु पोम् पोदु⋆ इळैयादुन ताळ् ऑरुङ्ग प्पिडित्तु⋆ प्पोद इशैनीये॥८॥	तीक्ष्ण चक्र धारण किये तिरूकुडन्दै के शयन किये अति आश्चर्य मय प्रभु ! आप मेरी यातना का अंत करें या न करें आप ही मेरे एक मात्र आश्रय हैं। जब यह शरीर थक जाये एवं मेरा अंत आ जाये कृपा करके अपने चरण में स्थान प्रदान कीजिये। **3425**
इशैवित्तेन्नै उन् ताळ् इणैक्कीळ्⋆ इरुत्तुम् अम्माने⋆ अशैविल् अमरर् तलैवर् तलैवा⋆ आदि प्पॆरु मूर्त्ति⋆ तिशै विल् वीशुम् शॆळु मा मणिगळ् शेरुम्⋆ तिरुक्कुडन्दै⋆ अशैविल् उलगम् परव क्किडन्दाय्!⋆ काण वाराये॥९	प्यार से अपने चरण में बांधने वाले प्रभु, गतिहीन देवों के स्वामी, चमकते रत्न वाले तिरूकुडन्दै में शयन किये प्रभु ! प्रथम कारण, सभी लोकों से प्रशंसित प्रभु ! विनती है, आइये जिससे कि आपका दर्शन मिले। **3426**
वारावरुवाय् वरुमॆन् माया!⋆ माया मूर्त्तियाय्⋆ आरावमुदाय् अडियेन् आवि⋆ अगमे तित्तिप्पाय्⋆ तीरा विनैगळ् तीर एन्नै आण्डाय्!⋆ तिरुक्कुडन्दै ऊरा!⋆ उनक्काळ् पट्टुम्⋆ अडियेन् इन्नम् उळल्वेनो॥१०॥	बिना स्वरूप के प्रभु जो स्वेच्छा से मनचाहे स्वरूप धारण करते हैं। अतृप्त अमृत, हमारे हृदय के आनंद, तिरूकुडन्दै के निवासी ! हमारे अंतहीन कर्म का अंत कर हमें संरक्षण प्रदान करनेवाले ! आपके सेवक होने पर भी हमें यातनाग्रस्त रहना ही होगा ? **3427**
उळलै एन्बिन् पेय्च्चि मुलैयूडु⋆ अवळै उयिर् उण्डान्⋆ कळल्गळ् अवैये शरणाग क्कॊण्ड⋆ कुरुगूर् च्चडगोबन्⋆ कुळलिन् मलिय च्चॊन्न⋆ ओर् आयिरत्तुळ् इप्पत्तुम्⋆ मळलै तीर वल्लार्⋆ कामर् मानेय् नोक्कियर्क्के॥११॥	बांसुरी से भी मधुर हजार गीतों का यह दशक कुरूगुर शडगोपन से गाये हुए हैं जो पूतना राक्षसी का स्तन चूसते हुए उसके प्राण चूसने वाले कृष्ण के चरणाश्रित हैं। जो इसका त्रुटिरहित गान करेंगे वे मृगनयनी किशोरियों से पूजे जायेंगे। **3428** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

49 मानेय नोक्कु (3429 - 3439)

तिरूवल्लवाळ् शेल्लुदलै त्तडुक्कुम् तोऴियारक्कु त्तलैवि कूरूदल्

(नायकी भाव मे सखियों से वार्ता)

तिरूवल्लवाळ ः यह स्थान केरल में कोट्टायम शहर के वल्लभ क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। मूलावर खड़े मुद्रा में पूर्वाभिमुख हैं और अतीव ही सुन्दर हैं।आपको कोलपिरान या तिरूवळमारवान या श्री वल्लभ कहा जाता है। यह प्राचीन नगर वैष्णवता के इतिहास में तिरूवल्ला के नाम से प्रसिद्ध है। कांचीपुरम के सातवीं शताब्दी के विद्वान दंडिन ने भी अपनी रचना में यहां के बारे में उल्लेख किया है। यहां गरूड़ स्तंभ करीब **2** फीट व्यास का जमीन से ऊपर **50** फीट ऊंचा एक ही भाग में ग्रेनाईट पत्थर से बना है। कहते हैं इतना हीं अंश जमीन के नीचे है।इसके ऊपर के पंचलोक भाग में गरूड़ की तीन फीट की प्रतिमा है। मंदिर की भीतरी प्रागंन में एक तालाब है जिसमें जल हमेशा वर्तमान रहता है।
गर्भगृह गोलाकार आकृति का है जिसमें पूरब अंश में मूलावर हैं तथा पश्चिम वाले अंश में सुदर्शन स्थापित हैं। मूलावर **5** फीट के चतुर्भज रूप में है। ऊपर के दो हाथ चक्र शंख से विभूषित हैं। नीचे का दायां कमल धारण किये है जबकि बायां कमर पर टिका हुआ है।श्रीवल्लभ सन्निधी में प्रसाद में चंदन मिलता है जबकि सुदर्शन सन्निधि में विभूती का प्रसाद मिलता है।भगवान को यहां कत्थकली की प्रस्तुती गायन एवं वाद्य के साथ बहुत ही प्रिय है। (Refer Ramesh vol. 7, pp 106)

मानेय् नोक्कु नल्लीर् !⋆ वैगलुम् विनैयेन् मॆलिय⋆ वानार् वण् कमुगुम्⋆ मदु मल्लिगैयुङ्गमळुम्⋆ तेनार् शोलैगळ् शूळ्⋆ तिरुवल्लवाळ् उरैयुम् कोनारै⋆ अडियेन् अडिकूडुवदॆन्ऱुगॊलो॥१॥	मृगनयनी सखियां ! यह क्षुद्र दिनानुदिन क्षीण हो रही है।प्रभु तिरूवल्लवाळ में रहते हैं जहां गगनचुंबी अरेका वृक्ष सुगंध विखेरते चमेली के बाग तथा मधु टपकाते फल के बगानों के बीच हैं। हाय ! कब यह भक्तात्मा प्रभु के चरण को प्राप्त कर सकेगी ? **3429**
एन्ऱुगॊल् तोळिमीर्गाळ्⋆ एम्मै नीर् नलिन्दॆन्शॆय्दिरो⋆ पॊन् तिगळ् पुन्नै मगिळ्⋆ पुदु मादवि मीदणवि⋆ तॆन्ऱल् मणम् कमळुम्⋆ तिरुवल्लवाळ् नगरुळ् निन्ऱ पिरान्⋆ अडिनीऱडियोम् कॊण्डु शूडुवदे॥२॥	सखियां ! हमें इस तरह से पीड़ित क्यों करती हो ? प्रभु तिरूवल्लवाळ में खड़े हैं जहां सुनहले पुन्ने मगिळ एवं माधवी फूलों की महक हवा मे व्याप्त है। हाय ! कब हमलोग आपके चरण रज हम अपने सिर पर धारण कर सकेंगे ? **3430**
शूडुम् मलर्क्कुळलीर् !⋆ तुयराट्टियेनै मॆलिय⋆ पाडुनल् वेदवॊलि⋆ परवै त्तिरै पोल् मुळङ्ग⋆ माडुयर्न्दोम प्पुगै कमळुम्⋆ तण् तिरुवल्लवाळ्⋆ नीडुऱैगिन्ऱ पिरान्⋆ कळल् काण्डुङ्गॊल् निच्चलुमे॥३॥	फूल के जूड़े वाली सखियां ! हम स्वयं वेदना हैं। हम क्षीण हो गये हैं। प्रभु तिरूवल्लवाळ में खड़े हैं जहां वैदिक वेदी का सुगंधित धुंआ उठता है तथा शमन लोग सागर गर्जन की तरह पाठ करते हैं। हाय ! कब हमलोग आपके चरण बिना व्यवधान के देख सकेंगे ? **3431**

निच्चलुम् तोळिमीर्गाळ् !⋆ एम्मै नीर् नलिन्दैन् शैय्दिरो⋆ पच्चिलै नीळ् कमुगुम्⋆ पलवुम् तॆङ्गुम् वाळैगळुम्⋆ मच्चणि माडङ्गळ् मीदणवुम्⋆ तण् तिरुवल्लवाळ्⋆ नच्चरविन् अणैमेल्⋆ नम्पिरानदु नन्नलमे॥ ४ ॥	सखियां ! हमें इस तरह से सर्वदा पीड़ा क्यों देती हो ? फनधारी शेष पर शयन करने वाले प्रभु तिरूवल्लवाळ में खड़े हैं जहां पान, कटहल, अरेका, नारियल, एवं कदली के बागों से घिरे ऊंचे महल स्थित हैं। प्रभु की कुशलता हमारे लिये श्रेयस्कर है। **3432**
नन्नल तोळिमीर्गाळ् !⋆ नल्ल अन्दणर् वेळ्वि प्पुगै⋆ मैन्नलङ्गॊण्डुयर् विण् मरैक्कुम्⋆ तण् तिरुवल्लवाळ्⋆ कन्नलम् कट्टि तन्नै⋆ क्कनियै इन्नमुदम् तन्नै⋆ एन्नलम् कॊळ् शुडरै⋆ एन्ऱुगॊल् कण्गळ् काण्बदुवे॥ ५ ॥	अच्छे स्वभाव की सखियां ! वैदिक ऋषि के वेदी से यज्ञ का धुंआ तिरूवल्लवाळ में बादल की तरह छाये है। यहां मधुर अमृत, फल, एवं मिश्री जैसे प्रभु ने हमारी कुशलता चुरा ली है। हाय ! कब हमारी आंखें प्रभु के तेजोमय वदन को देखेंगी ? **3433**
काण्बदॆञ्ञान्ऱु कॊल्लो⋆ विनैयेन् कनिवाय् मडवीर्⋆ पाण् कुरल् वण्डिनॊडु⋆ पशुन् तॆन्ऱलुम् आगि एङ्गुम्⋆ शेण् शिनै ओङ्गु मर⋆ च्चॆळुङ्गानल् तिरुवल्लवाळ्⋆ माण् कुऱळ् कोल प्पिरान्⋆ मलर् त्तामरै प्पादङ्गळे॥ ६ ॥	वैर की तरह होठ वाली सखियां ! सुन्दर वामन की तरह आने वाले प्रभु उपजाऊ तिरूवल्लवाळ में रहते हैं जहां ताजी हवा के घने बागों में ऊंचे वृक्ष हैं तथा मधुमक्खियां वीणा की धुन की तरह मंड़राती हैं। हाय ! कब यह अभागिन प्रस्फुटित कमल समान चरण देखेगी ? **3434**
पादङ्गळ् मेलणि⋆ पू त्तॊळ क्कूडुङ्गॊल् पावै नल्लीर्⋆ ओद नॆडुन्दडत्तुळ्⋆ उयर् तामरै शॆङ्गळुनीर्⋆ मादर्गळ् वाळ् मुगमुम्⋆ कण्णुम् एन्दुम् तिरुवल्लवाळ्⋆ नादन् इञ्ञालम् उण्ड⋆ नम् पिरान् तन्नै नाळ्दॊऱुमे॥ ७ ॥	नेक सखियां ! विश्व को निगलने वाले हमारे नाथ एवं प्रभु तिरूवल्लवाळ में रहते हैं जहां कुमुद एवं कमल बड़े ताल में ऊंचे बढकर आभापूर्ण नारियों की आंख एवं मुखड़ा तक पहुंच जाती हैं। हाय ! कब हम आपके चरण फूल से हर दिन पूजेंगे ? **3435**
नाळ्दॊऱुम् वीडिन्ऱिये⋆ तॊळ क्कूडुङ्गॊल् नन्नुदलीर्⋆ आडुऱु तीङ्गरुम्पुम्⋆ विळै शॆन्नॆलुम् आगि एङ्गुम्⋆ माडुऱु पून्दडम् शेर्⋆ वयल् शूळ् तण् तिरुवल्लवाळ्⋆ नीडुरैगिन्ऱ पिरान्⋆ निलम् ताविय नीळ् कळले॥ ८ ॥	चमकते ललाट की सखियां ! विश्व को मापने वाले प्रभु फूलों से भरे अनेकों खेतों से घिरे तिरूवल्लवाळ में रहते हैं जहां गन्ना धीरे से झूमते हैं तथा सभी दिशाओं में पके सुनहले धान भरे हैं। हाय ! कब हम आपके चरण हर दिन बिना व्यवधान के पूजेंगे ? **3436**
कळल् वळै पूरिप्प याम् कण्डु⋆ कैदॊळ क्कूडुङ्गॊलो⋆ कुळल् एन्न याळुम् एन्न⋆ क्कुळिर् शोलैयुळ् तेन् अरुन्दि⋆ मळलै वरि वण्डुगळ् इशै पाडुम्⋆ तिरुवल्लवाळ्⋆ शुळलिन् मलि शक्कर प्पॆरुमान्⋆ अदु तॊल्लरुळे॥ ९ ॥	शाश्वत करूणास्वरूप एवं घूमते चक्र को धारण करने वाले प्रभु शीतल बागों के बीच तिरूवल्लवाळ में रहते हैं जहां युवा भौंरे मधु पीकर बांसुरी एवं वीणा की तरह गुंजते हैं। कब हम आपके स्वरूप की पूजा कर अपने कंगन फिर से पहन सकेंगे ? **3437**

तॊल्लरुळ् नल् विनैयाल्⋆ शॊल्ल क्कूडुङ्गॊल् तोऴिमीर्गाळ्⋆ तॊल्लरुळ् मण्णुम् विण्णुम्⋆ तॊऴ निन्ऱ तिरुनगरम्⋆ नल्लरुळ् आयिरवर्⋆ नलन् एन्दुम् तिरुवल्लवाऴ्⋆ नल्लरुळ् नम् पॆरुमान्⋆ नारायणन् नामङ्गळे ॥१०॥	सखियां ! हमारे प्रभु अनेको हजार भक्तों से अति प्रशंसित हैं। धरा एवं स्वर्ग सुन्दर नगर तिरूवल्लवाळ में रहने वाले नारायण की चिरंतन करूणा से परिचित हैं। हमारा कब सौभाग्य होगा कि हम आपके नाम का गान प्रेम से कर सकेंगे ? **3438**
नामङ्गळ् आयिरम् उडैय⋆ नम् पॆरुमान् अडि मेल्⋆ शेमम् कॊळ् तॆन् कुरुगूर्⋆ च्चडगोपन् तॆरिन्दुरैत्त⋆ नामङ्गळ् आयिरत्तुळ्⋆ इवै पत्तुम् तिरुवल्लवाऴ्⋆ शेमम् कॊळ् तॆन् नगर्मेल्⋆ शॆप्पुवार् शिऱन्दार् पिऱन्दे ॥११॥	ज्ञानवान एवं समझदार कुरूगुर शडगोपन के हजार पद का यह दशक शांत तिरूवल्लवाळ के बारे में गाये हुए हैं और हजार नाम वाले प्रभु की प्रशस्ति में प्रस्तुत हैं। जो इसे गा सकेंगे वे इस जगत में सर्वोत्तम सफलता पायेंगे। **3439** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

50 पिऱन्दवारूम् (3440 - 3450)

आऴवार् ताम् शेरन्दनुबविक्कुम् निलैयै च्चेय एन एम्बेरूमानै वेण्डुदल्

पिऱन्दवाऱुम् वळर्न्दवाऱुम्* पॆरिय बारतम् कैशॆय्दु* ऐवर्क्कु त्तिऱङ्गळ् काट्टियिट्टु* श्शॆय्दु पोन मायङ्गळुम्* निऱम् तन् ऊडु पुक्कॆनदावियै* निन्ऱु निन्ऱुरुक्कि उण्गिन्ऱ* इच्चिऱन्द वान् शुडरे !* उन्नै एन्ऱु कॊल् शेर्वदुवे॥१॥	आपका जन्म, बालपन, महाभारत में पांच के पक्ष में आपकी शक्ति, ये सब आश्चर्यमयी घटनायें हमारे हृदय को बराबर कौंधती हुई हमारी जीवात्मा को आत्मसात कर ले रही हैं। सबसे ऊंचे, तेजोमय प्रभु ! कब आपसे हम मिल पायेंगे ? **3440**
वदुवै वार्त्तैयुळ् एरु पायन्ददुम्* माय माविनै वाय् पिळन्ददुम्* मदुवै वार् कुऴलार्* कुरवै पिणैन्द कुऴगुम्* अदुविदु उदुवॆन्नलावन अल्ल* एन्नै उन् शॆय्गै नैविक्कुम्* मुदु वैय मुदल्वा !* उन्नै एन्ऱु तलैप्पॆय्वने॥२॥	नप्पिनाय के हाथ के लिये वृषभों का शमन, भयानक घोड़ा का जबड़ा चीरना, जूड़े वाली प्रिय गोपियों के साथ रासलीला आदि को इस इस तरह से वर्णन करना कठिन है। आपके अनेकों कृत्यों के कारण हम क्षीण काय होते गये हैं। विश्व के प्रथम कारण प्रभु ! कब आपसे हम मिल पायेंगे ? **3441**
पॆय्युम् पूङ्गुऴल् पेय्मुलै उण्ड* पिळ्ळै त्तेट्रमुम्* पेरन्दोर् शाडिऱ शॆय्य पादम् ऒन्ऱाल्* शॆय्द निन् शिऱु च्चेवगमुम्* नॆय्युण् वार्त्तैयुळ् अन्नै कोल् कॊळ्ळ* नीयुन् तामरै क्कण्गळ् नीर् मल्ग* पैयवे निलैयुम् वन्दु* एन् नॆञ्जै उरुक्कुङ्गळे॥३॥	पूतना के स्तन पीते शिशु का तेज, चरणारविंद से गाड़ी को नष्ट करने का शौर्य, भय से आंखों में आंसू भरकर खड़ा होना जब मां छड़ी लेकर खड़ी हो गयी थी यह सुनकर कि आपने मक्खन चुराया है, ये सब हमारे हृदय को द्रवित करते हैं। **3442**
कळ्ळ वेडत्तै क्कॊण्डु पोय्* प्पुऱम् पुक्कवाऱुम्* कलन्दशुरर उळ्ळम् पेदम् शॆय्दिट्टु* उयिर् उण्ड उपायङ्गळुम्* वॆळ्ळ नीर् च्चडैयानुम्* निन्निडै वेऱलामै विळङ्ग निन्ऱदुम्* उळ्ळमुळ् कुडैन्दु* एन् उयिरै उरुक्कि उण्णुमे॥४॥	जटाधारी शिव का वेष बदल कर असुरों के नगर में चुपके से प्रवेश कर उनका समूह में नाश करना, तब आप प्रभु के वदन में विलीन हो जाना ये सब हमारे हृदय में घुसकर हमारी आत्मा को द्रवित करते हैं। **3443**
उण्ण वानवर् कोनुक्कु* आयर् ऒरुप्पडुत्त अडिशिल् उण्डदुम्* वण्ण माल् वरैयै एडुत्तु* मऴै कात्तदुम्* मण्णै मुन् पडैत्तुण्डुमिऴ्न्दु* कडन्दिडन्दु मणन्द मायङ्गळ्* एण्णुन्दोऱुम् एन् नॆञ्जु* एरिवाय् मॆऴुगॊक्कु निन्ऱे॥५॥	इन्द्र के लिये एकत्रित भोज्य पदार्थ को चमत्कारिक रूप से गटक जाना, तब पर्वत को उठाकर क्रुद्ध वर्षा को रोकना, आापका विश्व को बनाना, निगलना एवं फिर बाहर कर देना, आपका धरा को मापना एवं भूदेवी से व्याह रचाना ये सब हमारे हृदय को अग्नि में मोम की तरह द्रवित करते हैं। **3444**

निन्ऱवाऱुम् इरुन्द वाऱुम्⋆ किडन्द वाऱुम् निनैप्परियन⋆ ऑन्ऱला उरुवाय्⋆ अरुवाय निन् मायङ्गळ्⋆ निन्ऱु निन्ऱु निनैक्किन्ऱेन्⋆ उन्नै एङ्ङनम् निनैगिर्पन्⋆ पावियेऱ्– कॉन्ऱु नन्गुरैयाय्⋆ उलगम् उण्ड ऑण् शुडरे ! ॥६॥	आपके प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विस्मयकारी कृत्य अनगिनत हैं। खड़े, बैठे एवं शयन के अवस्था वाले प्रभु ! सोचे सोच कर भी आपको समझ नहीं पाता। धरा को निगलने वाले तेजोमय प्रभु! इस पापी को मार्ग दिखाइये। **3445**
ऑण् शुडरोडिरुळुमाय्⋆ निन्ऱ वाऱुम् उण्मैयोडिन्मैयाय् वन्दु⋆ एन् कण् कॉळावगै⋆ नीगरन्दॅन्नै च्चॅय्गिन्ऱन⋆ एण् कॉळ् शिन्दैयुळ् नैगिन्ऱेन्⋆ एन् करिय माणिक्कमे !⋆ एन् कण्कट्कु त्तिण् कॉळ्ळ ऑरु नाळ्⋆ अरुळाय् उन् तिरुवुरुवे॥७॥	मेरे प्रति किये गये आपके कृत्यों को सोचकर मैं अचेत हो जाता हूं ः अंधकार के बीच तेज एवं मिथ्या के बीच सच। मेरे मणिवर्ण के प्रभु ! मात्र एक दिन पधारिये जिससे कि हमारी आंखे आपका स्वरूप देखकर तृप्त हों तथा मैं उसे अपने भीतर जी भरकर भर सकूं। **3446**
तिरुवुरुवु किडन्दवाऱुम्⋆ कॉप्पूळ् शॅन्दामरै मेल्⋆ तिशैमुगन् करुवुळ् वीट्रिरुन्दु⋆ पडैत्तिट्ट करुमङ्गळुम्⋆ पॉरुविल् उन् तनि नायगम् अवै केट्कुम्दोऱुम्⋆ एन् नॅञ्जम् निन्ऱु नॅक्कु⋆ अरुवि शोरुम् कण्णीर्⋆ एन् शॅय्गेन् अडियेने॥८॥	जब आपके शयन स्वरूप के बारे में, लाल नाभिकमल पर ब्रह्मा को बैठने के बारे में, सृष्टि के महान कार्य में आपका गर्भ में प्रवेश करने के बारे में, एवं सबके ऊपर आपका सार्वभौम सत्ता के बारे में सुनता हूं तो मेरा हृदय पिघल जाता है एवं आंखे आंसू से भर जाती हैं।ओह ! मैं क्या करूं ? **3447**
अडियै मून्ऱै इरन्दवाऱुम्⋆ अङ्ग निन्– ऱाम् कडलुम् मण्णुम् विण्णुम् मुडिय⋆ ईर् अडियाल्⋆ मुडित्तु क्कॉण्ड मुक्कियमुम्⋆ नॉडियुमाऱवै केट्कुम्दोऱुम्⋆ एन् नॅञ्जम् निन् तनक्के करैन्दुगुम्⋆ कॉडिय वल्विनैयेन्⋆ उन्नै एन्ऱुगॉल् कूडुवदे॥९॥	तीन पग जमीन की भिक्षा मांगकर अपना स्वरूप को बढ़ाते हुए दो पगो में धरा गगन एवं सागर को मापकर किस तरह आप अपना लक्ष्य साधते हैं ये सब सुनकर मेरा हृदय केवल आपके लिये द्रवित होता है। यह दुष्ट कार्मिक जीव कब आपसे मिलेगा ? **3448**
कूडि नीरै कडैन्द वाऱुम्⋆ अमुदम् देवर् उण्ण⋆ अशुररै वीडुम् वण्णङ्गळे⋆ शॅय्दु पोन वित्तगमुम्⋆ ऊडु पुक्कॅनदावियै⋆ उरुक्कि उण्डिडुगिन्ऱ⋆ निन् तन्नै नाडुम् वण्णम् शॉल्लाय्⋆ नच्चु नागणै याने ! ॥१०॥	जिस तरह से आपने अमृत के लिये समुद्र मंथन में हिस्सा लिया, असुरों को अकेले करने की युक्ति से देवों को सहायता की, ये सब हमारे हृदय मे प्रवेश कर हमारी आत्मा को पिघलाते हैं। विषैले शेष शय्या के प्रभु ! बताइये कैसे मैं आपको प्राप्त करूं? **3449**

‡नागणै मिशै नम् पिरान्⋆ शरणे शरण् नमक्कॆन्ऱु⋆ नाळ्दॊरुम् एग शिन्दैयनाय्⋆ क्कुरुगूर् च्चडगोपन् मारन्⋆ आग नूट्रवन्दादि⋆ आयिरत्तुळ् इवै ओर् पत्तुम् वल्लार्⋆ माग वैगुन्दत्तु⋆ मगिळ्वॆय्दुवर् वैगलुमे॥११॥	अंतादि सहित हजार पद का यह दशक, कुरूगुर शडगोपन की रचना है जो एकाग्र चित्त से शेषशायी प्रभु के चरणारविंद की एकमात्र आश्रय के रूप में अर्चना करने को बताती है। जो इसको याद करलेंगे वे सदा के लिये ऊंचे वैकुंठ में रहेंगे। **3450** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

51 वैगल् पूङ्गळि (3451 – 3461)

पऱ्वैकळै त्तूदुविडल्

तिरूवन वण्डूर ः यह स्थान केरल राज्य में है एवं पांच पांडवो से संबंधित हैं। कहते हैं पांडवों में सबसे सुन्दर नकुल ने इस स्थान का जीर्णोद्धार अज्ञातवास की अवधि में कराया था। यह चेंगान्नुर से **6** कि मी पर पंपा नदी के किनारे स्थित है। मूलावर खड़े मुद्रामें पश्चिमाभिमुख हैं। मलयालम में 'तिरूवन अंडू' का अर्थ है विष्णु। **108** दिव्य देश में तीन स्थान 'वन' शब्द से जुड़े हैंः दो अन्य हैं **1**। तिरूनांगूर क्षेत्र का तिरूवन पुरूषोत्तम जो तमिल नाडु में है। **2** केरल में ही तिरूवन परिशरम। तीनों जगह मूलावर खड़े मुद्रा में हैं। (Refer Ramesh vol. 7, pp 100)

वैगल् पूङ्गळिवाय्⋆ वन्दु मेयुम् कुरुगिनङ्गाळ्⋆ शॅय् कॉळ् शॅन्नॅल् उयर्⋆ तिरुवण्वण्डूर् उरैयुम्⋆ कै कॉळ् शक्करत्तु⋆ एन् कनिवाय् पॅरुमानै क्कण्डु⋆ कैगळ् कूप्पि च्चॉल्लीर्⋆ विनैयाट्टियेन् कादन्मैये॥१॥	फूल से भरे सदा नमीपूर्ण जमीन से कीड़ा चुनने वाले पक्षी ! बैर जैसे होंठ एवं हाथ में चक्र धारण करने वाले प्रभु सुन्दर विकासशील तिरूवन वण्डूर में रहते हैं जहां धान का बड़ा बड़ा पौधा होता है। उन्हें जाकर हमारी दयनीय स्थिति के बारे में बताओ। **3451**
कादल् मॅन् पॅडैयोडु⋆ उडन् मेयुम् करु नाराय्⋆ वेद वेळ्वि ऑलि मुळङ्गुम्⋆ तण् तिरुवण्वण्डूर्⋆ नादन् ञालम् एल्लाम् उण्ड⋆ नम् पॅरुमानै क्कण्डु⋆ पादम् कै तॉळुदु पणियीर्⋆ अडियेन् तिऱमे॥२॥	अपने प्रिया के साथ कीड़ा चुनने वाले काला पक्षी ! समस्त विश्व को निगलने वाले प्रभु वैदिक उच्चारण से परिपूर्ण शीतल तिरूवन वण्डूर में रहते हैं। जाओ और उनके चरणों पर गिरकर हमारी दयनीय स्थिति के बारे में बताओ। **3452**
तिऱङ्गळ् आगि एङ्गुम्⋆ शॅय्गाळ् ऊडुळल् पुळ्ळिनङ्गाळ्⋆ शिऱन्द शॅल्वम् मल्गु⋆ तिरुवण्वण्डूर् उरैयुम्⋆ कऱङ्गु शक्करक्कै⋆ क्कनिवाय् प्पॅरुमानै क्कण्डु⋆ इऱङ्गि नीर् तॉळुदु पणियीर्⋆ अडियेन् इडरे॥३॥	खेत से चुनने वाले पंख वाले मित्रों ! बैर जैसे होंठ एवं हाथ में घूमते चक्र धारण करने वाले प्रभु अतिश्रीसंपन्न तिरूवन वण्डूर में रहते हैं। जाओ और उनका आदर से पूजा कर हमारी दयनीय स्थिति के बारे में बताओ। **3453**
इडरिल् पोगम् मूळ्गि⋆ इणैन्दाडुम् मडवन्नङ्गाळ् !⋆ विडलिल् वेदवॉलि मुळङ्गुम्⋆ तण् तिरुवण्वण्डूर्⋆ कडलिन् मेनि प्पिरान्⋆ कण्णनै नॅडुमालै क्कण्डु⋆ उडलम् नैन्दॉरुत्ति⋆ उरुगुम् एन्ऱुणर्त्तुमिने॥४॥	सदा साथ स्नान करने वाले हंस की जोड़ी ! स्वर्गिकों के मूल प्रभु सागर सा सलोने कृष्ण वैदिक उच्चारण के बीच तिरूवन वण्डूर में रहते हैं। विनती है उन्हें बताओ कि एक किशोरी उनकी चाह से संतप्त है। **3454**
उणर्त्तल् ऊडल् उणर्न्दु⋆ उडन् मेयुम् मडवन्नङ्गाळ्⋆ तिणर्त्त वण्डल्गाळ् मेल्⋆ शङ्गु शेरुम् तिरुवण्वण्डूर्⋆ पुणर्त्त पून्दण् तुळाय् मुडि⋆ नम् पॅरुमानै क्कण्डु⋆ पुणर्त्त कैयिनराय्⋆ अडियेनुक्कुम् पोट्रुमिने॥५॥	आपस में मनमुटाव के बाद शांति बनाने में प्रवीण हंस की जोड़ी ! मुकुट पर तुलसी की माला धारण करने वाले प्रभु तिरूवन वण्डूर में रहते हैं जहां बालू के ढेर में बहुत सारे शंख मिलते हैं। जाऔ और करबद्ध होकर दर्शन करो एवं मेरे बारे में भी विनती करो। **3455**
पोट्रि यान् इरन्देन्⋆ पुन्नै मेल् उऱै पूङ्गुयिल्गाळ्⋆ शेट्रिल् वाळै तुळ्ळुम्⋆ तिरुवण्वण्डूर् उरैयुम्⋆ आट्रल् आळियङ्गै⋆ अमरर् पॅरुमानै क्कण्डु⋆ माट्रम् कॉण्डरुळीर्⋆ मैयल् तीर्वदॊरु वण्णमे॥६॥	पुन्नै में वास करने वाले कोयल तुमसे निवेदन कर भीख मांगती हूं। दिव्य हाथ में चक्र धारण करने वाले स्वर्गिकों के प्रभु तिरूवन वण्डूर में रहते हैं जहां जल वाले खेत में मछलियां उछलती हैं। जाकर उनका संवाद लाओ एवं हमें अचेत होने से मुक्त करो। **3456**

ऑरुवण्णम् शॅन्ऱु पुक्कु॰ एनक्कॉन्ऱरै ऑण् किळिये॰ शॅरुवॉण् पूम् पॉळिल् शूळ्॰ शॅक्कर् वेलै तिरुवण्वण्डूर्॰ करु वण्णम् शॅय्य वाय्॰ शॅय्य कण् शॅय्य कै शॅय्य काल्॰ शॅरुवॉण् शक्करम् शङ्गु॰ अडैयाळम् तिरुन्द क्कण्डे॥७॥	सुन्दर सुग्गा ! शीघ्र जाकर अपने मीठे शब्दों से बोलो। तिरूवन वण्डूर फूलों का बाग एवं लाल तट से घिरा हुआ है। प्रभु श्याम हैं, लाल होंठ है, कमल समान आंख है, एवं कमल सा चरण है। चक्र एवं शंख आपके पहचान चिह्न हैं। **3457**
तिरुन्द क्कण्डॅनक्कॉन्ऱरैयाय्॰ ऑण् शिऱु पूवाय्॰ शॅरुन्दि ञाळल् मगिळ्॰ पुन्नै शूळ् तण् तिरुवण्वण्डूर्॰ पॅरुम् तण् तामरै क्कण्॰ पॅरु नीळ् मुडि नाल् तडन्तोळ्॰ करुम् तिण् मा मुगिल् पोल्॰ तिरुमेनि अडिगळैये॥८॥	सुन्दर पुवै पक्षी ! प्रभु से बात करके शीघ्र लौट आओ। आप पुन्नै शेरून्दि नलै कुरूक्कत्ती एवं मगिल फूलों से घिरे तिरूवन वण्डूर में रहते हैं। आपके कमल समान बड़ी बड़ी आंखें हैं, चार शक्तिशाली भुजायें हैं, एवं मेघ सा श्याम वदन है। आप ऊंचा तेजपूर्ण मुकुट पहनते हैं। **3458**
अडिगळ् कै तॉळुदु॰ अलर्मेल् अशैयुम् अन्नङ्गाळ्॰ विडिवै शङ्गॊलिक्कुम्॰ तिरुवण्वण्डूर् उऱैयुम्॰ कडिय मायन् तन्नै॰ क्कण्णनै नॅडुमालै क्कण्डु॰ कॉडिय वल्विनैयेन्॰ तिऱम् कूऱुमिन् वेऱु कॉण्डे॥९॥	फूल पर खेलने वाले सुन्दर हंस ! प्रभु तिरूवन वण्डूर में रहते हैं जहां दिन का प्रारंभ शंख वादन से होता है। मूल देव, हमारे कृष्ण शीघ्रगामी हैं। विनती है कि आपसे अकेले में मिलकर चरणों की पूजा करो एवं हमारी दयनीय स्थिति के बारे में बताओ। **3459**
वेऱु कॉण्डुम्मै यान् इरन्देन्॰ वॅरि वण्डिनङ्गाळ्॰ तेऱु नीर् प्पम्बै॰ वडपालै त्तिरुवण्वण्डूर्॰ माऱिल् पोर् अरक्कन्॰ मदिळ् नीऱॅळ च्चॅट्टगन्द॰ एऱु शेवगनार्क्कु॰ एन्नैयुम् उळळ् एन्मिन्गळे॥१०॥	सुगंधित मधुमक्खी ! तुम अपने स्वभाव में अलग हो अतः विनती करती हूं। तिरूवन वण्डूर पंपा नदी के उत्तर तट पर है। ऊंची दीवाल वाले लंका को जलाकर भस्म करने वाले प्रभु यहां रहते हैं। विनती है, मेरे बारे में उनसे बताओ कि मैं भी जीवित हूं। **3460**
मिन् कॉळ् शेर् पुरिनूल् कुऱळाय्॰ अगल् ञालम् कॉण्ड॰ वन् कळ्वन् अडिमेल्॰ कुरुगूर् च्चडगोपन् शॉन्न॰ पण् कॉळ् आयिरत्तुळ् इवै पत्तुम्॰ तिरुवण्वण्डूर्क्कु॰ इन्गॉळ् पाडल् वल्लार्॰ मदनर् मिन्निडै अवर्क्के॥११॥	धरा पर अधिकार करने वाले प्रभु की प्रशस्ति में कुरूगुर शडगोपन के हजार पद का यह दशक किशोरियों के हृदय को जीतने वाला है। **3461** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः **52 मिन्निडै मडवार् (3462 -3472)** **तलैवन् तामदित्तु वरक्कण्ड तलैवि ऊडल् कोण्डुरैत्तल्**	
मिन्निडै मडवार्गळ् निन्नरुळ् शूडुवार्⋆ मुन्बु नानदञ्जुवन्⋆ मन्नुडै इलङ्गै⋆ अरण् कायन्द मायवने⋆ उन्नुडैय शुण्डायम् नान् अरिवन्⋆ इनि अदु कॊण्डु शॆय्वदॆन्⋆ एन्नुडैय पन्दुम् कळलुम्⋆ तन्दु पोगु नम्बी ! ॥१॥	लंका की किला को ध्वस्त करने वाले प्रभु! पतली कमर की किशोरियां आपकी कृपा को पूजती हैं। मुझे भय है कि क्या होने वाला है। हम आपकी युक्ति को जानते हैं।अब उनलोगों का आप क्या करेंगे ? महाशय ! हमारा गेंद एवं डंडा वापस कर यहां से चले जाइये। **3462**
पोगु नम्बी ! उन् तामरै पुरै कण् इणैयुम्⋆ शॆव्वाय् मुरुवलुम्⋆ आगुलङ्गळ् शॆय्य⋆ अळिदर्के नोट्टोमे याम्⋆ तोगै मा मयिलार्गळ् निन्नरुळ् शूडुवार्⋆ शॆवियोशै वैत्तॆळ⋆ आगळ् पोग विट्टु⋆ कुळलूदु पोयिरुन्दे॥२॥	महाशय जाइये। आपकी कमल सी आंख एवं मूंगा सा होठ हमलोगों को आहत करता है एवं अचेत करता है। हाय ! हमारी तपस्या का यही फल है।मोर की तरह चलने वाली प्यारी युवती किशोरियां आपकी कृपा की पूजा करेंगी। गायों को उस रास्ते भेज कर अपनी बांसुरी इनके साथ बजाइये। **3463**
पोयिरुन्दुम् निन् पुळ्ळुवम् अरियादु⋆ अवरक्कुरै नम्बि !⋆ निन् शॆय्य वाय् इरुङ्गनियुम् कण्गळुम्⋆ विपरीतम् इन्नाळ्⋆ वेय् इरुम् तडम् तोळिनार्⋆ इत्तिरुवरुळ् पॆरुवार्यवर् कॊल्⋆ मा इरुम् कडलै क्कडैन्द⋆ पॆरुमानाले॥३॥	महाशय जाइये। अपनी कहानी सरल चित्त वालों को बताइये। आपकी कमल सी आंख एवं मूंगा सा होठ हमलोगों के लिये अभिशाप है। आज आपकी कृपा को जीतने वाली न जाने कौन सी सौभाग्यशाली किशोरी होगी ? **3464**
आलिनीळ् इलै एळ् उलगम् उण्डु⋆ अन्रु नी किडन्दाय्⋆ उन् मायङ्गळ् मेलै वानवरुम् अरियार्⋆ इनि एम् परमे⋆ वेलिनेर् तडम् कण्णिनार्⋆ विळैयाडु शूळलै च्चूळवे निन्रु⋆ कालि मेयक्क वल्लाय् !⋆ एम्मै नी कळरेले॥४॥	आपने विश्व को निगल लिया एवं सो गये। आपका रहस्य देवगन भी नहीं समझते तो हम कैसे समझेंगे। जहां मृगनयनी किशोरियां बालू के महलों से खेलती हैं आप वहीं पर गाय चराना जानते हैं। विनती है, हमें तंग न करें। **3465**

कऴेल् नम्बी !★ उन् कै तवम् मण्णुम् विण्णुम् नन्गारियुम्★ तिण् शक्कर निऴरु तोल् पडैयाय् !★ उनक्कोन्ऱुणरत्तुवन् नान्★ मऴरु तेन् मॊऴियार्गऴ् निन्नरुऴ् शूडुवार् मनम् वाडि निर्क★ एम् कुऴरु पूवैयोडुम्★ किऴियोडुम् कुऴगेल्ले॥५॥	महाशय ! झूठ मत बोलिये। नर एवं देव आपके छल से परिचित हैं। तेजोमय चकवाले प्रभु ! हम आपको कुछ शिक्षा देना चाहते हैं।मृदुभाषिणी उत्सुक किशोरियां सर्वदा आपकी कृपा की पूजा करेंगी। विनती है, हमारे गूंगे मैना एवं तोता से खेल न करें। **3466**
कुऴगि एङ्गऴ् कुऴमणन् कॊण्डु★ कोयिन्मै शॆय्दु कन्मम् ऑन्ऱिल्लै★ पऴगि याम् इरुप्पोम्★ परमे इत्तिरुवरुऴाल्★ अऴगियार् इव्वुलग मून्ऱुक्कुम्★ तेविमै तगुवार् पलर् उऴर्★ कऴगम् एरेल् नम्बी !★ उनक्कुम् इळैदे कन्ममे॥६॥	पश्चाताप का स्वांग भरने से कोई लाभ नहीं। विनती है, हमारी गुड़ियों से न खेलें। आपके कृत्य से हम अवगत हैं हम इसके योग्य हैं नहीं। अनेकों गोरी किशोयिां रानी बनने योग्य हैं। महाशय मेरा आलिंगन न करें, यह बचपना है एवं आपके लिये अमर्यादित है। **3467**
कन्मम् अन्ऱेङ्गऴ् कैयिल् पावै परिप्पदु★ कडल् ञालम् उण्डिट्ट★ निन्मला ! नॆडियाय् !★ उनक्केलुम् पिऴै पिऴैये★ वन्ममे शॊल्लि एम्मै नी विऴैयाडुदि★ अदु केट्किल् एन्नैमार्★ तन्म पावम् एन्नार्★ ऑरु नान्ऱु तडि पिणक्के॥७॥	धरा एवं सागर को अधिकार में लेने वाले पूर्ण ! विनती है, हमारी गुड़िय न छीनें। आप झूठ बोलकर हमारे साथ खेलते हैं। दोष तो दोष है चाहे वह आपका ही क्यों न हो।अगर हमारे भाई एक दिन सुनेंगे तो डंडा लेकर आपसे न्याय करना नहीं छोड़ेंगे। **3468**
पिणक्कि यावैयुम् यावरुम्★ पिऴैयामल् पेदित्तुम् पेदियाददोर्★ कणक्किल् कीर्त्ति वॆळ्ळ★ क्कदिर् ञान मूर्त्तियिनाय् इणक्कि एम्मै एम् तोऴिमार्★ विऴैयाड- प्पोदुमिन् एन्न प्पोन्दोमै★ उणक्कि नी वऴैत्ताल्★ एन् शॊल्लार् उगवाददवरे॥८।	दिव्य ज्ञान एवं अनगिनत गौरव के प्रभु ! सब वस्तु कितना भिन्न है केवल आपको छोड़कर। जब मित्र के बुलाने पर हम जाते हैं तो आप हमें रोककर शुष्क कर देते हैं। हाय ! जो मित्रवत नहीं हैं वे क्या कहेंगे ? **3469**

उगवैयाल् नॅञ्जम् उळ्ळुरुगि★ उन् तामरै त्तडम् कण् विळिगळिन्★ अग वलै प्पडुप्पान्★ अळित्ताय् उन् तिरुवडियाल्★ तगवु शॅय्दिलै एङ्गळ् शिट्रिलुम्★ याम् अडु शिरु शोरुम् कण्डु★ निन् मुगवॊळि तिगळ★ मुरुवल् शॅय्दु निन्रिलैये॥९॥	अपने कमल के पाश में हमें फंसाकर हमारे हृदय को द्रवित करने के लिये हमारे द्वारा बनाये गये बालू के महलों को कुचल कर वहां रखे भोजन को अधिकार में ले लिये हैं। अपने दिव्य मुस्कान के साथ खड़ा होकर आपने मात्र देखा नहीं। हाय ! हम भाग्यशाली नहीं हैं। **3470**
निन्रिलङ्गु मुडियिनाय्!★ इरुबत्तोर् काल् अरशु कळै कट्ट★ वॆन्रि नीळ् मळुवा!★ वियन् ञालम् मुन् पडैत्ताय्!★ इन्रिव्वायर् कुलत्तै वीडुय्य- त्तोन्रिय★ करुमाणिक्क च्चुडर्★ निन् तन्नाल् नलिवे पडुवोम्★ एन्रुम् आयच्चियोमे॥१०	तेजोमय मुकुट वाले प्रभु, राजाओं को नष्ट करने वाला फरसा चलाने वाले ! विश्व को बनाने वाले दिव्य वर्ण के प्रभु ! आज आपके आने से गोपकुल का सम्मान बढ़ा है। हाय ! गोपकिशोरियां पीड़ित हैं। **3471**
‡आय्च्चि आगिय अन्नैयाल्★ अन्रु वॆण्णॆय् वार्त्तैयुळ्★ शीट्र् मुण्डळु कूत्त अप्पन् तन्नै★ क्कुरुगूर् च्चडगोपन्★ एत्तिय तमिळ् मालै★ आयिरत्तुळ् इवैयुम् ओर् पत्तिशैयोडुम्★ नात्तन्नाल् नविल उरैप्पार्कु★ इल्लै नल्गुरवे॥११॥	मक्खन चुराने पर गोपमाता से दंडित होने वाले प्रभु की प्रशस्ति में कहे गये हजार पदों का यह दशक कुरूगुर शठगोपन ने संगीत के साथ गाया है। जो इसे याद करलेंगे वे गरीबी से मुक्त हो जायेंगे। **3472** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

53 नल्गुरवुम् (3473 – 3483)

तम्मै वशिगरित्तवन् शर्वेश्वरन् एनल्

(ग)

<table>
<tr><td>नल्गुरवुम् शॆल्वुम्⋆ नरगुम् शुवर्क्कमुमाय्⋆
वॆल्पगैयुम् नट्पुम्⋆ विडमुम् अमुदमुमाय्⋆
पल्वगैयुम् परन्द⋆ पॆरुमान् एन्नै आळ्वानै⋆
शॆल्वम् मल्गु कुडि⋆ तिरुविण्णगर् कण्डेने॥१॥</td><td>हम प्रभु को सर्वत्र देखते हैं। आप अनेकों तरह से प्रकट होते हैंः गरीबी एवं संपन्नता, स्वर्ग एवं नरक, शत्रुता एवं मित्रता, विष एवं औषध। आप हमारे नाथ हैं एवं संपन्न लोगों के साथ तिरू विन्नगर में रहते हैं। 3473</td></tr>
<tr><td>कण्ड इन्बम् तुन्बम्⋆ कलक्कङ्गळुम् तेट्रमुमाय्⋆
तण्डमुम् तण्मैयुम्⋆ तळलुम् निळलुमाय्⋆
कण्डु कोडर्करिय पॆरुमान् एन्नै आळ्वान् ऊर्
तॆन् तिरै प्पुनल् शूळ्⋆ तिरुविण्णगर् नन्नगरे॥२॥</td><td>सुख एवं दुख, भ्रम एवं स्पष्ट मत, दंड एवं क्षमा, प्रकाश एवं छाया, हमारे प्रभु समझ के परे हैं। आप शुद्ध जल से घिरे तिरू विन्नगर में रहते हैं। 3474</td></tr>
<tr><td>नगरमुम् नाडुगळुम्⋆ ञानमुम् मूडमुमाय्⋆
निगरिल् शूळ् शुडराय् इरुळाय्⋆ निलनाय् विशुम्बाय्⋆
शिगर माडङ्गळ् शूळ्⋆ तिरुविण्णगर् च्चेरन्द पिरान्⋆
पुगर्गॊळ् कीर्त्ति अल्लाल् इल्लै⋆ यावर्क्कुम् पुण्णियमे॥३॥</td><td>गांव एवं नगर, ज्ञान एवं अज्ञान, ज्योतिपुंज एवं अंधकार, धरा एवं विस्तृत आकाश, प्रभु महलों से घिरे तिरू विन्नगर में रहते हैं। 3475</td></tr>
<tr><td>पुण्णियम् पावम्⋆ पुणर्च्चि पिरिवॆन्निर्वैयाय्⋆
एण्णमाय् मरप्पाय्⋆ उण्मैयाय् इन्मैयाय् अल्लनाय्⋆
तिण्ण माडङ्गळ् शूळ्⋆ तिरुविण्णगर् च्चेरन्द पिरान्⋆
कण्णन् इन् अरुळे⋆ कण्डु कॊण्मिन्गाळ् कैदवमे॥४॥</td><td>अच्छे एवं बुरे कर्म, मिलन एवं विछुड़न, स्मृति एवं विस्मृति, सच्चाई एवं भ्रम ः आप ये सब हैं और नहीं भी हैं। प्रभु महलों से घिरे तिरू विन्नगर में रहते हैं।आप को छोड़कर कोई कर्ता नहीं है, सभी साक्षी हैं। 3476</td></tr>
<tr><td>कै तवम् शॆम्मै⋆ करुमै वॆळुमैयुमाय्⋆
मॆय्पॊय् इळमै⋆ मुदुमै पुदुमै पळमैयुमाय्⋆
शॆय्द तिण् मदिळ् शूळ्⋆ तिरुविण्णगर् च्चेरन्द पिरान्⋆
पॆय्द कावु कण्डीर्⋆ पॆरुम् देवुडै मूवुलगे॥५॥</td><td>कर्ता के रंग हैं गोरा, लाल, काला एवं श्वेत, सच एवं झूठ, युवापन एवं उम्रदार, नया एवं पुराना। प्रभु दीवारों से सुरक्षित घिरे तिरू विन्नगर में रहते हैं।आपने बागों का लोक बनाकर उसमें सारी अच्छाईयां रखीं। 3477</td></tr>
</table>

मूवुलगङ्गळुमाय्⋆ अल्लनाय् उगप्पाय् मुनिवाय्⋆ पूविल् वाळ् मगळाय्⋆ तव्वैयाय् प्पुगळाय् पळियाय्⋆ तेवर् मेवित्तॊळुम्⋆ तिरुविण्णगर् च्चेर्न्द पिरान्⋆ पावियेन् मनत्ते⋆ उरैगिन्र् परञ्जुडरे॥६॥	इस संसार की तरह और नहीं भी, शांति एवं क्रोध, कमल वाली किशोरी एवं दरिद्रा किशोरी, प्रशंसा एवं उपहास। तिरू विन्नगर के प्रभु देवों से पूजे जाते हैं। आप दिव्य कमल स्वरूप में हमारे हृदय में रहते हैं। **3478**
परञ्जुडर् उडम्पाय्⋆ अळुक्कु पदित्त उडम्बाय्⋆ करन्दुम् तोन्रियुम् निन्रुम्⋆ कै तवङ्गळ् शैय्युम्⋆ विण्णोर् शिरङ्गळाल् वणङ्गुम्⋆ तिरुविण्णगर् च्चेर्न्द पिरान्⋆ वरम्गॊळ् पादम् अल्लाल् इल्लै⋆ यावर्क्कुम् वन् शरणे॥७॥	अतिदिव्य एवं गंदा, अब छिपे हुए एवं तब प्रकट, विश्वासी एवं ठग। तिरू विन्नगर के प्रभु देवों से पूजे जाते हैं। आपके चरणारविंद के सिवा हमारा कोई आश्रय नहीं है। **3479**
वन् शरण् शुरर्क्काय्⋆ अशुरर्क्कु वॆम् कूट्रुमाय्⋆ तन् शरण् निळकीळ्⋆ उलगम् वैत्तुम् वैयादुम्⋆ तॆन् शरण् तिशैक्कु⋆ त्तिरुविण्णगर् च्चेर्न्द पिरान्⋆ एन् शरण् एन् कण्णन्⋆ एन्नै आळुडै एन् अप्पने॥८॥	देवों के स्थायी शरण, असुरों की दर्दनाक मृत्यु, सारे जगत को अपने चरण में संरक्षित रखना और नहीं भी, अब छिपे हुए एवं तब प्रकट, विश्वासी एवं ठग। तिरू विन्नगर के प्रभु दक्षिण दिशा के आश्रय मेरे भी आश्रय हैं। हे मेरे पिता, मेरे प्रभु, मेरे कृष्ण, मेरे नाथ ! **3480**
एन् अप्पन् एनक्काय् इगुळाय्⋆ एन्नै प्पॆट्रवळाय्⋆ पॊन्नप्पन् मणियप्पन्⋆ मुत्तप्पन् एन् अप्पनुमाय्⋆ मिन्न प्पॊन् मदिळ् शूळ्⋆ तिरुविण्णगर् च्चेर्न्दवप्पन्⋆ तन्नॊप्पार् इल्लप्पन्⋆ तन्दनन् तन ताळ् निळले॥९॥	मेरे प्रभु एवं पिता, हमारी मां एवं सौतेली मां हैं। सुनहले पिता, मणिवर्ण के पिता, मुक्तामय पिता, मेरे पिता ! आप सुनहले दीवारों से घिरे तिरू विन्नगर में रहते हैं। अद्वितीय प्रभु ! आपने अपने दिव्य चरण की साया प्रदान की। **3481**
निळल् वॆयिल् शिरुमै पॆरुमै⋆ कुरुमै नॆडुमैयुमाय्⋆ शुळल्वन निर्पन⋆ मट्रुमाय् अवै अल्लनुमाय्⋆ मळलै वाय् वण्डु वाळ्⋆ तिरुविण्णगर् मन्नु पिरान्⋆ कळल्गाळ् अन्रि⋆ मट्रोर् कळैगण् इलम् काण्मिन्गाळे॥१०॥	छाया एवं सूर्य प्रकाश, छोटा एवं बड़ा, लंबा एवं लघु, विचरते हुए एवं खड़ा, अन्य वस्तु एवं कुछ भी नहीं। प्रभु प्रिय मधुमक्खी से गुंजायमान तिरू विन्नगर में रहते हैं। आपके चरण ही हमारे संरक्षक हैं। इस सत्य को समझो। **3482**
‡काण्मिन्गाळ् उलगीर् ! एन्रु⋆ कण्मुगप्पे निमिर्न्द⋆ ताळ् इणैयन् तन्नै⋆ क्कुरुगूर् च्चडगोपन् शॊन्न⋆ आणै आयिरत्तु⋆ त्तिरुविण्णगर् प्पत्तुम् वल्लार्⋆ कोणैयिन्रि विण्णोर्क्कु⋆ एन्रुमावर् कुरवर्गळे॥११॥	कुरूगुर शडगोपन के हजार पद यह दशक उस प्रभु के बारे में है जो हमारी आंखों के सामने अति विशाल रूप धारण कर लिये जबकि आपने एक सुन्दर भिक्षु छोकरे के रूप में आकर कहा था 'देखो बलि'। जो इसे याद कर गा सकेंगे वे देवों के गुरू बन जायेंगे। **3483** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः **54 कुरवैयाय्च्चियर् (3484 - 3494)** **कण्णनदु अवतार च्चेयल्गळै प्पेश प्पेट्रमैक्कु क्कळित्तल्**	
कुरवै आयच्चियरोडु कोत्तदुम्⋆ कुन्रम् ऑन्रेन्दियदुम्⋆ उरवु नीर् प्पॉय्गै नागम् कायन्ददुम्⋆ उटपड मट्रुम् पल⋆ अरविल् पळ्ळि प्पिरान् तन्⋆ माय विनैगळैये अलट्रि⋆ इरवुम् नन् पगलुम् तविर्गिलम्⋆ एन्न कुरै एमक्के॥१॥	कृष्ण प्रभु की लीला हम दिन रात गाते रहे हैं ः आपका रास में गोपियों के साथ मिल जाना, पर्वत को उठाना, नाग के फन पर नृत्य करना एवं अनेकानेक इस तरह की लीला। अब हमें कमी किस चीज की है ? **3484**
केय त्तीङ्गुळल् ऊदिट्रुम् निरै मेयत्तदुम्⋆ कॅण्डै ऑण् कण्⋆ वाश प्पूङ्गुळल् पिन्नै तोळ्गळ् मणन्ददुम्⋆ मट्रुम् पल⋆ माय क्कोल प्पिरान् तन्⋆ शॅय्गै निनैन्दु मनम् कुळैन्दु⋆ नेयत्तोडु कळिन्द पोदु⋆ एनक्कॅव्वुलगम् निगरे॥२॥	मेरे कृष्ण मुरली का सुरीला स्वर बजाकर गाय चराते थे। आप सुन्दर जूड़े वाली नप्पिनाय के आलिंगन पाश में बंधे रहे।इन चमत्कारों के साथ अन्य को याद कर हमारा हृदय पिघलता है। मेरा समय बड़े प्रेम से गुजर रहा है। इस संसार में कौन मेरी बराबरी कर सकता है ? **3485**
निगरिल् मल्लरै च्चॅट्रदुम् निरै मेयत्तदुम्⋆ नीळ् नॅडुङ्गै⋆ शिगर मा कळिरट्रदुम्⋆ इवै पोल्वनवुम् पिरवुम्⋆ पुगर् कॊळ् शोदि प्पिरान् तन्⋆ शॅय्गै निनैन्दु पुलम्बि एन्रुम्⋆ नुगर वैगल् वैगप्पॅट्रेन्⋆ एनक्कॅन् इनि नोवदुवे॥३॥	प्रभु ने भारी मल्लयोद्धाओं एवं पर्वत समान मदमत्त हाथी का नाश किया। गायों को वन में चराने की कहानी याद कर अपने दिव्य मणि की चमत्कारिक लीला सुनकर मुझे रूलाई आती है। मेरा समय बड़े प्रेम से गुजर रहा है। इस धरा पर मुझे अब कैसी पीड़ा हो सकती है ? **3486**
नोव आयच्चि उरलोडारक्क⋆ इरङ्गिट्रुम् वञ्ज प्पॅण्णै⋆ शाव प्पालुण्डदुम्⋆ ऊर् शगडम् इर च्चाडियदुम्⋆ देव क्कोल पिरान् तन्⋆ शॅय्गै निनैन्दु मनम् कुळैन्दु⋆ मेव क्कालङ्गळ् कूडिनेन्⋆ एनक्कॅन् इनि वेण्डुवदे॥४॥	ओह ! जब यशोदा ने आपको ऊखल में बांध दी थी तो कैसे आप रोते थे।आपने पूतना के विषैले स्तन का पान कर उसके प्राण चूस लिये। गाड़ी को अपने चरण से ध्वस्त कर दिया।आपको सोचकर मेरा हृदय पिघलता है।मेरा समय बड़े प्रेम से गुजर रहा है। इस धरा पर मुझे अब क्या चाहिये ? **3487**
वेण्डि त्तेवरिरक्क वन्दु पिरन्ददुम्⋆ वीङ्गिरुळ्वाय् पूण्डु⋆ अन्रन्नै पुलम्ब प्पोय्⋆ अङ्गोर् आयक्कुलम् पुक्कदुम्⋆ काण्डल् इन्रि वळर्न्दु⋆ कञ्जनै त्तुञ्ज वञ्जम् शॅय्ददुम्⋆ ईण्डु नान् अलट्र प्पॅट्रेन्⋆ एनक्कॅन्न इगल् उळदे॥५॥	देवों की प्रार्थना पर आप देवकी की संतान बन कर आये। तब उसे रात के अंधेरे में रोते छोड़ आप नंद के घर आ गये। छिपे हुए बढकर आपने अनेकों चमत्कार किये एवं कंस का वध किया। आपकी प्रशस्ति गान करने का हमें सौभाग्य मिला है। कौन इस संसार में मेरा शत्रु होगा ? **3488**

इगल् कॉळ् पुळ्ळै प्पिळन्ददुम्* इमिल् एरुगळ् शॅट्ददुवुम्* उयर् कॉळ् शोलै क्कुरुन्दॉशित्तदुम्* उट्पड मट्रुम् पल* अगल् कॉळ् वैयम् अळन्द मायन्* एन् अप्पन् तन् मायङ्गळे* पगल् इरा प्परव प्पॅट्रेन्* एनक्कॅन्न मन प्परिप्पे॥६॥	बकासुर का चोंच चीरना, सात वृषभों का नाश करना, ऊंचे कुरून्दु वृक्ष को ध्वस्त करना। अन्य चमत्कारों के साथ जब आपने आकर धरा नापा रात दिन हम सौभाग्य से प्रभु के इन विस्मयकारी लीला का गान करते हैं।हमें कोई चिंता नहीं है। **3489**
मन प्परिप्पोडळुक्कु* मानिड शादियिल् तान् पिरन्दु* तनक्कु वेण्डुरु क्कॉण्डु* तान् तन शीट्रत्तिनै मुडिक्कुम्* पुन तुळाय् मुडि मालै मार्बन्* एन् अप्पन् तन् मायङ्गळे* निनैक्कुम् नॅञ्जुडैयेन्* एनक्किनि यार् निगर् नीळ् निलत्ते॥७॥	करूणावश आपने गंदे मर्त्यलोक में अवतार लिया।जो स्वरूप आपको अच्छा लगा उसे धारण कर आपने अपना गुस्सा निकाला। मेरे प्रभु एवं पिता तुलसी फूल का मुकुट पहनते हैं। मेरा हृदय विस्मय से आपको स्मरण करता है। इस संसार में कौन मेरी बराबरी कर सकता है ? **3490**
नीळ् निलत्तॉडु वान् वियप्प* निरै पॅरुम् पोर्गळ् शॅय्दु* वाणन् आयिरम् तोळ् तुणित्तदुम्* उट्पड मट्रुम् पल* माणियाय् निलम् कॉण्ड मायन्* एन् अप्पन् तन् मायङ्गळे* काणुम् नॅञ्जुडैयेन्* एनक्किनि एन्न कलक्कम् उण्डे॥८॥	धरा एवं गगन महान युद्ध को देखकर विस्मित था। आपने तब महान बाणासुर के हजारों भुजाओं को काट डाला। वामन के रूप में तीन कदम चलकर आपने धरा को अधिकार में ले लिया। मेरा हृदय यह सब देख सकता है। अब क्या हमें कष्ट देगा ? **3491**
कलक्क एळ् कडल् एळ्* मलै उलगेळुम् कळिय क्कडाय्* उलक्क तेर्कॉडु शॅन्र मायमुम्* उट्पड मट्रुम् पल* वलक्कै आळि इडक्कै शङ्गम्* इवैयुडै माल् वण्णनै* मलक्कु नावुडैयेर्कु* मारुळदो इम् मण्णिन् मिशैये॥९॥	सात सागर एवं सात ऊंचे पर्वत को पार करने का एवं सात लोकों के अंत तक रथ चलाने का तथा अन्य इसी तरह का शंख चक्रधारी प्रभु का चमत्कार है।जो कोई इन सबों को मुझे सुनायेगा वह क्या हमारा शत्रु हो सकता है ? **3492**
मण्मिशै प्पॅरुम् पारम् नीङ्ग* ओर् बारद मा पॅरुम् पोर् पण्णि* मायङ्गळ् शॅय्दु शेनैयै प्पाळपड* नूट्रिट्टु प्पोय्* विण्मिशै त्तन तामम् पुग* मेविय शोदि तन् ताळ्* नण्णि नान् वणङ्ग प्पॅट्रेन्* एनक्कार् पिरर् नायगरे॥१०॥	विश्व को भार मुक्त करने के लिये आपने घोर युद्ध किया एवं सेनाओं को नष्ट करने का चमत्कार दिखाया। तब आप पयान कर अपने प्रिय आकाशीय आवास में स्थित हो गये। मात्र आपके चरण की पूजा कर हम अद्वितीय नाथ को पा गये हैं। **3493**

‡नायगन् मुळुवेळ् उलगुक्कुमाय्⋆ मुळुवेळ् उलगुम्⋆ तन् वायगम् पुग वैत्तुमिळ्न्दवैयाय्⋆ अवै अल्लनुमाम्⋆ केशवन् अडि इणैमिशै⋆ क्कुरुगूर् च्चडगोपन् शॊन्न⋆ तूय आयिरत्तिप्पत्ताल्⋆ पत्तर् आवर् तुवळ् इन्रिये॥११॥	कुरूगुर शठगोपन के हजार पदों यह दशक केशव प्रभु के चरण की प्रशस्ति है जो सात लोक के स्वामी हैं, तथा इसे उठाया, मापा, वही हो गये और नहीं भी हुए। जो इसे गाकर नाचेंगे वे निर्मल भक्त हो जायेंगे। **3494** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

55 तुवळिल् (3495 - 3505)

तोळि तायरै नोक्कि क्कूरूदल्

नायकी की मां की भूमिका में - 5

तुलैविल्ली मंगलम ः यह स्थान तमिल नाडु में आळवार तिरूनगरी के पास नवतिरूपति में से एक है। यहां दो दिव्य देश आस पास में हैं इसलिये इसे 'इरत्ता तिरूपति' यानी 'युगल तिरूपति' भी कहा जाता है। यहां मूलावर खड़े मुद्रा में पूर्वाभिमुख हैं और देवापिरान देवेश पंकज कहे जाते हैं। पास के दूसरे मंदिर में मूलावर बैठे मुद्रा में पूर्वाभिमुख हैं एवं अरविन्द लोचन कहे जाते हैं।

एक बार सुपर्पा ऋषि पास के हरित क्षेत्र से प्रभावित होकर यज्ञ करने का सोचे। जब जमीन तैयार कर रहे थे तो एक तुला एवं एक धनुष साथ साथ मिला। जैसे ही मुनि ने उसे उठाया तुला नारी हो गयी एवं धनुष पुरूष हो गया जो पूर्व के अपने कर्मवश शाप भोग रहे थे। इसी लिये इस स्थान को तुलै विल्ली मंगलम कहते हैं।

कहते हैं देवापिरान की पूजा मुनि नित्य पास के तालाब से कमल फूल लाकर माला बनाकर करते थे। भगवान प्रसन्न होकर मुनि के साथ तालाब देखने गये और इसके प्राकृतिक सौंदये से मुग्ध होकर बैठ गये।अतः बैठे मुद्रा वाले भगवान अरविन्द लोचन के नाम से जाने गये। यहां कमल फूल से पूजा की प्रधानता दी जाती है। (Refer Ramesh vol. 4, pp 48)

तुवळिल् मा मणि माडम् ओङ्गु* तॊलैविल्लि मङ्गलम् तॊळुम् इवळै* नीर् इनि अन्नै मीर्!* उमक्काशै इल्लै विडुमिनो* तवळ ऒण्शङ्गु शक्करम् एन्रुम्* तामरै त्तडङ्गण् एन्रुम्* कुवळै ऒण् मलर् क्कण्गळ् नीर् मल्गा* निन्रु निन्रु कुमुरुमे॥१॥	सजनी ! इस किशारी को अब अकेले छोड़ दीजिये। इसके लिये तुनलोगों में कोई स्नेह नहीं है।कमल सी इसकी काली आंखें आंसू से भरी हैं तथा रूक रूक कर यह कहती है 'सुन्दर शंख एवं चक्र' 'कमल सी बड़ी आंखें' 'तुलैविल्ली मंगलम के धवल महलें'। **3495**
कुमुरुम् ओशै विळवॊलि* तॊलैविल्लि मङ्गलम् कॊण्डु पुक्कु* अमुद मॆन् मॊळियाळै* नीर् उमक्काशै इन्रि अगट्रिनीर्* तिमिर् कॊण्डाल् ऒत्तु निर्कुम्* मट्रिवळ् देव देव पिरान् एन्रे* निमियुम् वायॊडु कण्गळ् नीर् मल्गा* नॆक्कॊशिन्दु करैयुमे॥२॥	आप इस मृदु भाषिणी प्रिय किशोरी को उत्सव की आवाज से गूंजते तुलैविल्ली मंगलम ले गये एवं इसे विना हृदय का छोड़ दिये।भावग्रस्त की नाई लेटी है तथा इसका होंठ 'देवदेवपिरान' कहता है तथा इसकी आंखे आंसू बहाती हैं। हाय ! यह गिरकर पिघल रही है। **3496**

करै कॉळ पैम् पॉळिल् तण् पणै॰ तॉलैविल्लि मङ्गलम् कॉण्डु पुक्कु॰ उरै कॉळ् इन् मॉळियाळै॰ नीर् उमक्काशै इन्रि अगट्रिनीर्॰ तिरै कॉळ् पौवत्तु च्चेरन्ददुम्॰ तिशै आलम् तावि अळन्ददुम्॰ निरैगळ् मेय्त्तदुमे पिदट्रि॰ नैडुम् कण्णीर् मल्ग निर्कुमे॥३॥	शीतल हरे बागों से भरे तुलैविल्ली मंगलम में इस चहकती चहेती किशोरी को ले जाकर हृदयहीन की तरह आपने छोड़ दिया। अश्रुपूरित नयनों के साथ खड़ी होकर धीरे से चरती गायों, धरा का मापना, एवं जल में शयन करने के बारे में प्रसंगहीन बात बोलती है। **3497**
निर्कुम् नान्मरै वाणर् वाळ्॰ तॉलैविल्लि मङ्गलम् कण्डपिन्॰ अर्कम् ऑन्रुम् अरिवुराळ्॰ मलिन्दाळ् कण्डीर् इवळ् अन्नैमीर्॰ कर्कुम् कल्वियॆल्लाम्॰ करुङ्गडल् वण्णन् कण्ण पिरान् एन्रे॰ ऑर्कम् ऑन्रुम् इलळ् उगन्दुगन्दु॰ उळ् मगिळ्न्दु कुळैयुमे॥४॥	वैदिक ऋषियों से भरे तुलैविल्ली मंगलम में जाकर यह अपना नियंत्रण खो बैठी तथा भावग्रस्त हो गयी। बढ़ते उत्साह से यह पुकारती रहती है 'श्याम वदन प्रभु' तब अति आनंदित होकर अचेत हो जाती है। **3498**
कुळैयुम् वाळ् मुगत्तेळैयै॰ तॉलैविल्लि मङ्गलम् कॉण्डु पुक्कु॰ इळै कॉळ् शोदि च्चेन्दामरै क्कण् पिरान्॰ इरुन्दमै काट्टिनीर्॰ मळै पॆय्दाल् ऑक्कुम् कण्ण नीरिनॊडु॰ अन्रु तॊट्टुम् मैयान्दु॰ इवळ् नुळैयुम् शिन्दैयळ् अन्नैमीर्!॰ तॊळुम् अत्तिशै उट्रु नोक्कियॆ॥५॥	सजनी तुमलोग इस मृदु एवं आभापूर्ण किशोरी को तुलैविल्ली मंगलम ले गयी तथा वहां कमलनयन एवं रत्नों की ज्योतिहरने वाले प्रभु का दर्शन करा दिया। तब से यह इस तरह से ध्यान मग्न रहती है। आंसू की वर्षा के साथ उस दिशा में देखकर सिर झुकाती है। **3499**
नोक्कुम् पक्कम् एल्लाम्॰ करुम्बॊडु शॆन्नॆल् ओङ्गु शॆन्दामरै॰ वाय्क्कुम् तण् पॊरुनल्॰ वडगरै वण् तॊलैविल्लि मङ्गलम्॰ नोक्कुमेल् अत्तिशै अल्लाल्॰ मरु नोक्किलळ् वैगल् नाळ्दॊरुम्॰ वाय्क्कॊळ् वाशगमुम्॰ मणिवण्णन् नाममे इवळ् अन्नैमीर्! ॥६॥	संपन्न तुलैविल्ली मंगलम शीतल पोरूनल के उत्तरी किनारा पर स्थित है जहां चारो ओर बड़े बड़े गन्ना, धान, एवं कमल होते हैं। उस महान दिन के बाद से उसी तरफ देखती हुई रात दिन मणिवर्ण वाले प्रभु के नाम बड़बड़ाती रहती है। **3500**
अन्नैमीर्! अणि मा मयिल्॰ शिरुमान् इवळ् नम्मै क्कैवलिन्दु॰ एन्न वार्त्तैयुम् केट्कुराळ्॰ तॊलैविल्लि मङ्गलम् एन्रल्लाल्॰ मुन्नम् नोट्र विदिगॊल्लो॰ मुगिल् वण्णन् मायम् कॊल्लो॰ अवन् शिन्नमुम् तिरुनाममुम्॰ इवळ् वायनगळ् तिरुन्दवे॥७॥	सजनी ! यह मृगनयनी मोरनी तुमलोगों के हाथ से निकल चुकी है। सिवाय तुलैविल्ली मंगलम के यह कुछ नहीं सुनती। उनके प्रतीक चिह्न तथा नाम इसके होठ पर निरंतर रहते हैं। हाय ! यह क्या इसके पूर्व के कर्म का फल है या प्रभु की मायापूर्ण युक्ति है ? **3501**
तिरुन्दु वेदमुम् वेळ्वियुम्॰ तिरु मा मगळिरुम् ताम्॰ मलि- न्दिरुन्दु वाळ् पॊरुनल्॰ वडगरै वण् तॊलैविल्लि मङ्गलम्॰ करुन् तडम् कण्णि कै तॊळुद॰ अन्नाळ् तॊडङ्गि इन्नाळ्दॊरुम्॰ इरुन्दिरुन्दरविन्द लोशन!॰ एन्रेन्रे नैन्दिरङ्गुमे॥८॥	प्रभु पोरूनल के श्रीसंपन्न उत्तरी किनारा पर स्थित विकासशील तुलैविल्ली मंगलम में वैदिक वाचकों एवं लक्ष्मी समान नारियों के बीच रहते हैं। जिस दिन से मृग समान काली आंख वाली इस लड़की ने उनकी पूजा की है हर दिन शांति से कहती है 'अरविंदलोचन' एवं तब गिरकर रोती है। **3502**

इरङ्गि नाळ्दोरुम्⋆ वाय्वॆरी इयिवळ् कण्ण नीर्गळ् अलमर⋆ मरङ्गळुम् इरङ्गु वगै⋆ मणिवण्णवो ! एन्रु कूवुमाल्⋆ तुरङ्गम् वाय् पिळन्दान् उरै⋆ तॊलैविल्लि मङ्गलम् एन्रु⋆ तन् करङ्गळ् कूप्पि तॊळुम्⋆ अव्वूर्त्तिरुनामम् कट्रदन् पिन्नैये॥९॥	जिस दिन से इस लड़की ने नगर का नाम जाना है रोकर अप्रासंगिक बात बोलती है 'हे मणिवण्णा'।इस तरह से चीखती है कि पेड़ भी पिघल जाये। बोलती है 'घोड़ा का जबड़ा चीरने वाले प्रभु तुलैविल्ली मंगलम में रहते हैं' एवं शांतिपूर्वक चुपचाप करबद्ध हो प्रार्थना रत हो जाती है। **3503**
पिन्नैगॊल् निल मा मगळ्कॊल्⋆ तिरुमगळ्कॊल् पिरन्दिट्टाळ्⋆ एन्न मायम् कॊलो⋆ इवळ् नॆडुमाल् एन्रे निन्रु कूवुमाल्⋆ मुन्नि वन्दवन् निन्रिरुन्दुरैयुम्⋆ तॊलैविल्लि मङ्गलम् शॆन्नियाल् वणङ्गुम्⋆ अव्वूर्त्तिरुनामम्⋆ केट्पदु शिन्दैये॥१०।	इस लड़की ने क्या ही चमत्कारिक जन्म पाया है ! पुकारती है 'प्रभु आप स्थायी रूप से तुलैविल्ली मंगलम में खड़े एवं बैठे मुद्रा में हैं।' अपना सिर झुका लेती है तथा केवल इस नगर का नाम सुनना चाहती है। क्या यह किशोरी नप्पिनाय है या भूदेवी है या लक्ष्मी है ? **3504**
शिन्दैयाल्लुम् शॊल्लाल्लुम् शॆय्गैयिनाल्लुम्⋆ देव पिरानैये⋆ तन्दै ताय् एन्रडैन्द⋆ वण् कुरुगूरवर् शडगोपन् शॊल्⋆ मुन्दै आयिरत्तुळ् इवै⋆ तॊलैविल्लि मङ्गलत्तै च्चॊन्न⋆ शॆन् तमिळ् पत्तुम् वल्लार्⋆ अडिमै शॆय्वार् तिरुमाल्लुक्के॥११॥	तुलैविल्ली मंगलम के प्रभु के बारे में शुद्ध तमिल हजार पद का यह दशक कुरूगुर शडगोपन के हैं जो विचार वचन एवं कर्म से प्रभु को अपनी मां एवं पिता के रूप में पा चुके हैं। जो इसे गायेंगे वे प्रभु की सेवा के अधिकारी होंगे। **3505** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

56 मालुक्कु (3506 - 3516)

तलैमगळै क्कुऱित्तु त्ताय् इरङ्गुदल्

नायकी की मां की भूमिका में - 6

मालुक्कु⋆ वैयम् अळन्द मणाळर्कु⋆ नील क्करु निऱ⋆ मेग नियायर्कु⋆ कोल च्चॅन्दामरै⋆ क्कण्णर्कु⋆ एन् कॉङ्गलरेल क्कुळलि⋆ इळन्ददु शङ्गे॥१॥	मेघ से श्याम दूल्हे प्रभु को जूड़े वाली हमारी गोरी बेटी ने अपना कंगना गंवा दी है, आपके सुन्दर अरूणाभ कमल के समान नयन हैं एवं आपने वामन रूप में धरा को मापा है। **3506**
शङ्गु विल् वाळ् तण्डु⋆ शक्कर क्कैयर्कु⋆ शॅङ्गनि वाय्⋆ च्चॅय्य तामरै कण्णर्कु⋆ कॉङ्गलर् तण्णन् तुळाय्⋆ मुडियानुक्कु⋆ एन् मङ्गै इळन्ददु⋆ मामैनिऱमे॥२॥	शंख चक्र गदा खड्ग धुनष धारी प्रभु को हमारी सुन्दर बेटी ने अपना गाल का गुलाबी रंग गंवा दी है, आपके सुन्दर अरूणाभ कमल के समान नयन हैं एवं मूंगा के समान होंठ हैं तथा आप अपने मुकुट पर मधु टपकते तुलसी फूल धारण करते हैं।**3507**
निऱम् करियानुक्कु⋆ नीडुलगुण्ड⋆ तिऱम् किळर् वाय्⋆ च्चिऱु क्कळ्ळन् कऱङ्गिय शक्कर⋆ क्कैयवनुक्कु⋆ एन् पिऱङ्गिरुम् कून्दल्⋆ इळन्ददु पीडे॥३।	हाथ में घूमते चक्र धारण करने वाले एवं छोटे मुंह से विश्व को निगलने वाले युक्तिविशारद श्याम प्रभु को जूड़े वाली हमारी बेटी ने अपनी मर्यादा गंवा दी है। **3508**
पीडुडै नान्मुगनै⋆ प्पडैत्तानुक्कु⋆ माडुडै वैयम् अळन्द⋆ मणाळर्कु⋆ नाडुडै मन्नरक्कु⋆ त्तूदु शॅल् नम्बिक्कु⋆ एन् पाडुडै अल्गुल्⋆ इळन्ददु पण्बे॥४॥	शक्तिशाली ब्रह्मा को बनाने वाले तथा धरा को मापने वाले अविवाहित प्रभु एवं शासक राजा के पास दूत बनकर जानेवाले को चौड़ी अधोभाग वाली हमारी बेटी ने अपने आचार व्यवहार गंवा दिये हैं।**3509**
पण्बुडै वेदम्⋆ पयन्द परनुक्कु⋆ मण् पुरै वैयम् इडन्द⋆ वरागर्कु⋆ तॅण् पुनल् पळ्ळि⋆ एम् देव पिरानुक्कु⋆ एन् कण्बुनै कोदै⋆ इळन्ददु कऱ्पे॥५॥	सुन्दर वेद प्रदान करने वाले एवं वराह के रूप में धरा को उठाने वाले तथा शुद्ध जल पर सोने वाले प्रभु को सुन्दर जूड़े वाली हमारी बेटी ने अपना मन गंवा दिया है ।**3510**
कर्पग क्कावन⋆ नर्पल तोळर्कु⋆ पॉन् शुडर् क्कुन्ऱन्न⋆ पून्दण् मुडियर्कु⋆ नर्पल तामरै⋆ नाण्मलर् क्कैयर्कु⋆ एन् विल् पुरुवक्कॉडि⋆ तोट्रदु मॅय्ये॥६॥	कल्पवृक्ष की तरह भुजाओं वाले एवं तेजोमय स्वर्ण के सुन्दर मुकुट वाले तथा नूतन प्रस्फुटित कमल समान हाथ वाले प्रभु को धनुष के समान भौंहे वाली हमारी सुकुमारी बेटी ने अपना तन गंवा दिया है ।**3511**

मॆय्यमर् पल् कलन्⋆ नन्गणिन्दानुक्कु⋆ पैयरविन् अणै⋆ प्पळ्ळियिनानुक्कु⋆ कैयॊडु काल् शॆय्य⋆ कण्ण पिरानुक्कु⋆ एन् तैयल् इळन्ददु⋆ तन्नुडै च्चाये॥७॥	अनेकों सुन्दर गहना वाले तथा फनधारी शय्या पर शयन करने वाले एवं अरूणाभ हाथ और चरण वाले कृष्ण प्रभु को हमारी गोरी सुन्दर बेटी ने अपना गहना गंवा दिया है । **3512**
शाय क्कुरुन्दम् ऑशित्त⋆ तमियर्कु⋆ माय च्चगडम् उदैत्त⋆ मणाळर्कु⋆ पेयै प्पिणम्पड⋆ प्पाल् उण् पिरानुक्कु⋆ एन् वाश क्कुळलि⋆ इळन्ददु माण्बे॥८॥	अकेले कुरून्दु पेड़ को उखाड़ने वाले एवं भरी गाड़ी को ध्वस्त करने वाले तथा शिशु रूप में राक्षसी का दूध पीकर उसके प्राण लेने वाले दूल्हा प्रभु को सुगंधित लटों वाली हमारी बेटी ने अपना सौंदर्य गंवा दिया है । **3513**
माण्बमै कोलत्तु⋆ एम् माय क्कुरळर्कु⋆ शेण् शुडर् क्कुन्रन्न⋆ शॆञ्जुडर् मूर्त्तिक्कु⋆ काण् पॆरुम् तोट्टत्तु⋆ एम् कागुत्त नम्बिक्कु⋆ एन् पूण्बुनै मॆन्मुलै⋆ तोट्रदु पॊर्पे॥९॥	सुन्दर दूलहा एवं काकुत्स्थ कुल भूषण तथा श्याम पर्वत की तरह ऊंचे प्रभु को आभूषित कोमल उरोज वाली हमारी बेटी ने अपना तेज गंवा दिया है । **3514**
पॊर्पमै नीळ् मुडि⋆ प्पून्दण् तुळायर्कु⋆ मर्पॊरु तोळ् उडै⋆ माय प्पिरानुक्कु⋆ निर्पन पल्लुरुवाय्⋆ निर्कु मायर्कु⋆ एन् कर्पुडैयाट्टि⋆ इळन्ददु कट्टे॥१०॥	सभी वस्तुओं में स्थित एवं मल्ल योद्धाओं को पराभव देने वाले चमत्कारी भुजाओं वाले ऊंचे मुकुट पर प्रस्फुटित तुलसी धारण किये प्रभु को हमारी मेधावी तीक्ष्ण बुद्धि की बेटी ने अपना सबकुछ गंवा दिया है । **3515**
कट्टॆळिल् शोलै⋆ नल् वेङ्गड वाणनै⋆ कट्टॆळिल् तॆन् कुरुगूर्⋆ च्चडगोपन् शॊल्⋆ कट्टॆळिल् आयिरत्तु⋆ इप्पत्तुम् वल्लवर्⋆ कट्टॆळिल् वानवर्⋆ पोगम् उण्बारे॥११॥	सुन्दर तेजोमय वेंकटम के प्रभु की प्रशस्ति में सुन्दर तेजोमय कुरूगुर के शडगोपन के सुन्दर तेजोमय हजार पद का यह दशक सुन्दर तेजोमय स्वर्गिक आनंद देता है। **3516** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

57 उण्णुज्जोरू (3517 - 3527)

तलैवनदु नगरनोक्कि च्चेन्र् मगळै क्कुरित्तु ताय् इरङ्गुदल्

नायकी की मां की भूमिका में - 7

तिरूक्कोलूर ः यह स्थान तमिलनाडु के आळवार तिरूनगरी के पास नव तिरूपति में से एक है तथा ताम्रपणी के दक्षिण में है। यह मधुराकवि आळवार का अवतार स्थल है। यहां भगवान भुजंग शयन मुद्रा में पूर्वाभिमुख हैं। आपको 'वैयत्तामानिधि' पेरूमल भी कहते हैं। कहते हैं पार्वती के शाप से कुबेर नवनिधि गंवाकर कुरूप एवं एक आंख वाले हो गये। कुबेर को छोड़कर शापवस नवनिधि धरा पर आ गये एवं पेरूमाल से संरक्षण पाये। जब कुबेर आकर यहां तपस्या किये तो भगवान प्रसन्न होकर निधि का कुछ अंश ही उनको वापस लौटाये एवं शेष स्वयं रखे। इसी लिये भगवान यहां तौलने वाले साधन के साथ सोये हैं एवं वैयत्तमानिधि कहे जाते हैं।

रामानुज स्वामी एक बार दर्शन के लिये यहां पधारे तो स्वागत में एक महिला भी नगर की सीमा पर आयी। साष्टांग करने पर रामानुज स्वामी ने नम्माळवार के तिरूवायमोळी के 6।7।1 का उदाहरण देकर बोला कि सब कोई तिरूक्कोलूर जाता है और आप वहां से बाहर आयीं हैं। उत्तर में उस महिला ने बड़ी गूढ़ बात कही। दोनों के बीच बातचीत लंबी चली जो 80 प्रश्नों तथा उसके उत्तर के रूप में 'तिरूक्कोलूर पेन पिल्ले रहस्यम' के नाम से संकलित है।

(Refer Ramesh vol. 4, pp 59)

उण्णुम् शोरु परुगुनीर्⋆ तिन्नुम् वॅट्रिलैयुम् एल्लाम् कण्णन्⋆ एम् पॅरुमान् एन्रॅन्रे⋆ कण्गळ् नीर् मल्गि⋆ मण्णिनुळ् अवन् शीर्⋆ वळम् मिक्कवन् ऊर् विनवि⋆ तिण्णम् एन् इळमान् पुगुम् ऊर्⋆ तिरुक्कोळूरे॥१॥	अश्रुपूरित आंखो से हमारी सुकुमारी मृगी बतायेगी 'हमारा भोजन तथा पेय एवं जो पान हम चबाते हैं सभी कृष्ण हैं।' धरा पर प्रभु के संपन्न यशस्वी नगर के बारे में पता करने के कम में निश्चित रूप से इसने तिरूक्कोलूर का मार्ग जान लिया है। **3517**
ऊरुम् नाडुम् उलगुम्⋆ तन्नैप्पोल् अवनुडैय⋆ पेरुम् तार्गळुमे पिदट्⋆ क्कर्पु वान् इडरि⋆ शेरुनल् वळम् शेर्⋆ पळन त्तिरुक्कोळूर्क्के⋆ पोरुम् कॉल् उरैयीर्⋆ कॉडियेन् कॉडि पूवैगळे॥२॥	अपनी तरह नगर एवं देश को प्रभु का नाम एवं प्रतीक चिह्न के बारे में बोलते रहने के लिये इसने अपना मर्यादा खो दिया है। उपजाऊ खेतों वाले तिरूक्कोलूर में हमारी लाड़ली अवश्य पहुंच गयी होगी। हाय ! अभागिनी में ! हे मैना ! बताओ, क्या वह वापस आयेगी ? **3518**
पूवै पैङ्गिळिगळ्⋆ पन्दु तूदैपूम् पुट्टिल्कळ्⋆ यावैयुम् तिरुमाल्⋆ तिरुनामङ्गळे कूवियॅळुम्⋆ एन् पावै पोयिनि⋆ त्तण् पळन त्तिरुक्कोळूर्क्के⋆ कोवैवाय् तुडिप्प⋆ मळै क्कण्णॊडॆन् शॅय्युङ्गॊलो॥३॥	इसके मैना, तोता, गेंद, खिलौना, फूल का गमला, सभी प्रभु ही थे तथा सब को प्रभु के नाम से पुकारती थी। हाय ! मेरी गुड़िया अब उपजाऊ तिरूक्कोलूर में है। बरसती आंखें एवं फड़कते होंठ के साथ क्या करती होगी ? **3519**

कॉल्लै एन्बरगॉलो⋆ कुणम् मिक्कनळ् एन्बरगॉलो⋆ शिल्लै वाय् प्पॆण्डुगळ्⋆ अयल् शेरियुळ्ळारुम् एल्ले⋆ शॆल्वम् मल्गि अवन् किडन्द⋆ तिरुक्कोळूरक्के⋆ मॆल्लिडै नुडङ्ग⋆ इळमान् शॆल्ल मेविनळे॥ ४ ॥	अब क्या होगा ? पड़ोस की बातें क्या इसे मूर्खता की संज्ञा देंगी या ऊंचा कर्तव्य मानेगी ? हाय ! मेरी मृगी अपनी कमर हिलाते तिरूक्कोलूर जाने को निश्चित कर चुकी है जहां प्रभु अपार संपति के साथ रहते हैं। **3520**
मेवि नैन्दु नैन्दु विळैयाडलुऱाळ्⋆ एन् शिऱु त्तेवि पोय्⋆ इनि त्तन् तिरुमाल्⋆ तिरुक्कोळूरिल्⋆ पूवियल् पॊळिलुम्⋆ तडमुम् अवन् कोयिलुम् कण्डु⋆ आवियुळ् कुळिर⋆ एङ्ङने उगक्कुङ्गॊल् इन्ऱे॥ ५ ॥	मेरी छोटी देवी अपने खिलौनों को त्याग कर दिनानुदिन क्षीण होती गयी। अब अपने प्रभु के साथ तिरूक्कोलूर के मंदिर में होगी जहां चारो तरफ फूल के बाग एवं जल सरोवर वर्तमान हैं। आज पता नही वह कितना प्रसन्न होगी ? **3521**
इन्ऱॆनक्कुदवादगन्ऱ⋆ इळमान् इनिप्पोय्⋆ तॆन् दिशै त्तिलदम् अनैय⋆ तिरुक्कोळूरक्के शॆन्ऱु⋆ तन् तिरुमाल् तिरुक्कण्णुम्⋆ शॆव्वायुम् कण्डु⋆ निन्ऱु निन्ऱु नैयुम्⋆ नॆडुम् कण्गळ् पनि मल्गवे॥ ६ ॥	मेरी छोटी मृगी अब हमारे किसी काम की नहीं है। हमें छोड़कर वह तिरूक्कोलूर चली गयी है जहां प्रभु दक्षिण के तिलक के रूप में खड़े हैं। क्या प्रभु की अरूणाभ नयन एवं होंठ के दर्शन की प्रतीक्षा में अपनी आंखों में आंसू भरे अचेत खड़ी होगी ? **3522**
मल्गु नीर् कण्णोडु⋆ मैयल् उट्ऱ मनत्तनळाय्⋆ अल्लुनन् पगलुम्⋆ नॆडुमाल् एन्ऱळैत्तिनि प्पोय्⋆ शॆल्वम् मल्गि अवन् किडन्द⋆ तिरुक्कोळूरक्के⋆ ऑल्गि ऑल्गि नडन्दु⋆ एङ्ङने पुगुङ्गॊल् ओशिन्दे॥ ७ ॥	अश्रु बहते नेत्रों एवं चाह भरे हृदय से रात दिन वह बोलेगी 'मूल प्रभु'। अब वह तिरूक्कोलूर चली गयी है जहां प्रभु संपन्नता के बीच रहते हैं। हाय ! अपने लड़खड़ाते कदम एवं क्षीण वदन से कैसे वह वहां पहुंची होगी ? **3523**
ऑशिन्द नुण्णिडै मेल्⋆ कैयै वैत्तु नॊन्दु नॊन्दु⋆ कशिन्द नॆञ्जिनळाय्⋆ क्कण्ण नीर् तुळुम्ब च्चॆल्लुङ्गॊल्⋆ ऑशिन्द ऑण् मलराळ्⋆ कॊळुनन् तिरुक्कोळूरक्के⋆ कशिन्द नॆञ्जिनळाय्⋆ एम्मै नीत्त एम् कारिगैये॥ ८ ॥	कमर पर हाथ रखे, कष्ट से अपने कदमों को खींचते हुए, क्या वह उबलते हृदय तथा जलती आंखों के साथ कमलनिवासिनी लक्ष्मी के साथ रहने वाले तिरूक्कोलूर के प्रभु के पास गयी होगी ? हाय ! हमारी बेटी ने अपने प्रेम के कारण हमारा त्याग कर दिया है। **3524**
कारियम् नल्लनगळ्⋆ अवै काणिल् एन् कण्णनुक्कॆन्ऱु⋆ ईरियाय् इरुप्पाळ् इदॆल्लाम्⋆ किडक्क इनिप्पोय्⋆ शेरि पल् पळि तूयिरैप्प⋆ त्तिरुक्कोळूरक्के⋆ नेरिळै नडन्दाळ्⋆ एम्मै ऑन्ऱुम् निनैत्तिलळे॥ ९ ॥	जितनी अच्छी वस्तुयें होंगी वह अपने कृष्ण के लिये रखती थी। सब को पीछे छोड़कर सभी लोकापवाद को सुनते हुए वह तिरूक्कोलूर चली गयी है। हाय ! हम लोगों के लिये उसे कोई चिंता नहीं है। **3525**

निनैक्किल्लेन् देय्वङ्गाळ्⋆ नॆडुङ्गण् इळमान् इनिप्पोय्⋆ अनैत्तुलगुम् उडैय⋆ अरविन्द लोचननै⋆ तिनैत्तनैयुम् विडाळ्⋆ अवन् शेर् तिरुक्कोळूरक्के⋆ मनैक्कु वान् पळियुम् निनैयाळ्⋆ शॆल्ल वैत्तनळे॥१०॥	हे देवगन ! मैं समझ नहीं पाती कि कैसे हमारी मृगी सब कुछ छोड़कर स्वयं अकेली तिरूक्कोलूर चली गयी है। एक क्षण के लिये भी कभी वह अपने 'अरविंदलोचन' को नहीं छोड़ेगी। हाय ! उसने कभी नहीं सोचा कि कुल पर कितना धब्बा लगा है ? **3526**
‡वैत्त मा निदियाम्⋆ मदुशूदनैये अलट्रि⋆ कॊत्तलर् पॊळिल् शूळ्⋆ कुरुगूर् च्चडगोपन् शॊन्न⋆ पत्तु नूट्रुळ् इप्पत्तु⋆ अवन् शेर् तिरुक्कोळूरक्के⋆ शित्तम् वैत्तुरैप्पार्⋆ तिगळ् पॊन् उलगाळ्वारे॥११।	तिरूक्कोलूर के प्रभु वैत्तामानिधि एवं मधुसूदन की प्रशस्ति में बाग वाले कुरूगुर के शडगोपन के हजार पद का यह दशक उनलोगों को दिव्य धरा का शासनाधिकार प्रदान करेगा जो इसे याद कर लेंगे। **3527** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

58 पोन्नुलगु (3528 - 3538)

तिरूनाडु मुदलियवट्रिल् तलैमगळ् परवैगळे तूदुविडल्

(नायकी भाव में)

पॊन्नुलगाळीरो⋆ पुवनि मुळुदाळीरो⋆ नन्नल प्पुळ्ळिनङ्गाळ् !⋆ विनैयाट्टियेन् नान् इरन्देन्⋆ मुन्नुलगङ्गळ् एल्लाम् पडैत्त⋆ मुगिल्वण्णन् कण्णन्⋆ एन् नलम् कॊण्ड पिरान् तनक्कु⋆ एन् निलैमै उरैत्ते॥१॥	एकत्रित श्रेय पक्षीगन ! तुम लोग सुनहले धरती एवं स्वर्ग पर राज्य करो। अभागा प्रेमी कृष्ण तुम्हें बुलाते हैं जिन्होंने विश्व का निर्माण किया एवं मेरी कुशलता चुरा ली है।जाओ एवं मेरी दयनीय स्थिति के बारे में बताओ। **3528**
मैयमर् वाळ् नॆडुङ्गण्⋆ मङ्गैमार् मुन्बॆन् कैयिरुन्दु⋆ नॆय्यमर् इन्नडिशिल्⋆ निच्चल् पालोडु मेवीरो⋆ कैयमर् शक्करत्तु⋆ एन् कनिवाय् पॆरुमानै क्कण्डु⋆ मॆय्यमर् कादल् शॊल्लि⋆ क्किळिगाळ् ! विरैन्दोडि वन्दे॥२॥	हमारे तोतागन ! इन मीननयनी के समक्ष मैं प्रतिज्ञा करती हूं कि अपने हाथ से मक्खन मिश्रित खीर तुम्हें खिलाऊंगी। विनती है, वैर समान होंठ वाले चक्रधारी प्रभु को खोजो।उन्हें हमारे प्रेम के बारे में बताकर शीघ्र आ जाओ। **3529**
ओडिवन्दॆन् कुळल्मेल्⋆ ऒळि मा मलर् ऊदीरो⋆ कूडिय वण्डिनङ्गाळ् !⋆ कुरुनाडुडै ऐवर्गाय्⋆ आडिय मा नॆडुम् तेर्प्पडै⋆ नीर्ऎळ शॆट्ट पिरान्⋆ शूडिय तण् तुळवम् उण्ड⋆ तू मदु वाय्गाळ् कॊण्डे॥३॥	हे समूह प्रेमी मधुमक्खी गन ! जाओ और प्रभु द्वारा धारण किये तुलसी फूल से मधु का सेवन करो। उन्होंने पांडव के लिये महान सेना के विरूद्ध युद्ध में रथ चलाया। शीघ्र लौटकर हमारे जूड़े के फूल पर उनका सुगंध विखेरो। **3530**
तू मदु वाय्गाळ् कॊण्डुवन्दु⋆ एन् मुल्लैगळ्मेल् तुम्बिगाळ्⋆ पू मदुवुण्ण च्चॆल्लिल्⋆ विनैयेनै प्पॊय्ज्ञॆय्दगन्र्⋆ मा मदुवार् तण्डुळाय्मुडि⋆ वानवर् कोनै क्कण्डु⋆ याम् इदुवो तक्कवार्ऎन्नवेण्डुम्⋆ कण्डीर् नुङ्गट्के॥४॥	हे भौंरा गन ! अगर तुम हमारे मुल्लै फूल का अमृत पीना चाहते हो तो प्रभु को खोजो जिन्होंने हमारे साथ छल कर हमारा त्याग कर दिया। वे अपने मुकुट पर सुगंधित तुलसी धारण करते हैं। उन्हें बताओ कि प्रेमी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाता। **3531**
नुङ्गट्कु यान् उरैक्केन् वम्मिन्⋆ यान् वळर्त्त किळिगाळ्⋆ वॆङ्गण् पुळ्ळूर्न्दु वन्दु⋆ विनैयेनै नॆञ्जम् कवर्न्द⋆ शॆङ्गण् करुमुगिलै⋆ च्चॆय्य वाय् च्चॆळुङ्गर्पगत्तै⋆ एङ्गु च्चॆन्रागिलुम् कण्डु⋆ इदुवो तक्कवार्ऎन्मिने॥५॥	हे तोतागन ! मैंने तेरा पालन पोसन किया है।हम तुम्हें कुछ सीख देते हैं। प्रभु गरूड़ की सवारी से आये और हमारे धूर्त हृदय को चुरा ले गये। उनकी आंखें एवं होठ लाल हैं, श्याम वर्ण के हैं तथा वे कल्पवृक्ष की तरह दिखते हैं। जाकर प्रभु को जहां कहीं हों खोजो एवं उन्हें बताओ 'यही उचित मार्ग है'। **3532**

<table>
<tr><td>एऩ् मिऩ्ऩु नूल् मार्वऩ्⋆ एऩ् करुम् पॆरुमाऩ् एऩ् कण्णऩ्⋆
तऩ् मऩ्ऩु नीळ् कळल्मेल्⋆ तण्डुळाय् नमक्कऩ्ऱि नल्गाऩ्⋆
कऩ्मिऩ्गाळ् एऩ्ऱुम्मै याऩ्⋆ कर्पियावैत्त माट्रम् शॊल्लि⋆
शॆऩ्मिऩ्गाळ् तीविऩैयेऩ्⋆ वळर्त्त शिऱु पूवैगळे॥६॥</td><td>हे छोटी मैना ! इसी धूर्त ने तेरा पालन पोसन किया है।हमारे तेजोमय वक्षस्थल वाले श्याम कृष्ण अपने दिव्य चरणारविंद की तुलसी से तुम्हें वंचित नहीं रखेंगे।हमने जो सिखाया उसे रास्ते भर दुहराते जाओ एवं जाकर उनसे कहो। 3533</td></tr>
<tr><td>पूवैगळ् पोल् निऱत्तऩ्⋆ पुण्डरीकङ्गळ् पोलुम् कण्णऩ्⋆
यावैयुम् यावरुमाय्⋆ निऩ्ऱ मायऩ् एऩ्ऩाळि पिराऩ्⋆
मावै वल् वाय् पिळन्द⋆ मदुशूदर्कॆऩ् माट्रम् शॊल्लि⋆
पावैगळ् ! तीर्क्किट्रिरे⋆ विऩैयाट्टियेऩ् पाशरवे॥७॥</td><td>हमारे प्रिय खिलौने ! घोड़े का जबड़ा फाड़ने वाले मधुसूदन प्रभु के पास क्या तू नहीं जाओगे औ मेरा संवाद देकर हमारी दयनीय स्थिति का अंत करोगे ? मेरे प्रभु पुवै फूल की तरह श्याम हैं, इनकी आंखें कमल की पंखुड़ी जैसी हैं एवं ये चक्रधारी प्रभु सबमें सबजगह स्थित हैं। 3534</td></tr>
<tr><td>पाशर्वॆय्दि इऩ्ऩे⋆ विऩैयेऩ् एऩै ऊळि नैवेऩ्⋆
आशऱु तूवि वॆळ्ळै क्कुरुगे !⋆ अरुळ् शॆय्यॊरुनाळ्⋆
माशऱु नील च्चुडर् मुडि⋆ वाऩवर् कोऩै क्कण्डु⋆
एशऱुम् नुम्मै अल्लाल्⋆ मऱुनोक्किलळ् पेर्त्तुमट्रे॥८॥</td><td>श्वेत पंख वाले पक्षी ! विनती है, मेरी सहायता करो। अपने प्रेम से वंचित होकर कितने युगों तक मैं इस तरह से पीड़ित रहूंगी ? जाकर सावधानीरहित निर्मल वर्ण के तेजोमय मुकुट वाले प्रभु का दर्शन कर बताओ 'यह किशोरी आपके सिवा किसी का दर्शन नहीं करती'। 3535</td></tr>
<tr><td>पेर्त्तु मट्रोर् कळैगण्⋆ विऩैयाट्टियेऩ् नाऩॊऩ्ऱिलेऩ्⋆
नीर् त्तिरैमेल् उलवि⋆ इरै तेरुम् पुदाविऩङ्गाळ्⋆
कार् त्तिरळ् मा मुगिल् पोल् कण्णऩ्⋆ विण्णवर् कोऩै क्कण्डु⋆
वार्त्तैगळ् कॊण्डरुळि उरैयीर्⋆ वैगल् वन्दिरुन्दे॥९॥</td><td>जल में कीड़े पकड़ती बत्तकी पक्षी का समूह ! अभागिन मैं, उनके सिवा मेरा कोई संरक्षक नहीं है। जाकर वर्षा के मेघ के समान श्याम कृष्ण तथा स्वर्गिकों के देव से मिलो। आकर शीघ्र उनकी बातों को ज्यों का त्यों मुझे बताओ। 3536</td></tr>
<tr><td>वन्दिरुन्दुम्मुडैय⋆ मणि च्चेवलुम् नीरुम् एल्लाम्⋆
अन्दरम् ऒऩ्ऱुम् इऩ्ऱि⋆ अलर्मेल् अशैयुम् अऩ्ऩङ्गाळ्⋆
एऩ् तिरु मार्वर्कॆऩ्ऩै⋆ इऩ्ऩावारिवळ् काण्मिऩ् एऩ्ऱु⋆
मन्दिरत्तॊऩ्ऱुणर्त्ति उरैयीर्⋆ मऱु माट्रङ्गळे॥१०॥</td><td>जल के कमल में क्रीड़ा करते सुन्दर हंस ! तू अपने धवल प्रिया तथा सभी परिवार के साथ जाकर वक्षवस्थल पर लक्ष्मी को धारण करने वाले प्रभु को उनके गर्भगृह में जाकर दर्शन कर उन्हें बताओ 'यह किशोरी ऐसी… ऐसी है'। वापस आकर वे क्या बोले मुझे बताओ। 3537</td></tr>
<tr><td>‡माट्रङ्गळ् आयन्दु कॊण्डु⋆ मदुशूद पिराऩ् अडिमेल्⋆
नाट्रङ्गॊळ् पूम् पॊळिल् शूळ्⋆ कुरुगूर् च्चडगोपऩ् शॊऩ्ऩ⋆
तोट्रङ्गळ् आयिरत्तुळ्⋆ इवैयुम् ऒरु पत्तुम् वल्लार्⋆
ऊट्रिऩ्गाण् नुण् मणल् पोल्⋆ उरुगानिर्पर् नीराये॥११॥</td><td>सुगंधित बागों के कुरूगुर के शडगोपन को आत्मसाक्षात्कार से प्राप्त होने वाले मधुसूदन के चरणारविंद पर समर्पित ये अतिप्रिय शब्दों से विरचित हजार गीतों का यह दशक हृदय को जल में बालू की तरह द्रवित करता है। 3538

नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्</td></tr>
</table>

श्रीमते रामानुजाय नमः **59 नीराय् निलनाय् (3539 - 3549)** **केट्टोर् नेञ्जम् नीराय् उरूगम वण्णम् आळ्वार एम्पेरूमानै क्कूप्पिडुदल्**	
नीराय् निलनाय्⋆ तीयाय् क्कालाय् नेडुवानाय्⋆ शीरार् शुडर्कळ् इरण्डाय्⋆ च्चिवनाय् अयन् आनाय्⋆ कूरार् आळि वेण् शङ्गेन्दि⋆ क्कॊडियेन्वाल् वाराय्⋆ ऒरुनाळ् मण्णुम् विण्णुम् मगिळवे॥१॥	प्रभु ! आप ज्योतिपुंज, शिव, ब्रह्मा, धरा, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश बन गये। एक दिन इस धूर्त के पास शंख चक्र हाथ में लिये आप नहीं आयेंगे जिससे कि स्वर्ग एवं धरा पर खुशी में उत्सव मनाया जाये ? **3539**
मण्णुम् विण्णुम् मगिळ⋆ क्कुरळाय् वलम् काट्टि⋆ मण्णुम् विण्णुम् कॊण्ड⋆ माय अम्माने⋆ नण्णि उनै नान्⋆ कण्डुगन्दु कूत्ताड⋆ नण्णि ऒरुनाळ्⋆ ञालत्तूडे नडवाये॥२॥	विस्मयकारी प्रभु ! आपने धरा एवं आकाश पर अधिकार कर लिया। वामन स्वरूप में आपने पृथ्वी पर अपनी शक्ति दिखाई। विनती है, एक दिन पुनः इस पृथ्वी पर कदमों से चलिये। आपको छूने एवं आपके दर्शन लाभ से हम आनंद में नाचेंगे। **3540**
ञालत्तूडे नडन्दुम् निन्ऱुम्⋆ किडन्दिरुन्दुम्⋆ शाल प्पल नाळ्⋆ उगन्दोऱुयिर्गळ् काप्पाने⋆ कोल त्तिरुमा मगळोडु⋆ उन्नै क्कूडादे⋆ शाल प्पल नाळ्⋆ अडियेन् इन्नम् तळर्वेनो॥३॥	प्रभु ! हर युग में सबों की आपने रक्षा की है। हम आपको चलते, खड़े, बैठे एवं शयन करते देखते हैं। कमल निवासिनी लक्ष्मी के साथ प्रभु कितने दिन हम विछुड़कर रहेंगे ? **3541**
तळर्न्दुम् मुरिन्दुम्⋆ शगड अशुरर् उडल् वेरा⋆ पिळन्दु वीय⋆ त्तिरु क्काल् आण्ड पेरुमाने⋆ किळर्न्दु पिरमन् शिवन्⋆ इन्दिरन् विण्णवर् शूळ⋆ विळङ्ग ऒरुनाळ्⋆ काण वाराय् विण्मीदे॥४॥	आपने असुरों को ऐंठकर कूचकर उनका नाश किया। अपने चरण से दुष्ट गाड़ी को ध्वस्त किया। कम से कम एक दिन शिव ब्रह्मा इन्द्र एवं सभी देवों से घिरकर आकाश में प्रकट होइये। **3542**
विण्मीदिरुप्पाय् ! मलैमेल् निर्पाय् !⋆ कडल् शेर्प्पाय्⋆ मण्मीदुळल्वाय् !⋆ इवट्रुळ् एङ्गुम् मरैन्दुरैवाय्⋆ एण् मीदियन्र् पुरवण्डत्ताय् !⋆ एनदावि⋆ उळ् मीदाडि⋆ उरुक्काट्टादे ऒळिप्पायो॥५॥	प्रभु ! आप आकाश में बैठते हैं, पर्वत पर खड़ा होते हैं, जल में शयन करते हैं, एवं धरती पर चलते हैं। छिपे हुए आप सब में स्थित हैं। प्रभु ! अनेकों अनगिनत लोकों में भी स्थित हैं। हममें मिले हुए क्या हमसे छिपे रहेंगे ? **3543**

पायोर् अडिवैत्तदन् कीळ्⋆ प्परवै निलम् एल्लाम् ताय्⋆ ओर् अडियाल्⋆ एल्ला उलगुम् तडवन्द मायोन्⋆ उन्नै क्काण्बान्⋆ वरुन्दि एनै नाळुम्⋆ तीयोडु उडन्शेर् मॆळुगाय्⋆ उलगिल् तिरिवेनो॥६॥	प्रभु ! एक पग में आपने धरा एवं सागर को पार कर लिया।एक पग में फैलकर ऊपर के लोक में छा गये। प्रभु ! कितने दिन हम आपके दर्शन के लिये तड़पते रहेगे ? हाय ! आग में मोम की तरह पिघलकर हम पृथ्वी पर घूमते हैं। **3544**
उलगिल् तिरियुम् करुम गतियाय्⋆ उलगमाय्⋆ उलगुक्के ओर् उयिरुम् आनाय्⋆ पुरवण्डत्तु⋆ अलगिल् पॊलिन्द⋆ दिशै पत्ताय अरुवेयो⋆ अलगिल् पॊलिन्द⋆ अरिविलेनुक्करुळाये॥७॥	आप पृथ्वी पर घूमने वाले कर्म की आत्मा हैं। आप विश्व की आत्मा हैं। आप स्वरूपविहीन होकर दस गोल एवं उससे आगे भी हैं। विनती है, अंतहीन अज्ञान वाले इस तुच्छ जीव पर कृपा कीजिये। **3545**
अरिविलेनुक्करुळाय्⋆ अरिवार् उयिर् आनाय्⋆ वॆरि कॊळ् शोदि मूर्त्ति !⋆ अडियेन् नॆडुमाले⋆ किरिशॆय्दॆन्नै प्पुरत्तिट्टु⋆ इन्नम् कॆडुप्पायो⋆ पिरिदॊन्ररिया अडियेन्⋆ आवि तिगैक्कवे॥८॥	मर्त्यो की आत्मा ! इस अज्ञानी पर कृपा कीजिये। अनंत तेज के सुगंधित प्रतीक प्रभु ! क्या अभी भी दूर रह कर आप अपनी युक्ति से हमारी हत्या करेंगे ? हाय ! कोई अन्य को नहीं जानने पर भी हमारी आत्मा पीड़ित है। **3546**
आवि तिगैक्क⋆ ऐवर् कुमैक्कुम् शिट्रिन्पम्⋆ पावियेनै⋆ प्पल नी काट्टि प्पडुप्पायो⋆ तावि वैयम् कॊण्ड⋆ तडम् तामरैगट्के⋆ कूवि क्कॊळ्ळुम् कालम्⋆ इन्नम् कुरुगादो॥९॥	इन्द्रियों के सुख से हमारी आत्मा पीड़ित है। क्या अभी भी आप हमारा नाश अलग रहकर करेंगे ? जिसने फैलकर धरा माप दिया क्या उस चरणाविंद से जुड़ने का समय नहीं आया है ? **3547**
कुरुगा नीळा⋆ इरुदि कूडा एनैयूळि⋆ शिरुगा पॆरुगा⋆ अळविल् इन्बम् शेरन्दालुम्⋆ मरु काल् इन्रि मायोन्⋆ उनक्के आळागुम्⋆ शिरु कालत्तै उरुमो⋆ अन्दो तॆरियिले॥१०॥	प्रभु ! अनेकों अंतहीन युगों तक, जो न बढ़ता है, और न घटता है, मैं आत्मानंद में बना रहता ! हाय! सोचने पर ऐसा लगता है, क्या यह सब आपकी थोड़ी देर की निष्काम सेवा के भी तुलना के योग्य है ? **3548**
तॆरिदल् निनैदल्⋆ एण्णल् आगा त्तिरुमालुक्कु⋆ उरिय तॊण्डर् तॊण्डर्⋆ तॊण्डन् शडगोपन्⋆ तॆरिय च्चॊन्न⋆ ओर् आयिरत्तुळ् इप्पत्तुम्⋆ उरिय तॊण्डर् आक्कुम्⋆ उलगम् उण्डार्के॥११॥	दर्शन, ध्यान, एवं अनुभव से परे प्रभु की प्रशस्ति में भक्तों के भक्त के भक्त कुरूगुर शडगोपन को आत्मसाक्षात्कार हुए हजार पद का यह दशक पृथ्वी को निगलने वाले प्रभु का चरण प्रदान करता है। **3549** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः **60 उलगम् उण्ड (3550 - 3560)** **तिरूवेङ्गडमुडैयानदु तिरूवडिगळिल् शरणम् पुगुदल्**	
उलगम् उण्ड पॆरुवाया !⋆ उलप्पिल् कीर्त्ति अम्माने⋆ निलवुम् शुडर् शूळ् ऑळि मूर्त्ति !⋆ नॆडियाय् ! अडियेन् आरुयिरे⋆ तिलदम् उलगुक्काय् निन्ऱ⋆ तिरुवेङ्गडत्तॆम् पॆरुमाने⋆ कुल तॊल् अडियेन् उन पादम्⋆ कूडुमारु कूराये॥१॥	धरा को निगलने वाले चिरंतन गौरव के प्रभु ! तेजोमय ज्ञान के चरम प्रतीक ! हमारी आत्मा के नाथ ! धरती का तिलक के रूप में आप वेंकटम में खड़े हैं। विनती है, आपके चरणारविंद तक पहुंचने का इस बंधुआ जीव को अनुमति दीयिये। **3550**
कूराय् नीराय् निलन् आगि⋆ क्कॊडुवल् अशुरर् कुलम् एल्लाम्⋆ शीरा एरियुम् तिरु नेमि वलवा !⋆ तॆय्व क्कोमाने⋆ शेरार् शुनै त्तामरै शॆन्दी मलरुम्⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ आरा अन्विल् अडियेन्⋆ उन् अडिशेर् वण्णम् अरुळाये॥२॥	स्वर्गिकों के देव ! आप हाथ में भयानक चक्र धारण करते हैं जो दुष्ट असुर को काट कर, टुकड़े टुकड़े कर, तथा पीस कर धूल में मिला दिया। सरोवरों से घिरे वेंकटम के प्रभु जहां अग्नि समान कमल खिले रहते हैं। कृपा कीजिये जिससे कि प्रेमपूरित यह दास आपके चरणारविंद से जुड़ सके। **3551**
वण्ण मरुळ् कॊळ् अणि मेग वण्णा !⋆ माय अम्माने⋆ एण्णम् पुगुन्दु तित्तिक्कुम् अमुदे !⋆ इमैयोर् अदिवदिये⋆ तॆण्णल् अरुवि मणि पॊन् मुत्तलैक्कुम्⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ अण्णले ! उन् अडिशेर⋆ अडियेकॊवा एन्नाये ! ॥३॥	स्वर्गिकों के देव ! मेघ वर्ण के सुन्दर नैसर्गिक प्रभु ! अमृत, आश्चर्यमय प्रभु, चेतन मन से शीघ्र समझे जाने वाले। वेंकटम के प्रभु जहां नदियां मणि मुक्ता एवं स्वर्ण बहाकर लाती हैं। मेरे प्रभु ! मेरे बारे में जानकारी प्राप्त कर अपने चरण से जोड़ लीजिये। **3552**
आवा एन्नादुलगत्तै अलैक्कुम्⋆ अशुरर् वाणाळ्मेल्⋆ तीवाय् वाळि मळै पॊळिन्द शिलैया !⋆ तिरु मा मगळ् केळ्वा तेवा⋆ शुरर्गळ् मुनि क्कणङ्गळ् विरुम्बुम्⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ पूवार् कळल्गळ् अरुविनैयेन्⋆ पॊरुन्दुमारु पुणराये॥४॥	कमलनिवासिनी लक्ष्मी के नाथ ! आपने अग्नि बाणों की वर्षा से पृथ्वी को पीड़ित करने वाले हृदयहीन असुरों का अंत किया। वेंकटम के प्रभु जो देव असुर एवं मुनि से पूजित हैं। विनती है, इस क्षुद्र जीव को अपने चरणारविंद का मार्ग बताइये। **3553**
पुणरा निन्ऱ मरम् एळ्⋆ अन्ऱॆय्द ऑरुविल् वलवावो⋆ पुणरेय् निन्ऱ मरम् इरण्डिन्⋆ नडुवे पोन मुदल्वावो⋆ तिणरार् मेगम् एनक्कळिरु शेरुम्⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ तिणरार् शारङ्गत्तुन पादम्⋆ शेर्वदडियेन् एन्नाळे॥५॥	सात वृक्षों को एक वाण से छेदने वाले दक्ष धनुर्धर! मरूदु वृक्षों में घुसने वाले प्रथम प्रभु ! वेंकटम के प्रभु जहां हाथी घने बादल के समान दिखते हैं। भारी शारंग धनुष को धारण करने वाले प्रभु ! कब आपके चरणारविंद को पा सकेंगे ? **3554**

ए॒न्नाळे नाम्॒ मण्णळन्द⋆ इणै त्तामरैगळ्॒ काण्बदर्॒केन्ऱु⋆ ए॒न्नाळुम्॒ निन्ऱिमैयोर्गळ्॒ ए॒त्ति⋆ इरैञ्जि इनम्॒ इनमाय्॒⋆ मॆयन्ना मनत्ताल्॒ वळिवाडु शॆय्युम्॒⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ मॆयन्नान्॒ ए॒य्दि ए॒न्नाळ्॒⋆ उन्॒ अडिक्कण्॒ अडियेन्॒ मेवुवदे॥६॥	वेंकटम के प्रभु जहां स्वर्गिक हर दिन मन से वचन से कर्मसे प्रशस्ति गाकर आपकी पूजा करते हैं। पृथ्वी को पार करने वाले चरण के दर्शन की चाह है। ओह ! कब वह दिन होगा जब हम आपसे अलग न होने के लिये मिल जायेंगे ? **3555**
अडियेन्॒ मेवि अमर्गिन्ऱ अमुदे !⋆ इमैयोर्॒ अदिबदिये⋆ कॊडिया अडु पुळ्॒ उडैयाने !⋆ कोल क्कनिवाय्॒ प्पॆरुमाने⋆ शॆडियार्॒ विनैगळ्॒ तीर्॒ मरुन्दे !⋆ तिरुवेङ्गडत्तॆम्॒ पॆरुमाने⋆ नॊडियार्॒ पॊळुदुम्॒ उन पादम्॒⋆ काण नोलादाट्ऱेने॥७॥	स्वर्गिकों के देव, हमारे अमृत, हमारे प्रेम के लिये स्थित प्रभु, गरूड़ ध्वज एवं सुन्दर वैर जैसे होंठ वाले प्रभु, कर्म के घास की औषध वेंकटम के प्रभु ! आपके चरण के दर्शन के बिना अब ज्यादा हम नहीं सह सकेंगे। **3556**
नोलादाट्ऱेन्॒ उन पादम्॒⋆ काणवॆन्ऱु नुण्॒ उणर्विल्॒⋆ नील्लार्॒ कण्डत्तम्मानुम्॒⋆ निरै नान्मुगनुम्॒ इन्दिरनुम्॒⋆ शेल्लेय्॒ कण्णार्॒ पल्लर्॒ शूळ विरुम्बुम्॒⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ माल्लाय्॒ मयक्कि अडियेन्बाल्॒⋆ वन्दाय्॒ पोल्ले वाराये॥८॥	हाय ! बिना योग्यता के ही हम आपके चरणाविंद के लिये तड़प रहे हैं। नीलकंठ शिव, चतुरानन, सूक्ष्म बुद्धि के इन्द, तथा अनेकों मीननयनी किशोरियां स्वेछा से आपको सर्वदा घेरे रहते हैं। वेंकटम के प्रभु ! आइये, जैसे आप पहले आये थे, एवं जादू से मुग्ध कर दीजिये। **3557**
वन्दाय्॒ पोल्ले वारादाय्॒ !⋆ वारादाय्॒ पोल्॒ वरुवाने⋆ शॆन्॒ तामरै क्कण्॒ शॆङ्गनि वाय्॒⋆ नाल्॒ तोळ्॒ अमुदे ! ए॒नदुयिरे⋆ शिन्दा मणिगळ्॒ पगर्॒ अल्लै प्पगल्॒ शॆय्॒⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ अन्दो ! अडियेन्॒ उन पादम्॒⋆ अगलगिल्लेन्॒ इरैयुमे॥९॥	जब आने का आभास होता है आप कभी नही आते। आभास होने पर आप आते भी हैं।मेरे अमृत प्रभु, कमल सी आंख, मूंगा जैसे होंठ, चार भुजाओं वाले प्रभु ! वेंकटम के प्रभु जहां तेजोमय मणि रात को दिन में बदल देते हैं। हाय ! हम आपके चरणारविंद से एक क्षण का भी अलगाव सह नहीं सकते। **3558**
‡अगलगिल्लेन्॒ इरैयुम्॒ ए॒न्ऱु⋆ अलर्॒मेल्॒ मङ्गै उरै मार्बा⋆ निगरिल्॒ पुगळाय्॒ ! उलगमून्ऱुडैयाय्॒ !⋆ ए॒न्नै आळ्वाने⋆ निगरिल्॒ अमरर्॒ मुनि क्कणङ्गळ्॒ विरुम्बुम्॒⋆ तिरुवेङ्गडत्ताने⋆ पुगल्॒ ऒन्ऱिल्ला अडियेन्॒⋆ उन्॒ अडिक्कीळ्॒ अमर्॒न्दु पुगुन्देने॥१०॥	आप अपने वक्षस्थल पर अलग न होने वाली कमलनिवासिनी लक्ष्मी को धारण करते हैं। अतुलनीय यश वाले, तीनों लोक को धारण करने वाले, स्वर्गिकों एवं महान ऋषियों के चहेते, वेंकटम के प्रभु ! आपके चरण पर गिरकर यह आश्रयविहीन जीव अपना आश्रय पा गया है। **3559**
‡अडि क्कीळ्॒ अमर्॒न्दु पुगुन्दु⋆ अडियीर्॒ ! वाळ्मिन्॒ ए॒न्ऱॆन्ऱरुळ्॒ कॊडुक्कुम्॒⋆ पडिक्केळ्॒ इल्ला प्पॆरुमानै⋆ प्पळन क्कुरुगूर्॒ च्चडगोबन्॒⋆ मुडिप्पान्॒ शॊन्न आयिरत्तु⋆ त्तिरुवेङ्गडत्तुक्किवै पत्तुम्॒⋆ पिडित्तार्॒ पिडित्तार्॒ वीट्रिरुन्दु⋆ पॆरिय वानुळ्॒ निलावुवरे॥११॥	अपने चरण मे आश्रय प्रदान करने वाले वेंकटम प्रभु की प्रशस्ति में कुरूगुर शडगोपन के संपूर्ण हजार पद का यह दशक सर्वदा वैकुंठ का आनंद देता है। **3560** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

61 उण्णिलाविय (3561 – 3571)

इन्दिरियङ्गळाल् इन्नुम् एत्तनै नाळ् तुन्बुरूवेन् एन्रू आळवार् वरन्दल्

पांच अजेय इन्द्रियां

‡उण्णिलाविय ऐवराल् कुमैदीट्टि⋆ एन्नै उन् पाद पङ्गयम्⋆ नण्णिला वगैये⋆ नलिवान् इन्नुम् एण्णुगिन्राय्⋆ एण्णिला प्पॆरुमायने ! इमैयोर्गळ् एत्तुम्⋆ उलग मून्रुडै⋆ अण्णले ! अमुदे ! अप्पने !⋆ एन्नै आळ्वाने ! ॥१॥	अनंत श्रेयस्वान प्रभु ! स्वर्गिकों से पूजे जाने वाले तीनों लोक के प्रभु ! इस शरीर के पांच इन्द्रियों के माध्यम से आप वेदना देते हैं।अपने चरणाविंद से अलग करके आप अभी भी हमें यातनाग्रस्त किये हुए हैं। हे हमारे अमृत, हमारे माता एवं पिता ! **3561**
एन्नै आळुम् वन्गो ओर् ऐन्दिवै पॆय्दु⋆ इराप्पगल् मोदु वित्तिट्टु⋆ उन्नै नान् अणुगावगै⋆ शॆय्दु पोदि कण्डाय्⋆ कन्नले ! अमुदे ! कार् मुगिल् वण्णने !⋆ कडल् ञालम् काक्किन्र⋆ मिन्नुनेमियिनाय् !⋆ विनैयेनुडै वेदियने ! ॥२॥	रात दिन कष्ट देते हुए आपने पांच अत्याचारी राजाओं को हम पर राज करने के लिये छोड़ दिया है। गन्ना के रस, श्याम प्रभु, धरा एवं सागर के संरक्षक, तेजपूर्ण चक्र को धारण करने वाले ! इस पापी के वैदिक प्रभु ! आपने यह निश्चित व्यवस्था कर दी है कि हम आपके चरणाविंद तक नहीं पहुंच पायें। **3562**
वेदियानिर्कुम् ऐवराल्⋆ विनैयेनै मोदुवित्तु⋆ उन् तिरुवडि शादियावगै⋆ नी तडुत्तॆन् पॆरुदियन्दो⋆ आदियागि अगल् इडम् पडैत्तु⋆ उण्– डुमिळन्दु कडान्दडान्दट्ट⋆ शोदि नीळ् मुडियाय् !⋆ तॊण्डनेन् मदुशूदनने ! ॥३॥	आपने पांच इन्द्रियों को बैठाकर हमारे राह का रोड़ा बनाया है। आप प्रथम कारण हैं। इस विश्व को बनाकर आपने इसे मापा तथा ऊपर उठाया।ऊंचे मुकुट के प्रभु एवं इस दास के अपने मधुसूदन ! हाय ! हमें अपने चरण से दूर रखकर आपको क्या लाभ मिलेगा ? **3563**
शूदु नान् अरियावगै⋆ शुळट्टियोर् ऐवरै काट्टि⋆ उन्नडि प्पोदु नान् अणुगावगै⋆ शॆय्दु पोदि कण्डाय्⋆ यादुम् यावरुम् इन्रि निन्नगम्बाल् ऒडुक्कि⋆ ओर् आलिन् नीळ् इलै⋆ मीदु शेर् कुळवि !⋆ विनैयेन् विनैदीर् मरुन्दे ! ॥४॥	आपने पांच इन्द्रियों को हमारे इर्द गिर्द बंधन की तरह बैठाकर बच निकलने की कोई संभावना नहीं छोड़ी। बिना किसी को छोड़े हुए आपने सभी बस्तुओं एवं प्राणियों को अपने भीतर रखा एवं शिशु की नाई जल पर तैरते बटपत्र पर सो गये। हमारे कर्म की औषध ! आपने अपने चरण तक पहुंचने में हमें असमर्थ बना रखा है। **3564**
तीर् मरुन्दिन्रि ऐन्दु नोय् अडुम्⋆ शॆक्किल् इट्टु त्तिरिक्कुम् ऐवरै⋆ नेर् मरुङ्गुडैत्ता अडैत्तु⋆ नॆगिळिप्पान् ऒक्किन्राय्⋆ आर् मरुन्दिनि आगुवर्⋆ अडल् आळि एन्दि अशुरर् वन् कुलम्⋆ वेर् मरुङ्गरुत्ताय् !⋆ विण्णूळार् पॆरुमानेयो ! ॥५॥	पांच इन्द्रियां एक विशाल गोल घूमने वाले झूले पर हमें घुमाकर रोगग्रस्त कर देती हैं। स्वर्गिकों के प्रभु ! आपने असुर कुल का संहार किया। तेजोमय चक्रवाले प्रभु ! अब कौन हमारी औषधि होंगे ? हाय ! आप फांसी देने वाले की तरह आगे पीछे एवं पार्श्व को कसकर जकड़ देते हैं। **3565**

<table>
<tr><td>विण्णुळार् पॆरुमार्कॆडिमै शॆय्वारैयुम्
शॆरुम्⋆ ऐम्बुलन् इवै⋆
मण्णुळ् एन्नै प्पॆट्टाल्⋆ एन् शॆय्या मट्टु नीयुम् विट्टाल्⋆
पण्णुळाय्! कवि तन्नुळाय्!⋆ पत्तियिन् उळ्ळाय्!
परमीशने⋆ वन्दॆन्
कण्णुळाय्! नॆञ्जुळाय्!⋆ शॊल्लुळाय्! ऒन्ऱु शॊल्लाये॥६</td><td>पांच इन्द्रियां आपकी पूजा करने वाले स्वर्गिकों को भी यातना देती हैं। विशेषकर जब आपने भी हमें अलग छोड़ दिया है तो धरावासियों को वे क्या नहीं क्षति पहुंचायेंगे? महान प्रभु ! आप संगीत, कविता एवं भक्ति में छिपे हैं। हम आपको अपनी आंखों में देखते हैं। अब हृदय मे देखते हैं तथा अपने शब्दों में देखते हैं। विनती है, एक शब्द हमसे बोलिये। **3566**</td></tr>
<tr><td>ऒन्ऱु शॊल्लि ऒरुत्तिनिल् निर्किलाद⋆
ओर् ऐवर् वन् कयवरै⋆
एन्ऱु यान् वॆल्गिर्पन्⋆ उन् तिरुवरुळ् इल्लैयेल्⋆
अन्ऱु देवर् अशुरर् वाङ्ग⋆ अलै कडल्
अरवम् अळावि⋆ ओर्
कुन्ऱम् वैत्त एन्दाय्!⋆ कॊडियेन् परुगु इन्नमुदे! ॥७॥</td><td>ये चंचल इन्द्रियां एक रास्ते या एक लक्ष्य पर नहीं टिकतीं। हमारे प्रिय अमृत ! आपने देवों एवं असुरों के साथ गहरे में बैठाये हुए एक पर्वत पर नाग को लपेट कर सागर का मंथन किया। हाय ! अगर आपकी करूणा नहीं होगी तो हम कैसे इन्द्रियों पर नियंत्रण रख पायेंगे। **3567**</td></tr>
<tr><td>इन्नमुदॆन त्तोन्ऱि⋆ ओर् ऐवर् यावरैयुम्
मयक्क⋆ नी वैत्त
मुन्न मायम् एल्लाम्⋆ मुळु वेर् अरिन्दु⋆ एन्नैयुन्
शिन्नमुम् तिरु मूर्त्तियुम्⋆ शिन्दि त्तेत्ति
कै तॊळवे अरुळ् एनक्कु⋆
एन्नम्मा! एन् कण्णा!⋆ इमैयोर् तम् कुलमुदले! ॥८॥</td><td>आपकी दी हुई पांच इन्द्रियां किसी को प्रिय अमृत देने के बहाने धोखे में रख सकती हैं।हमारे नाथ, हमारे कृष्ण, स्वर्गिकों के नाथ ! कालातीत माया से मुक्त करने की कृपा कीजिये जिससे कि हम आपके प्रतीक अस्त्र एवं स्वरूप पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकें। **3568**</td></tr>
<tr><td>कुल मुदल् अडुम् तीविनै⋆ क्कॊडुवन् कुळियिनिल्
वीळक्कुम् ऐवरै⋆
वल मुदल् कॆडुक्कुम्⋆ वरमे तन्दरुळ् कण्डाय्⋆
निलमुदल् इनि एव्वुलगुक्कुम्⋆ निर्पन
शॆल्वन एन⋆ प्पॊरुळ्
पल मुदल् पडैत्ताय्!⋆ एन् कण्णा! एन् परञ्जुडरे! ॥९॥</td><td>पांच इन्द्रियां देवों को भी पाप के गड्ढ़े में डाल देती हैं। मेरे कृष्ण, मेरे तेजोमय ज्योति ! आपने धरा बनाई, सब लोक, गतिमान तथा स्थिर सब कुछ बनाया। पांचो को उनकी शक्ति एवं सब कुछ के साथ विनाश की कृपा कीजिये । विनती है, हमारी बात सुनलें। **3569**</td></tr>
<tr><td>एन् परञ्जुडरे! एन्ऱुन्नै अलट्टि⋆
उन् इणै त्तामरैगट्कु⋆
अन्बुरुगि निर्कुम्⋆ अदु निर्क च्चुमडु तन्दाय्⋆
वन् परङ्गळ् एडुत्तैवर्⋆ दिशै दिचै
वलित्तॆट्टुगिन्ऱनर्⋆
मुन् परवै कडैन्दु⋆ अमुदम् कॊण्ड मूर्त्तियो! ॥१०॥</td><td>प्रभु आपने सागर मंथन कर अमृत देवों को दिया। हम आपकी गाथा गाते हुए प्रेम से द्रवित हो आपके चरणाविंद पर समर्पित हो जाना चाहते हैं। इसके बदले आपने हमें यह लोथड़ा ढ़ोने के लिये तथा इसके वजन से दब जाने के लिये छोड़ दिया है। ओह ! ये पांच हमें घोर तूफान की ओर खींचती हैं तथा हमें कष्टपूर्ण प्रताड़ना देती हैं। **3570**</td></tr>
</table>

कौंण्ड मूर्त्ति ओर् मूवराय्* क्कुणङ्गळ् पडै– त्तळित्तु क्केंडुक्कुम्* अप्– पुण्डरीकप् कौंप्पूळ्* पुनल् पळ्ळि अप्पनुक्के* तौंण्डर् तौंण्डर् तौंण्डर् तौंण्डन्* शडगोपन् शौंल् आयिरत्तुळ् इप्पत्तुम्* कण्डु पाड वल्लार्* विनैपोम् कङ्गुलुम् पगले॥११॥	भक्तों के भक्त के भक्त कुरूगुर शडगोपन के हजार पद का यह दशक बनाने, पालन करने, एवं संहार करने वाले तीनों गुणों से संपन्न प्रभु की प्रशस्ति गाते हैं। जो इनका दिन रात गान करेंगे वे कर्मो का क्षय प्राप्त करेंगे। **3571** **नम्माळवार तिरूवडिगळे शरणम्**

श्रीमते रामानुजाय नमः

62 कङ्गुलुम् पगलुम् (3572 -3582)

तलैवियन् निलैगण्ड ताय् अरङ्गरै प्पारत्तु विनादल्

नायकी की मां 8

कङ्गुलुम् पगल्लुम् कण् तुयिल् अरियाळ्* कण्ण नीर् कैगळाल् इरैक्कुम्* शङ्गु शक्करङ्गळ् एन्रु कै कूप्पुम्* तामरै क्कण् एन्रे तळरुम्* एङ्गने तरिक्केन् उन्नै विट्टेन्नुम्* इरु निलम् कै तुळाविरुक्कुम्* शेङ्गयल् पाय् नीर् त्तिरुवरङ्गत्ताय् !* इवळ् तिरत्तेन् शेय्गिन्राये॥१॥	नाचती मछलियों के जल में शयन करने वाले तिरूवरंगम के प्रभु! हमारी बेटी को क्या कर दिया है आपने ? रात दिन वह सोती नहीं। चुल्लु भर भर कर आंसू फेंकते हुए हाथ जोड़कर कहती है 'चक्र' तब 'कमल वाले प्रभु' एवं अचेत हो जाती है। 'आपके विना हम कैसे रहेंगे?' रोती है एवं धरती का सहारा लेती है। **3572**
एन् शेय्गिन्राय् एन् तामरै क्कण्णा ! एन्नुम्* कण्णीर् मल्ग इरुक्कुम्* एन् शेय्वोन् एरि नीर् त्तिरुवरङ्गत्ताय् एन्नुम्* वेव्वुयिर्त्तुयिर्त्तुरुगुम्* मुन् शेय्द विनैये ! मुगप्पडाय् एन्नुम्* मुगिल्वण्णा ! तगुवदो एन्नुम्* मुन् शेय्दिव्वुलगम् उण्डुमिळ्न्दळन्दाय् !* एङ्गॊलो मुडिगिन्रदिवट्के॥२॥	आंखों में आंसू भरकर पूछती है 'कमल वाले प्रभु! हमारे लिये क्या कर रहे हैं ? ' फिर 'हे रंगा ! मैं क्या करूं ?' भारी उसांस के साथ रोती है। 'हे मेरे कर्म ' चीखती है। 'श्याम प्रभु आइये, क्या यह उचित है ?' आपने धरा बनाया निगल गये फिर बाहर निकाल दिया तथा मापा। इसके लिये अंत कैसा होगा ? **3573**
वट्किलळ् इरैयुम् मणिवण्णा ! एन्नुम्* वानमे नोक्कुम् मैयाक्कुम्* उट्कुडै अशुरर् उयिर् एल्लाम् उण्ड* ऑरुवने ! एन्नुम् उळ्ळुरुगुम्* कट्किली ! उन्नै क्काणुमारुळाय्* कागुत्ता ! कण्णने ! एन्नुम्* तिण्कॊडि मदिळ् शूळ् तिरुवरङ्गत्ताय् !* इवळ्तिरत्तेन् शेय्दिट्टाये॥३॥	लाज छोड़कर कहती है 'मणि प्रभु' आकाश में देखकर उसांस लेती है। 'असुरों के विनाशक प्रभु !' तब रोने लगती है। 'हे मेरे कृष्ण !, काकुत्स्थ, आईये हम आपको यहां देखना चाहते हैं'। दीवारों से घिरे हे रंगा ! आपने इसके साथ क्या किया है ? **3574**
इट्ट काल् इट्ट कैगळाय् इरुक्कुम्* एळुन्दुलाय् मयङ्गुम् कै कूप्पुम्* कट्टमे कादल् एन्रु मूर्च्चिक्कुम्* कडल्वण्णा ! कडियैगाण् एन्नुम्* वट्ट वाय् नेमि वलङ्गैया ! एन्नुम्* वन्दिडाय् एन्रेन्रे मयङ्गुम्* शिट्टने ! शेळु नीर् त्तिरुवरङ्गत्ताय् !* इवळ्तिरत्तेन् शिन्दित्ताये॥४॥	जैसे छोड़ी गयी थी उसी अवस्था में रहती है। उठती है, गिरती है, फिर हाथ जोड़ती है 'यह प्रेमी, वेदना है' कहती है, फिर अचेत हो जाती है। 'अदृश्यमान सागर के प्रभु' 'प्रभामंडल वाले

	चक के प्रभु'। 'कृपया आइये' इस तरह से कहती हुई अचेत हो जाती है। धवल जल पर सोने वाले हे रंगा ! इसके लिये आपकी क्या मंशा है ? **3575**
शिन्दिक्कुम् तिगैक्कुम् तेरुम् कै कूप्पुम्* तिरुवरङ्गत्तुळ्ळाय् ! एन्नुम् वन्दिक्कुम्* आङ्ग मळैक्कण्णीर् मल्गा* वन्दिडाय् एन्रॆन्रे मयङ्गुम्* अन्दिप्पोदवुणन् उडल् इडन्दाने !* अलै कडल् कडैन्द आरमुदे* शन्दित्तुन् शरणम् शार्वदे वलित्त* तैयलै मैयल् शॆय्दाने ! ॥५॥	सोचने लगती है, अचेत हो जाती है, एवं होश में आती है। करवद्ध होकर बोलती है 'अरंगम में' । उस दिशा में झुकती है एवं वर्षा की तरह आंसू बहाती है। कहती है 'आओ पिरीती' फिर अचेत हो जाती है। हिरण्य की छाती फाड़ने वाले, दुर्लभ अमृत, सागर मथने वाले, आपने एक महान किशोरी को तड़पा दिया है, इसे अब अपने चरण में ले लीजिये। **3576**
मैयल् शॆय्दॆन्नै मनम् कवर्न्दाने ! एन्नुम्* मा मायने ! एन्नुम्* शॆय्य वाय् मणिये ! एन्नुम्* तण् पुनल् शूळ् तिरुवरङ्गत्तुळ्ळाय् ! एन्नुम्* वॆय्य वाळ् तण्डु शङ्गु शक्करम् विल् एन्दुम्* विण्णोर् मुदल् ! एन्नुम्* पै कॊळ् पाम्बणैयाय् ! इवळ् तिरत्तरुळाय्* पावियेन् शॆयर्पालदुवे ॥६॥	शेषशायी प्रभु ! इस किशोरी पर करूणा दिखाइये। कहती है 'प्रभु आप हमारा हृदय चुराकर ले गये'। 'हे लाल होंठ एवं मणि वर्ण के प्रभु' 'शीतल जल से घिरे अरंगम में शयन करने वाले प्रभु'। 'स्वर्गिकों के प्रभु शंख चक गदा खड्ग एवं धनुष वाले'। हाय ! हमारे कर्म का दोष है। **3577**
पाल तुन्बङ्गळ् इन्बङ्गळ् पडैत्ताय् !* पट्टिलार् पट्ट निन्राने* काल शक्करत्ताय् ! कडल् इडम् कॊण्ड* कडल्वण्णा ! कण्णने ! एन्नुम्* शेल् कॊळ् तण् पुनल् शूळ् तिरुवरङ्गत्ताय् ! एन्नुम्* एन् तीर्त्तने ! एन्नुम्* कोल मा मळैक्कण् पनि मल्ग इरुक्कुम्* एन्नुडै क्कोमळ क्कॊळुन्दे ॥७॥	हमारी कोमल राजकुमारी बड़ी बड़ी आंखों से आंसू बहाते बैठती है। कहती है 'प्रभु ने सुख एवं दुख दोनों बनाया एवं प्रेमहीन से भी प्रेम किये गये'। 'कालचक धारण करने वाले तथा सागर में शयन करने वाले' 'शीतल जल में मछली वाले पावन तीर्थस्थल श्रीरंगम के हे कृष्ण'। **3578**

कॉळुन्दु वानवर्गट्कॅन्नुम्⋆ कुन्रेन्दिक्को निरै कात्तवन् ! एन्नुम्⋆ अळुम्दॉळुम् आवि अनल वेव्वुयिरक्कुम्⋆ अञ्जन वण्णने ! एन्नुम्⋆ एळुन्दु मेल् नोक्कि इमैप्पिलळ् इरुक्कुम्⋆ एङ्गने नोक्कुगेन् एन्नुम्⋆ शॅळुन् तडम् पुनल् शूळ् तिरुवरङ्गत्ताय् !⋆ एन् शॅय्गेन् एन् तिरुमगट्के॥८॥	हे रंगा! हम अपनी बहुमूल्य बेटी के लिये क्या करें ? कहती है 'देवों के नाथ आपने गायों की रक्षा के लिये पर्वत उठा लिया'। रोती है गर्म उसांस लेती है जैसे कि अपनी आत्मा को सुखा देगी। कहती है 'हे प्रभु कैसे आपका दर्शन करू ?' तब ऊपर एकटक देखती है। **3579**
एन् तिरुमगळ् शेर् मार्वने ! एन्नुम्⋆ एन्नुडै आवियेे ! एन्नुम्⋆ निन् तिरुवॅयिट्टाल् इडन्दु नी कॉण्ड⋆ निलमगळ् केळ्वने ! एन्नुम्⋆ अन्रुरुवेळुम् तळुवि नी कॉण्ड⋆ आय्मगळ् अन्बने ! एन्नुम्⋆ तॅन तिरुवरङ्गम कोयिल कॉण्डाने !⋆ तॅळिगिलेन मुडिविवळ तनक्के॥९॥	दक्षिण के मंदिर के हे रंगा ! कहती है 'मेरी आत्मा' 'अपने दाढ़ों पर उठा लेने वाले भू देवी के दूलहा' 'आपके वक्षस्थल पर स्थित कमल निवासिनी लक्ष्मी के नाथ' 'गोपकुमारी के प्रेमी जिसे आपने सात वृषभों का शमन कर प्राप्त किया'। हाय ! हम इसके लक्ष्य को समझ नहीं सकते। **3580**
